

07:03:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज >> 12 मूल्य >> 3 रुपये >> वर्ष >> 14 अंक >> 065 epaper.rashtriyakhabar.com फाल्गुन, शुक्लपक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत 2079

## चाणक्य नीति

न वेत्ति यो यस्य गुणप्रकर्षं स तं सदा निन्दति नाऽत्र चित्रम्।

यथा किराती करिकुम्भजाता मुक्ताः परित्यज्य विभर्ति गुञ्जाः॥

भावार्थ : जिसे किसी के गुणों की श्रेष्ठता का ज्ञान नहीं, वह सदा उसकी निंदा करता रहता है। उसके ऐसा करने से किसी को आश्चर्य नहीं होता, जैसे भीलनी हाथी के मस्तक में उत्पन्न होनेवाली गजमुक्ता को छोड़कर घुंघुचियों की माला ही धारण करती है।

## छुट्टी की सूचना

पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभेच्छुओं को वसंतोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं। राष्ट्रीय खबर हमारी नजर का कार्यालय 7 व 8 मार्च को बंद रहेगा। 8 व 9 मार्च का अंक आपको उपलब्ध नहीं होगा। पाठकों को अगला अंक 10 मार्च को उपलब्ध होगा। संपादक

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 32.00 °c | 16.00 °c |

सूर्यास्त (आज) >> 17 .53 बजे

सूर्योदय (कल) >> 06 .06 बजे

## बलूचिस्तान में आत्मघाती हमला नौ की मौत

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को एक आत्मघाती हमले में नौ सुरक्षाकर्मी मौत हो गयी और 10 अन्य घायल हो गए। सिबी जिला के पुलिस अधिकारी यूसुफ करीम भानघर ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि यह घटना बोलन जिले में हुई। उन्होंने बताया कि हमलावर ने सिबी जिले सीमा क्षेत्र में बलूचिस्तान कांस्टेबुलरी अर्धसैनिक बल के ट्रक में विस्फोटक से लदी मोटरसाइकिल से टक्कर मार दी। श्री भानघर ने कहा कि ट्रक में सवार 22 जवानों को हमलावर ने फ्लाईओवर के पास निशाना बनाया। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में घटना के बारे में अलर्ट जारी करते हुए सिबी और बोलन जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि बात की जांच की जा रही कि हमलावर को सैनिकों की आवाजाही के बारे में जानकारी कैसे मिली।

## उमेश पाल हत्याकांड में शामिल शूटर ढेर

**लखनऊ :** राजूपाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या में शामिल एक और शूटर को प्रयागराज पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने सोमवार को कौंधियारा थाना क्षेत्र में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद मार गिराया। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने पत्रकारों को बताया कि एक सूचना के आधार पर कौंधियारा,खीरी और शंकरगढ़ थाने के पुलिस ने विजय चौधरी उर्फ उस्मान की घेराबंदी की और उससे आत्मसमर्पण के लिये कहा मगर उसने पुलिस पर फायर करते हुये भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में उस्मान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान शूटर की मृत्यु हो गयी। उन्होने बताया कि मृतक शूटर को 24 फरवरी को उमेश पाल पर गोली चलाते देखा गया था। उस पर पुलिस ने 50 हजार रूपये का इनाम घोषित किया था। बदमाश की गोली से नरेन्द्र नामक सिपाही घायल हुआ है जिसका इलाज किया जा रहा है।

## असम में 50 लाख रुपये के नकली नोट के साथ एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** असम में बारपेटा पुलिस ने नकली नोटों के एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है जिसमें एक कथित मनी लॉन्ड्रर को 50 लाख रुपये के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान मुस्तफिजुर रहमा के रूप में हुई है।उसे कोलगछिया के शवपुर पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि आरोपी जाली नोट की आपूर्ति करने के लिए हावली से अभयपुरी जा रहा था।रहमान जो एक व्यवसायी है उस पर पिछले कुछ समय से अवैध व्यापार में शामिल होने का आरोप है। पुलिस अब राज्य में नकली नोट तस्करों के नेटवर्क का पता लगाने के लिए मामले की आगे की जांच कर रही है।दूसरी ओर, असम पुलिस ने नगांव के जाखलाबंधा में 20 करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। नागांव पुलिस ने रविवार को नागांव के जाखलाबंधा में देर रात छापेमारी के दौरान कम से कम 18 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**अदालत** आबकारी घोटाले में सीबीआई की रिमांड की अवधि पूरी हुई

# दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम सिसोदिया तिहाड़ जेल गये

- अदालत ने उन्हें कुछ इजाजत दी है
- सीबीआई ने फिर से रिमांड मांगी थी
- हाईकोर्ट मे मामले की सुनवाई 10 को

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को तिहाड़ जेल भेज दिया गया है। आज अदालत में पेश किये जाने के साथ ही सीबीआई की रिमांड की अवधि भी पूरी हो चुकी थी। इस मामले में अगली सुनवाई अब बीस मार्च को होगी। इसलिए होली का त्योहार मनीष सिसोदिया जेल में ही मनायेंगे। सोमवार को सिसोदिया को सीबीआई की रिमांड खत्म होने पर राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया था। सुनवाई के बाद सिसोदियो को पुलिस सुरक्षा के बीच तिहाड़ जेल ले जाया गया। उन्हें गीता, डायरी और पेन रखने की इजाजत दी है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर दवाएं रखने की भी इजाजत मिली है।कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला सुनाया। सिसोदिया की अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ही पेशी होगी। दरअसल, चार मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की सीबीआई रिमांड को दो दिन और बढ़ा दिया था। हालांकि सीबीआई ने अदालत से मनीष सिसोदिया को तीन और दिनों के लिए रिमांड पर देने की मांग की थी। अदालत ने सिसोदिया द्वारा दायर जमानत पर सीबीआई को नोटिस भी जारी किया। सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई 10 मार्च को होगी। इस बीच सिसोदिया और आम आदमी पार्टी की तरफ से जबरन प्रताड़ित करने तथा एक ही सवाल बार बार पूछने के अलावा उनपर सादे कागजों पर हस्ताक्षर करने का दबाव डालने तक की शिकायत की गयी है। दिल्ली में शराब नीति मामले में गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एक सप्ताह से सीबीआई की हिरासत में हैं। सिसोदिया को गिरफ्तारी के बाद पांच दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेज दिया गया था। उन्हें शनिवार को अदालत में पेश किया गया था, विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने केंद्रीय एजेंसी को दो और दिनों के लिए अपनी रिमांड पर भेजा था। इस मामले में सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था लेकिन शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका सुनने से इंकार करते हुए मामले को उच्च न्यायालय में दाखिल करने की बात कही थी।

>> पेज 2 भी देखें




### सीबीआई के पास कोई सबूत नहीं है :सिसोदिया

इस मुद्दे पर अब सीबीआई को इतने दिनों के रिमांड से क्या कुछ जानकारी मिल पायी है, यह पता नहीं चल पाया है। इसके पहले भी सीबीआई ने कई बार सिसोदिया के यहां छापामारी की थी लेकिन उसमें भी सीबीआई को इस मामले से संबंधित कुछ साक्ष्य हाथ लगे हैं, इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गयी है। दूसरी तरफ खुद सिसोदिया तथा आम आदमी पार्टी बार बार यह आरोप लगा रही है कि दरअसल सीबीआई के पास कोई सबूत नहीं है। भाजपा के दबाव में केंद्रीय एजेंसियां इस किस्म की हरकतें कर रही हैं। वैसे मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद कई प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने भी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग पर प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है।

चुनाव आयोग का फैसला आने के बाद पहली बार जनसभा में गरजे उद्धव

# चुनाव आयोग की नहीं बाला साहब की पार्टी है शिवसेना




राष्ट्रीय खबर

**मुंबईः** चुनाव आयोग का फैसला एकनाथ शिंदे गुट के पक्ष में आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने पहली बार जनसभा को संबोधित किया। इस क्रम में उन्होंने अपने समर्थकों की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए साफ शब्दों में कहा कि दरअसल हर किसी को यह समझना होगा कि शिवसेना की स्थापना बालासाहब ठाकरे ने की थी। यह चुनाव आयोग द्वारा स्थापित पार्टी नहीं है। शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे ने कहा, शिवसेना पार्टी की स्थापना चुनाव आयोग के पिता ने नहीं की थी, यह काम मेरे पिता ने किया था हालांकि सीधे तौर पर नहीं कहा गया है, लेकिन यह स्पष्ट है कि उद्धव ने अपने अधिकारों के विषय को पार्टी के नाम पर खींच लिया है। वहीं उद्धव ने उन्हें वह अधिकार देने के बजाय शिवसेना के बागी नेता और महाराष्ट्र के मौजूदा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खेमे को देने के लिए आयोग की आलोचना भी की. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब चुना लगाओ यानी मूर्ख आयोग बन गया है। वे अब केंद्र में सत्ताधारी दल की कठपुतली हैं। उन्हें खुश करने का काम करता है। चुनाव आयोग के आदेश पर शिवसेना का नाम और चुनाव चिन्ह गंवाने के बाद उद्धव ने रविवार को अपनी पहली जनसभा की। उनकी मीटिंग महाराष्ट्र के खेड़े में थी। वहीं, उद्धव ने आयोग को फटकार लगाते हुए कहा कि आयोग ने जिस नीति से यह फैसला लिया है वह पूरी तरह से गलत है. आयोग शिवसेना का नाम और सिंबल वापस ले सकता है। लेकिन आप मुझे शिवसेना से अलग नहीं कर सकते। इस बाबत उद्धव ने केंद्र की सत्ताधारी पार्टी और पुराने गठबंधन सहयोगी भाजपा पर

>> पेज 2 भी देखें

जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में सक्रियता बढ़ी

# सीबीआई ने राबड़ी देवी से की पूछताछ

राष्ट्रीय खबर



**पटनाः** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी से आज उनके सरकारी आवास पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने के मामले में पूछताछ की । आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि सीबीआई की टीम सुबह श्रीमती राबड़ी देवी के सरकारी आवास 10 सर्कुलर रोड पहुंची और उनसे जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने के मामले में करीब चार घंटे तक पूछताछ की । इस दौरान उनके आवास के बाहर राजद के कार्यकर्ता धरना पर बैठे रहे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे । सीबीआई ने श्रीमती राबड़ी देवी को इस मामले में पूछताछ के लिए नोटिस दिया था। पहले यह पूछताछ सीबीआई कार्यालय में होनी थी

>> पेज 2 भी देखें

## विपक्ष की आवाज दबा रही है भाजपा : प्रियंका

राष्ट्रीय खबर



नयी दिल्लीः कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का काम कर रही है और जो उनके दबाव में नहीं आता है उन्हें सरकारी एजेंसियों के माध्यम से तंग किया जाता है। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि विपक्ष को निशाना बनाया जा रहा है और उन्हें झुकने के लिए कहा जा रहा है लेकिन जो झुकने को तैयार नहीं होते उन्हें परेशान किया जाता है। अब यही बर्ताव बिहार में पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और श्रीमती राबड़ी देवी के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो विपक्षी नेता भाजपा के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं,

>> पेज 2 भी देखें

समुद्री खरपतवार का एक और इंसानी उपयोग का नमूना सामने आया

# अब स्वास्थ्य संबंधी इलेक्ट्रॉनिक सेंसर में इसका इस्तेमाल

- बहुत आसानी से त्वचा पर चिपकाया जा सकेगा
- यह नया चिप पूरी तरह बॉयोडिग्रेडेबल श्रेणी का है
- कोरोना लॉकडाउन के दौरान इसके प्रयोग का ख्याल आया

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** समुद्री खरपतवार को इंसानी भोजन बनाने पर काफी पहले से काम चल रहा है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि दुनिया में अन्न की कमी को पूरा करने के लिए वैसा विकल्प खोजा जा सके, जो प्रचुरता में उपलब्ध है। दुनिया के समंदरों में यह समुद्री खतपतवार प्रचुरता में मौजूद है। हाल के दिनों में शैवाल की बढ़ती तादात को लेकर वैज्ञानिकों ने चिंता भी जाहिर की है। इसके बीच ही अब इसी समुद्री खतपतवार का नया प्रयोग सामने आ गया है। इसके जरिए एक ऐसा इलेक्ट्रॉनिक चिप तैयार किया गया है जो इंसानी त्वचा के ऊपर रहकर उसके स्वास्थ्य का हाल चाल बताता है। ससेक्स विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नए बायोडिग्रेडेबल स्वास्थ्य सेंसर का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है जो हमारे व्यक्तिगत अनुभव को बदल सकते हैं। इसे इंसानी उपयोग के लिए ज्यादा बेहतर इसलिए माना गया है क्योंकि वे पूरी तरह से प्रकृति में पाए जाने

>> पेज 2 भी देखें

### यह इंसानी त्वचा के ऊपर काम करने वाली दूसरी त्वचा हैं

दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि यह इंसानी त्वचा के ऊपर काम करने वाली दूसरी त्वचा है जो फिटनेस सेंसर के तौर पर सक्रिय रहती है। वैज्ञानिकों ने बायोडिग्रेडेबल स्वास्थ्य सेंसर विकसित करने के लिए समुद्री शैवाल का उपयोग किया है, जिसे दूसरी त्वचा की तरह लगाया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने स्ट्रेन सेंसिंग उपकरणों के लिए बायोडिग्रेडेबल शैवाल-आधारित हाइड्रोजेल विकसित किए हैं। इसके जरिए धावकों और अस्पताल के रोगियों द्वारा हृदय गति को ट्रैक करने के लिए पहने जाने वाले स्वास्थ्य मॉनिटर में उपयोग किए जा सकते हैं। इसे बनाने के लिए सेंधा नमक, पानी और समुद्री शैवाल जैसे प्राकृतिक तत्वों का उपयोग करते हुए ग्रेफीन का प्रयोग किया गया है। यह नया इलेक्ट्रॉनिक चिप पॉलीमर-आधारित



## शहर >> अपडेट

### त्योहारों को लेकर जिला प्रशासन जारी किया संयुक्तादेश

रांची: होली एवं शब- ए-बरात के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची का संयुक्तादेश जारी किया गया है। होली एवं शब-ए- बरात के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं राज्य कार्यकारिणी समिति के आदेशों का पालन कराने हेतु दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्तियां दिनांक 07 मार्च 2023 से दिनांक 08 मार्च 2023 होली के शांति पूर्ण समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को लगातार भ्रमणशील रहकर सभी गतिविधियो पर नजर रखने और विधि व्यवस्था संधारण का आदेश दिया गया है। सात मार्च को रात्रि में शब-ए-बारात पर्व मुस्लिम समुदायों के द्वारा मनाया जायेगा। इस पर्व में रात्रि के वक्त कब्रिस्तानों में नियाज फातिहा किया जाता है। होली पर्व और शब-ए- बरात पर्व को देखते हुए विशेष सतर्कता की आवश्यकता है।

## प्रहार

### झारखंड की राजनीति में कीचड़ होली का माहौल बना

# दोनों तरफ मौजूद हैं तोप के गोले

- राजीव अरुण एक्का का वीडियो जारी
- निगरानी की जांच में फंसे हैं कई नेता
- दलालों की चांदी हर सरकार में एक जैसी कटी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड में होली का माहौल यहां की राजनीति पर भी फिलहाल चढ़ा हुआ है। दरअसल भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने एक वीडियो जारी किया है। इसमें मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का एक निजी व्यक्ति के दफ्तर में बैठकर फाइल निपटाते बताये गये हैं। वीडियो सच है या फर्जी, इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पायी है। वैसे वीडियो के जारी होने के बाद राजीव अरुण एक्का को उनके पद से अन्यत्र भेज दिया गया है। वैसे भाजपा की तरफ से जो आरोप अभी लगाये जा रहे हैं, उसका उत्तर में झामुमो के पास भी पहले से निगरानी जांच के मुद्दे तैयार हैं। जाहिर है कि होली में दोनों तरफ से एक दूसरे पर कीचड़ फेंकने का सिलसिला चलेगा लेकिन यह लड़ाई बहुत अधिक दिनों की नहीं होगी। दरअसल इडी की कार्रवाई में यह स्पष्ट कर दिया है कि झारखंड में सरकार चाहे किसी भी पार्टी की हो, दलालों और अफसरों की अपनी गिरोहबंदी अलग चलती रहती है। कभी भाजपा के शासन काल में जो चेहरे चर्चित थे, वे भले ही अब पर्दे के पीछे चले गये हैं लेकिन उनके अपने ही लोग अब इस हेमंत सरकार में सक्रिय हैं। कुल मिलाकर घटनाक्रमों को पूर्व की स्थिति से मिलाकर देखें तो दलालों की चांदी पहले भी थी और अब भी वही है। सिर्फ चंद चेहरे बदल गये हैं।

जहां से इस विवाद की शुरूआत हुई थी, उसकी चर्चा करें तो यह मुद्दा हेमंत सोरेन की माइनिंग की लीज का था। अब दस्तावेज इस बात की गवाही देते हैं कि इसी किस्म की गड़बड़ियां पूर्व में भाजपा नेताओं द्वारा भी की जाती रही है। इसलिए जब राज्य सरकार के निगरानी विभाग ने मामले की जांच की तो ऐसे कई साक्ष्य निकलकर सामने आये, जो भाजपा को परेशानी में डाल सकते थे। राजनीति के धाकड़ खिलाड़ी हेमंत सोरेन ने इन तोप के गोलों को बाद में चलाने के लिए बचाकर रख छोड़ा है।

वैसे इस बात की भी जानकारी है कि निगरानी जांच के सिलसिले में एक बड़े नेता को जब निगरानी के किसी अफसर का फोन गया था तो अफसर को धमकाने की कोशिश उस नेता को उल्टी पड़ गयी थी। चंद बातों का उल्लेख होने के बाद अफसर की बात सुनकर वह नेता ही बेहोश हो गया था। उसके बाद से निगरानी के अफसरों ने भी इस मामले को ज्यादा नहीं छेड़ा। इसलिए तय माना जा रहा है कि ईडी जिस तरीके से वर्तमान सरकार को घेरना चाह रही है, उसी तरीके से निगरानी ने पहले से कई लोगों की घेराबंदी कर रखी है। यह अलग बात है कि पहले के एक चालाक अफसर मौका ताड़कर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली चले गये हैं। यह अफसरों के बचाव का एक सुगम मार्ग है। अब राजीव अरुण एक्का के जरिए ईडी सबसे पहले किन अधिकारियों की गरदन नापना चाहती है, यह स्पष्ट हो गया है। लेकिन ईडी को भी यह पता है कि इन अफसरों के साथ साथ कभी भाजपा के करीबी समझे गये अफसर भी इसी जाल में फंस जाएंगे। दूसरी तरफ राज्य सरकार के पास पहले से ही निगरानी जांच का तोप मौजूद है।

## न्यूज फटाफट

### कुमार बिक्की बने महानगर यूवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष



रांची: झारखंड युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभीजीत राज एवं प्रदेश महासचिव सह प्रभारी रांची जिला सत्यम सिंह ने सोमवार को महानगर युवा कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष कुमार बिक्की को मनोनित किया। कुमार विक्की ने इसके लिय धन्यवाद देते हुए कहा है की कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मेरे लिए प्रतिष्ठित जिम्मेदारी है और आने वाले दिनों में हम संगठन को शक्ति देने का कार्य करेंगे एवं कोंग्रेस पार्टी की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने का और जोड़ने का कार्य करेंगे। ज्ञात हो की कुमार विक्की पूर्व में एनएसयूआइ के रांची जिलाध्यक्ष रहें है और छात्र राजनीति में काफी अच्छे और संघर्षशील छात्रनेता माने जाते थे। कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की जी, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रिंस भट्ट, प्रदेश सचिव शहबाज अहमद, प्रदेश महासचिव मेहूल प्रसाद, रांची विधानसभा अध्यक्ष गौरव सिंह, हटिया विधानसभा अध्यक्ष रवि शंकर सिंह, कांके विधानसभा अध्यक्ष खालिद सैफुल्लाह, दीपक उर्फ छोटी अमन अहमद, इमरान हाशमी, पवन कुमार, आदि लोगों ने बधाई दी।

## पेज एक का शेष

### गिरफ्तार मनीष .. ..

अदालत में आज भी सीबीआई के वकील ने कहा कि वह अब भी पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं और दो व्यक्तियों के साथ उसका सामना करने के लिए उसकी और हिरासत की आवश्यकता है। सीबीआई ने अदालत से कहा था, उनके मेडिकल में काफी समय चला गया। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में एक पूरा दिन चला गया, जिसे खारिज कर दिया गया। मनीष सिसोदिया को शनिवार दोपहर राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। इस दौरान सीबीआई मुख्यालय से लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट तक सुरक्षा के भारी बंदोबस्त रहे। एहतियात के तौर पर दिनभर डीडीयू मार्ग को बंद रखा गया था।

### चुनाव आयोग की नहीं .. ..

तंज कसने से भी परहेज नहीं किया. उन्होंने कहा कि भाजपा का काम है अपने फायदे के लिए बड़े नामों की चोरी करना। पहले वे सरदार पटेल के नाम का इस्तेमाल करते थे, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम का भी इस्तेमाल करते थे। वे इस बार महाराष्ट्र में बालासाहेब ठाकरे का नाम लेना चाहते हैं, लेकिन मैं उनसे कहूंगा, अगर वे बालासाहेब की तस्वीर और शिवसेना के नाम का इस्तेमाल किए बिना जीत सकते हैं, तो पता चल जाएगा कि उनके पास ताकत है।

### सीबीआई ने राबड़ी .. ..

लेकिन बाद में उन्हें राहत देते हुए सीबीआई की टीम उनके घर पर ही पूछताछ के लिए तैयार हो गई। पूछताछ के बाद श्रीमती राबड़ी देवी अपने छोटे पुत्र और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के साथ विधान परिषद की कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए निकल गई। उन्होंने पूछताछ के बारे में पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि यह सब चलता रहता है। वहीं, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में जिस दिन से महागठबंधन की सरकार बनी है तब से ही यह सब हो रहा है । वह तो कह रहे हैं कि सीबीआई यहीं (राबड़ी आवास में) अपना कार्यालय खोल ले । उन्होंने कहा कि पहले भी सीबीआई इस मामले की कई बार जांच करके इसे बंद कर चुकी है । रेलवे ने भी इसे घोटाला नहीं माना है लेकिन उनके परिवार को परेशान करने के लिए यह सब किया जा रहा है । गौरतलब है कि श्री लालू प्रसाद यादव जब वर्ष 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री थे इस दौरान उन पर जमीन के बदले रेलवे में कुछ अयोग्य लोगों को नौकरी देने का आरोप है। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है और उसने श्री यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और उनकी दो बेटी समेत 16 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें से 14 लोगों के खिलाफ सीबीआई ने आरोप पत्र भी समर्पित कर दिया है। इस मामले में अदालत ने 14 मार्च को श्री लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और पुत्री मीसा भारती को अदालत में पेश होने के लिए सम्मन जारी किया है।

### विपक्ष की आवाज दबा .. ...

उन्हें ईडी-सीबीआई के जरिए प्रताड़ित किया जा रहा है। आज राबड़ी देवी जी को परेशान किया जा रहा है। लालू प्रसाद जी और उनके परिवार को वर्षों से प्रताड़ित किया जा रहा है, क्योंकि वे झुके नहीं।

### अब स्वास्थ्य संबंधी .. .. ..

वाले अवयवों से बने होते हैं। सेंसर पूरी तरह से बायोडिग्रेडेबल होते हैं, जो उन्हें आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले रबर और प्लास्टिक-आधारित विकल्पों की तुलना में अधिक पर्यावरण के अनुकूल बनाते हैं। उनकी प्राकृतिक संरचना उन्हें खाद्य इलेक्ट्रॉनिक्स के उभरते वैज्ञानिक क्षेत्र में भी रखती है - इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जो किसी व्यक्ति के उपभोग के लिए सुरक्षित हैं।

स्वास्थ्य निगरानी उपकरण में समुद्री शैवाल का उपयोग करने का विचार तब आया जब ससेक्स विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञानी प्रमुख वैज्ञानिक डॉ कोनोर बोलैंड लॉकडाउन के दौरान टीवी देख रहे थे। स्कूल ऑफ मैथेमेटिकल एंड फिजिकल साइंसेज के मैटेरियल्स फिजिक्स लेक्चरर डॉ. कोनोर बोलैंड ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान मास्टरशेफ को देखने के बाद मैं पहली बार लैब में समुद्री शैवाल का उपयोग करने के लिए प्रेरित हुआ। इसकी संरचना और शाकाहारियों के लिए बतौर भोजन इसके प्रयोग ने यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या हम संवेदन प्रौद्योगिकी के साथ ऐसा कर सकें? उनके मुताबिक मेरे लिए, इस विकास के सबसे रोमांचक पहलुओं में से एक यह है कि हमारे पास एक सेंसर है जो पूरी तरह से बायोडिग्रेडेबल और अत्यधिक प्रभावी दोनों है। गैर-टिकाऊ रबर और प्लास्टिक आधारित स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर उत्पादन, विडंबना यह है कि इसके माध्यम से मानव स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। माइक्रोप्लास्टिक्स जैसे-जैसे खराब होते हैं, जल स्रोतों में लीक हो जाते हैं।

एक नए माता-पिता के रूप में, मैं यह सुनिश्चित करना अपनी जिम्मेदारी के रूप में देखता हूं कि मेरा शोध हमारे सभी बच्चों के लिए एक स्वच्छ दुनिया की प्राप्ति को सक्षम बनाता है। यह बताया गया है कि समुद्री शैवाल सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण एक इन्सुलेटर है, लेकिन समुद्री शैवाल के मिश्रण में एक महत्वपूर्ण मात्रा में ग्राफीन जोड़कर वैज्ञानिक एक विद्युत प्रवाहकीय फिल्म बनाने में सक्षम थे। नमक स्नान में भिगोने पर, फिल्म तेजी से पानी को अवशोषित करती है, जिसके परिणामस्वरूप एक नरम, स्पंजी, विद्युत प्रवाहकीय हाइड्रोजेल होता है। इससे तैयार होने वाला पदार्थ क्लिनिकल ग्रेड में पहनने योग्य सेंसर के भविष्य के प्रयोग दूसरी त्वचा या अस्थायी टैटू की तरह दिखेंगे। हल्के, लगाने में आसान और सुरक्षित, क्योंकि वे सभी प्राकृतिक अवयवों से बने होते हैं। यह आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले और संभावित रूप से आक्रामक अस्पताल उपकरणों, तारों और लीड की आवश्यकता के बिना, समग्र रोगी अनुभव में काफी सुधार करेगा। ससेक्स विश्वविद्यालय में नवोन्मेष और व्यापार भागीदारी के निदेशक डॉ सू बैक्सटर इस तकनीक के संभावित लाभों के बारे में उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि ससेक्स के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा उपकरण बनाया है जिसमें उद्योग के विकास के लिए एक उत्पाद के रूप में वास्तविक क्षमता है जिससे आप या मैं अपेक्षाकृत निकट भविष्य में लाभान्वित हो सकते हैं।

### हिंडनबर्ग-अडानी प्रकरण को लेकर कांग्रेस का राज्यव्यापी प्रदर्शन

# 13 मार्च को राजभवन घेराव का कार्यक्रम




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** कांग्रेस ने सोमवार को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और पीएम मोदी-गौतम अडाणी प्रकरण को राज्यव्यापी प्रदर्शन किया। झारखंड के सभी प्रखंडों में एलआईसी या एसबीआई के शाखा के बाहर बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने झंडा बैनर के साथ धरना प्रदर्शन किया। आंदोलित कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि पीएम मोदी की वजह से और उनके दबाव में एसबीआई और एलआईसी ने अडाणी समूह में करोड़ों रुपये का निवेश किया और आज शेयर बाजार धड़ाम होने से आम आवाम की पसीने की कमाई का करोड़ों रुपये डूबने की कगार पर है।

केंद्र सरकार की गलत नीतियों के विरोध में सोमवार को रांची में महानगर कांग्रेस की ओर से हटिया प्रखंड के अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय के नेतृत्व में भारतीय स्टेट बैंक के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदेश कांग्रेस महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि हम प्रखंड में धरना देकर पंचायत तक लोगों को बताएंगे कि किस तरह प्रधानमंत्री ने हमें ठगने का काम किया है।हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के जरिए हम जनता को बताएंगे कि कैसे भाजपा के नेता जनता के साथ झूठे वादे करते हैं और काम बड़े बड़े 2-3 उद्योगपतियों के लिए करते हैं। अजयनाथ शाहदेव ने बताया कि अडानी समूह को लगातार फायदा पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। अडानी के शेयर गिरते ही लोगों के एलआइसी और एसबीआई में जमा किये पैसे डूबने लगे और सरकार विपक्ष की मांग पर जेपीसी का गठन तक करने से बचती रही।हटिया प्रखंड अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अडानी ग्रुप से मित्रता एसबीआई और एलआईसी में जमा राशि को बर्बाद कर रही है। इसका खमियाजा देश की गरीब जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में गिरावट आयी है।

### भाजपा शिष्टमंडल ने राज्यपाल से मिलकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा

# राजीव अरुण एक्का मामले की जांच सीबीआई करे

- अनेक प्रमुख नेता शामिल थे इस शिष्टमंडल में
- एक दलाल के कार्यालय में बैठकर काम करना गलत
- जांच सही हो, इसके लिए ही सीबीआई की जांच जरूरी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** भारतीय जनता पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के राज्यपाल से मिलकर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का मामले की जांच कराने की मांग की है। इस दल ने अपने साथ वह वीडियो क्लिप भी राज्यपाल को भेजा है, जो कल ही सोशल मीडिया में सार्वजनिक हुआ है। यह शिकायत की गयी है कि वीडियो सामने आने के बाद राज्य सरकार ने उन्हें दूसरे विभाग में भेज दिया है।

इस दल ने कहा है कि यह वीडियो ही बताता है कि झारखंड सरकार में दलाली एवं बिचौलियागिरी करने वाला एक प्रमुख व्यक्ति विशाल चौधरी के रांची शहर में अरगोड़ा के निकट स्थित प्राइवेट कार्यालय का है। जहां बैठकर सरकारी कागजातों/फाइलों पर दस्तखत करते हुए श्री राजीव अरुण एक्का नजर आ रहा रहे हैं। जो कल 5मार्च 2023 के पूर्वाह्न तक झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव और राज्य के गृह, कारा जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विभाग के अतिरिक्त सूचना जनसंपर्क,आपदा प्रबंधन विभाग के भी प्रधान सचिव थे।वीडियो में जो महिला बगल में खड़ी होकर फाईल साईन करवा रही है वो कोई सरकारी कर्मचारी नहीं बल्कि विशाल चौधरी की प्राइवेट कर्मचारी बतायी जा रही है। बगल से जिसकी आवाज सुनाई दे रही है वो विशाल चौधरी की आवाज बतायी गयी है, जो अपने महिला कर्मचारी से किसी से पैसे आने-नहीं आने के बारे में पूछ रहा है। महिला कर्मचारी के ना कहने पर संभवतः विशाल किसी को फोन लगाकर उसी पैसे का तगादा कर रहा है। पत्र में राज्यपाल से कहा गया है कि कई लोगों ने बताया है कि राजीव अरूण एक्का के प्रभार वाले सारे विभागों की वैसी महत्वपूर्ण, मालदार एवं संवेदनशील फाईलें सचिवालय से सीधे विशाल चौधरी के प्राइवेट कार्यालय में पंहुचा दी जाती थी जिनमें मोटी रकम वसूली करने का स्कोप होता था।

# सबकुछ जानकारी के बावजूद धृतराष्ट्र की भांति अनभिज्ञ राज्य के मुखिया

राष्ट्रीय खबर

रांचीः भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा रविवार को जारी वीडियो के बाद मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का चारों ओर से घिरते जा रहे हैं। बाबूलाल राजीव अरूण एक्का पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मरांडी ने ट्वीट कर लिखा है ह्लट्रांसफर कोई सजा नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी मैं आपसे फिर से अनुरोध कर रहा हूं कि राजीव अरूण एक्का को निलंबित कीजिएह्व। होम डिपार्टमेंट जैसे संवेदनशील एवं राज्य की गोपनीय जानकारी रखने वाले विभाग की गोपनीयता भंग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नियम का दुरुपयोग करने के आरोप की धाराओं में केस कीजिए। इन्हें और इनके दलाल सिंडिकेट को जेल भेजिए। हेमंत जी, आप खुद होम डिपार्टमेंट के मंत्री भी हैं। ऐसे में कोई कैसे विश्वास करेगा कि बिना आपकी अनुमति के आपके विभाग का सचिव विभागीय फाइलों को दलाल के यहां ले जाकर रखेगा? बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड और झारखंडियों के हित के लिए मैं हर लड़ाई लड़ने को तैयार हूं। विपक्ष में होने पर भी हमारी सामाजिक और राजनैतिक जिम्मेवारियां सत्ता पक्ष से कहीं अधिक है। विगत साढ़े तीन सालों में सत्ता में बैठे लोगों ने अपने पद और गरिमा को धूमिल किया है। राज्य के मुखिया को सबकुछ की जानकारी होने के बावजूद धृतराष्ट्र की भांति अनभिज्ञ बनना और पकड़े जाने पर आदिवासी होने के नाम पर खुद को निर्दोष बताकर भाजपा के ऊपर दोषारोपण करना। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा रविवार को जारी 22 सेकेंड के वीडियो से बवाल मच गया था। जारी वीडियो में प्रधान सचिव राजीव एक्का कथित तौर पर विशाल चौधरी के दफ्तर से सरकारी फाइलें साइन करते हुए दिख रहे हैं।

# देश के लिये पनौती हैं मोदी : आभा सिन्हा

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा है कि भाजपा सरकार की नियती कहा जाए या पनौती कि प्रधानमंत्री ने जिस पर भी हाथ रखा या जिसका नाम लिया, उसका सत्यानाश हो गया। अब भी कोई शक रह गया हो तो अपने आसपास देख लीजिए, लोग बेरोजगार हैं, महंगाई चरम पर है, भ्रष्टाचार का चहुओर बोलबाला है, लाखों कम्पनियां बन्द हो गई, बैंक दिवालिया हो गए। हर तरफ भय, भूख और बेरोजगारी का आलम है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का देश के लिए ग्रह, नक्षत्र ऐसा है कि 2014 के बाद से जब से ये आए हैं, देश को केवल नुकसान ही झेलना पड़ रहा है। हर मोर्चे पर भारत की रैंकिंग गिर रही है, देश में तनाव और गुस्सा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले देश की जीडीपी 10 प्रतिशत तक थी, लेकिन इनके बैठते ही अब तक के सबसे निचले स्तर यानी माइनस 23 प्रतिशत हो गई, जिससे देश में बेरोजगारी और भूखमरी बढ़ गई। मोदी के हर साल दो करोड़ रोजगार का जिक्र करते ही देश में बेरोजगारी अपने अब तक के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। उन्होंने कहा कि 2014 में मोदी कश्मीर दौरे पर जाने वाले थे, इसके पहले ही वहां बाढ़ आ गई। इस बाढ़ में करीब 550 लोगों ने अपनी जान गंवाई और भारत के 6000 करोड़ की संपत्ति का नुकसान हुआ। मोदी के 2019 में दोबारा कुर्सी पर बैठने के कुछ ही महीने बाद पूरा देश कोरोना से त्राहिमाम हो गया। दुनिया में सबसे अधिक लोग भारत में मरें। ऐसी बीमारियां सैकड़ों सालों में एकाध बार आती है, सो वो मोदी सरकार में ही आईं।

## राजनीति

### मांडर और रामगढ विधानसभा उपचुनाव में कोई तुलना नहीं

# मांडर बंधु तिर्की का गढ़, चार बार जीते विधानसभा चुनाव

- जीत में कांग्रेस का कोई दावा नहीं बनता

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मांडर और रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव दोनों में तुलना नहीं की जा सकती। एक ओर मांडर से चार बार विधायक रहे बंधु तिर्की का गढ़ माना जाता है, बंधु तिर्की जिधर भी चुनाव लड़ते पलड़ा उधर ही भारी रहता, बंधु तिर्की के चुनाव जीतने में कांग्रेस पार्टी का कोई योगदान नहीं माना जा सकता है।मांडर के उपचुनाव में सिर्फ और सिर्फ बंधु तिर्की की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी और सीधे तौर पर चुनावी सफलता का श्रेय बंधु तिर्की को जाता है। मांडर उपचुनाव के फैसले पर कांग्रेस का कोई दावा नहीं बनता है। वही रामगढ़ में विधायक रहे ममता देवी जेल में थी और संगठन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा था। वही रामगढ़ में आए परिणाम के लिए पूरी तौर पर संगठन और संगठन के सरपरस्त प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जिम्मेवार हैं।

रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव को कांग्रेस ने कभी भी गंभीरता से नहीं लिया,वरना चुनाव के वक्त पार्टी को जनता के बीच रहना चाहिए था तो वहीं कांग्रेस जिमखाना क्लब में मंथन कर रही थी और तो और प्रभारी भी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्षों के साथ सम्मेलन कर रहे थे, यह सब एक संगठन की दैनिक प्रक्रिया है ना कि चुनाव की। रामगढ़ में कांग्रेस का वोट भी घटा है। 2019 में कांग्रेस की ममता देवी को 99,944 वोट प्राप्त हुआ जबकि आजसू की सुनीता चौधरी को 71,226 वहीं 2023 में आजसू को 1,15,669 जबकि कांग्रेस को 93699 वोट मिले हैं। 2019 और 2023 के मुकाबले में सुनीता चौधरी को 44,443 वोट अधिक पड़े जबकि कांग्रेस के बजरंग महतो को 6,245 वोट कम मिले जबकि सीधा मुकाबले में वोट बढ़ते हैं।

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के स्टार कैम्पेनर की सूची में भी गणेश परिक्रमा करने वाले नेताओं को शामिल किया गया, जबकि उपयोगी नेताओं को इससे दूर रखा गया जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। पूरे चुनाव में वित्तीय कुप्रबंधन हावी रहा, कांग्रेस कार्यकताओं सहित सहयोगी पार्टियों का भी कहना था प्रदेश कांग्रेस ने रामगढ़ चुनाव को लेकर पूरी उगाही की थी लेकिन कांग्रेस के उम्मीदवार बजरंग महतो को एवं बूथ स्तर के कार्यकताओं तक व्यवस्था पहुंचाने में पार्टी पूरी तरह असफल रही। इस उपचुनाव में संगठन अपने क्रियाकलापों से ममता देवी के संघर्ष के साथ भी खिलवाड़ किया और पराजय का सामना करना पड़ा।वहीं स्थानीय नेताओं का यह कहना है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा की उपस्थिति ने पूरा माहौल बदल दिया और कांग्रेस पार्टी सम्मानजनक स्थिति में पहुंची वरना कांग्रेसी अपनी जमानत बचाने में असफल रहते। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण तो यह रहा जिस 4 दिन मुख्यमंत्री धुआंधार प्रचार कर रहे थे वही प्रदेश अध्यक्ष मुख्यमंत्री के साथ हेलीकॉप्टर में जाते चेहरा दिखाते थे और फिर हेलीकॉप्टर से ही मुख्यमंत्री के साथ वापस रांची आ जाते थे,जबकि प्रदेश अध्यक्ष को इस पूरे चुनाव के लिए रामगढ़ में शरीर उपस्थित होना चाहिए था खासकर अंतिम चार दिन काफी महत्वपूर्ण होते हैं। प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के दौरान कार्यकताओं के बीच अपनी धौंस जमाने के लिए प्रभारी से मोबाइल पर बात करते और आवाज स्पीकर से बाहर सुनाते थे।

शहर >> अपडेट

## महिलाओं ने किया डांडा रोपण

रांची: होली के अवसर पर मारवाड़ी सहायक समिति के तत्वावधान में संपूर्ण मारवाड़ी समाज का होली मिलन समारोह 8 मार्च को मारवाड़ी भवन में आयोजित किया गया है। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। होली मिलन समारोह के संयोजक सज्जन पाड़िया को बनाया गया है। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया कि आज मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने बाजार टांड एवं बकरी बाजार में सुबह 10:00 बजे डांडा रोपण ठंडी होली पूजन की। सभी महिलाएं परंपरागत राजस्थानी वेशभूषा ओढ़नी, चुनरी ओढ़कर पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना की एवं गोबर का बड़कुल्ला की माला चढ़ाया गया।

सुविधा > रांची में दो स्थानों पर जल्द शुरू होगा नाइट मार्केट

# मोरहाबादी और जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के पास नाइट मार्केट बनाया जाएगा



राष्ट्रीय खबर

रांची: पुणे की तर्ज पर रांची में भी नगर निगम द्वारा नाइट मार्केट बनाया जाएगा। मोरहाबादी और जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के पास नाइट मार्केट बनाया जाएगा। यह नाइट मार्केट शाम 6 बजे से रात 11बजे तक लगेगा। निगम के अधिकारियों के अनुसार, यहां पर लोग लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। मोरहाबादी में नाइट मार्केट के लिए बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम के दक्षिणी छोर को चिहिनत किया गया है। जहां अभी हाल ही में पाथ-वे और लाइट्स लगाई गई हैं। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के पास नाइट मार्केट को जगह दी जाएगी।

इसपर निगम के अधिकारी अभी विचार कर रहे हैं। निगम द्वारा बस इतना बताया गया कि अभी जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम का काम खत्म नहीं हुआ है, जब काम पूरा हो जाएगा तो हम सर्वे करेंगे कि कहां नाइट मार्केट के लिए जगह दी जाए। नाइट मार्केट में उन्हें ही जगह आवंटित की जाएंगी, जिसे यहां-वहां ले जाना मुमकिन हो।

जब रात में बाजार बंद हो तो सभी दुकानदार अपने ठेला या वैन लेकर साथ चले जाएं। किसी भी तरह की दुकान को नाइट में कैंपस में रखने की अनुमति नहीं होगी। सुबह होते ही निगम की टीम हर दिन मार्केट की सफाई करेंगी। कुछ महीनों पहले तक 300 से अधिक वेंडर मोरहाबादी में दुकान लगाते थे। लेकिन खुले-आम हत्या के बाद निगम ने मैदान के सारे दुकानदारों को कचरा एमटीएस के सामने व रजिस्टी कार्यालय के पास शिफ्ट कर दिया। अब निगम इन दकानदरों से नाइट मार्केट के लिए आवेदन मांगेगा। रांची में नाइट मार्केट की पहल पहली बार नहीं कि जा रहीं हैं।

रांची के सांसद संजय सेठ की पहल पर बडा तलाब के पास 2019 में शनिवार और रविवार को नाइट मार्केट की शुरूआत की गई थी। शुरूआत के दिनों में नाइट मार्केट जब तक चला तब तक लोग वहां आते रहे थे। शहर के लोगों ने नाइट मार्केट में खूब रूचि दिखाई। लेकिन धीरे-धीरे लोगों का आकर्षण नाइट मार्केट से कम होने लगा, क्योंकि यह मार्केट रोजाना नहीं था। जिसके कारण नाइट मार्केट को बंद करना पड़ा।

## न्यूज फटाफट

### पासवा : आज शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित

रांची: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर कल दिनांक 7 मार्च को प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा सभी जिला मुख्यालयों पर महिलाओं को सम्मानित करेगी एवं उनके प्रति आदर व कृतज्ञता प्रकट करेगी। पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया राजधानी रांची में कल एक समारोह आयोजित कर शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा 8 मार्च को महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा आदर और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष में महिला दिवस उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। महिलाओं के राजनीतिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद के निर्देश पर झारखंड की राजधानी रांची सहित सभी जिला मुख्यालयों पर पासवा की ओर से शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा। 8 मार्च को होली का त्योहार होने के कारण पूर्व संध्या यानि 7 मार्च को महिला दिवस मनाया जाएगा,एवं साथ ही साथ होली मिलन का कार्यक्रम भी होगा।

### कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स में रंगोत्सव 20 का आयोजित

रांची: कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स डोरंडा एवं हटिया सेंटर और कलाकृति आर्ट फाउंडेशन द्वारा होली पर्व के अवसर पर रंगोत्सव 2023 - रंगों का त्यौहार का आयोजन किया गया। डोरंडा कन्या पाठशाला स्थित में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के सभी छात्रों ने चित्रकला प्रतियोगिता एवं फेस पेंटिंग कार्यशाला में हिस्सा लिया। देश में खेले जाने वाले अलग अलग होली के तरीकों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में 100 पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने होली को नए अंदाज में एक दूसरे के चेहरे पर प्राकृतिक रंगों के द्वारा फेस पेंटिंग करने की कला सिखाई गयी ` सभी छात्रों ने पशु पक्षी , तितली , सुपर हीरो जैसे कैप्टेन अमेरिका, स्पाइडर मैन, बैटमैन के स्वरुप के चेहरे पर पेंट किया` छात्रों ने इस अवसर पर होली रंग भरो प्रतियोगिता में हिस्सा लिया` सभी बच्चों ने होली के गीतों में जम कर डांस भी किया। साथ ही साथ अभिभावकों ने भी कार्यकर्म का जम कर लुफ्त उठाया। इस मौके पर सभी छात्रों ने होली पर्व पर को प्राकृतिक रंगों से होली खेलने और नशा से दूर रहने का संदेश दिया । इस अवसर पर कलाकृति के निदेशक एवं कला शिक्षक धनंजय कुमार ने छात्रों को रंग पर्व की महत्ता समझाया। उन्होंने सभी बच्चों से आग्रह किया पारंपरिक होली खेले और कम से कम पानी की बबार्दी करें एवं हो सके तो सूखे रंगों जैसे अबीर गुलाल का प्रयोग करें। कार्यक्रम को सफल बनाने संस्था उपनिदेशक रजनी कुमारी, आरती, कोमल, शिखा, शीतल , ईशा , रिंकी , जाया, अमीषा, मनस्वी, ऋचा, सुरुचि, खुशी, सूरज, राज, मयंक आदि का सहयोग रहा।

### श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का विस्तार,जोड़े गये कई नाम

रांची: श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक मंदिर परिसर में हुई। जिसमें अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, महामंत्री गोपाल पारीक एवं कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू) ने सर्वसम्मति से कमिटी का विस्तार करने का निर्णय लिया। इस क्रम में संरक्षक मंडली में कई लोगों को जोड़ा गया है। समिति द्वारा संरक्षण मंडल में जय सिंह यादव, राजीव रंजन मिश्र, रविंद्र वर्मा, मुनचुन राय, बिंदुल वर्मा, प्रदीप गुप्ता, बजरंग वर्मा, विजय बर्मन, राजेश लाल, अंतू तिर्की, भास्कर वर्मा, नंदकिशोर सिंह चंदेल, राजन वर्मा, अशोक पुरोहित, राजा सेन गुप्ता, राजेश कुमार लाल, शंकर साहू, अलोक साहू, कुंदन सिंह तथा विक्की यादव शामिल है। समिति ने निर्णय लिया कि इन लोगों कों सम्मानित किया जाएगा।

## भूखे रहकर भी शिक्षा ग्रहण करें: मौलाना शम्स



राष्ट्रीय खबर

रांची: जेरे सरपरस्ती एदारा- ए-शरीया झारखंड व सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के तत्वावधान में कांटा टोली स्थित रमजान कालोनी में मौलाना मो. अब्बास की अध्यक्षता व मो. दानिश, मो. जीशान, मो. नदीम सहित उक्त क्षेत्र के कमिटी के पदाधिकारियों की निगरानी में तहरीके बेदारी का 16 वां सभा सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ जिसका संचालन मौलाना मसूद फरीदी(शहर काजी) ने किया कउक्त कार्यक्रम में मौलाना शम्स तबरेज ने मुख्य वक्ता के रूप में सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि तालीम( शिक्षा) हासिल करने के लिए अगर आधी रोटी खाना पड़े तो आधी रोटी खाकर भी शिक्षा हासिल करो क्योंकि शिक्षा अच्छे- बुरे की पहचान कराते हुए मानव जीवन को सजाता एवं संवारता है कपुंदाग के मौलाना मो.आबिद रजा ने तहरीके बेदारी कार्यक्रम के मूल उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए शिक्षा पर जोर दिया ।


## अपनी मांगों के समर्थन में डाक्टरों का कैंडल मार्च आयोजित




राष्ट्रीय खबर

रांची: कल यानी पांच मार्च की शाम को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरे राज्य में चिकित्सकों की मांगों के समर्थन में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में पूरे झारखंड राज्य के हर एक जिला में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया है इसी क्रम में रिम्स राँची में सैकड़ों की संख्या में डॉक्टर कैंडल मार्च करते हुए एवं परिसर में में नारे लगाते लगाते हुए कैंडल मार्च किया। इस मार्च में डॉक्टर से सम्बंधित सारे संगठन के अलावा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं वीमेन डॉक्टर विंग तथा अन्य संगठनों के सदस्य शामिल थे। हाल के दिनों में हजारीबाग गढ़वा राँची लोहरदगा धनबाद में हुए चिकित्सकों पर हुए हमला सरकारी चिकित्सा सेवा को इमरजेंसी सेवा घोषित करते हुए बायोमेट्रिक से वेतन को जोड़ने के आदेश से मुक्त रखना एवं धनबाद में डॉ हाजरा दाम्पति एवं राँची रिम्स के वरीय चिकित्सक डॉ सौरभ के साथ हुए दुखद घटना में सरकार के द्वारा मुआवजा एवं प्रावधानो के अंतर्गत उनकी पत्नी को नौकरी देने की मांग कि गयी है। आईएमए द्वारा पूर्व में ही एलान किया गया था कि 1 मार्च को सफल सांकेतिक कार्य बहिस्कार के उपरांत अगर सरकार 12 मार्च 2023 तक चिकित्सकों का मांग को पूरा नहीं करती है तो पूरे राज्य में सरकारी प्राइवेट तथा मेडिकल से सम्बंधित सारी इकाई अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार पर चले जायेंगे। डाक्टरों ने स्पष्ट किया है कि वे कभी भी इस तरह का निर्णय लेना नहीं चाहते है पर विवश होकर उन्हें आंदोलन के लिए ऐसा रास्ता अपनाना पड़ रहा है। डाक्टरों के संगठन ने राज्य के जनता से भी अनुरोध किया है कि वे राज्य सरकार को चिकिसको से सम्बंधित सारे समस्याओ का निदान करने का अपील करें। ज्ञात हो कि देश के 23 राज्यों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है एवं हरियाणा, उत्तर प्रदेश में 50 बेड के अस्पतालो को क्लिनिकल एस्टेबिलिसमेंट से मुक्त रखा गया है। सरकार से भी अपील है कि हमारी उपरोक्त मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए यथा शीघ्र जनहित में मांगो को पूरी करें ।

## श्री श्याम मंदिर में होली उत्सव आज



राष्ट्रीय खबर


रांची: हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को होली उत्सव समारोह आयोजित किया जायेगा । फाल्गुन माह में होने वाले खाटू नरेश के उत्सवों का इस आयोजन के साथ समापन हो जाएगा । श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती होगी । उसके बाद 9:00 बजे बाबा श्याम से होली उत्सव मनाया जाएगा। भक्तजन सुगंधित इत्र अबीर गुलाल के साथ होली खेलेंगे। इस अवसर पर ठंडाई प्रसाद का विशेष भोग अर्पित करके भक्तजनों को वितरित किया जाएगा । खाटूधाम के श्याम मंदिर की परंपरा अनुसार होली उत्सव आयोजित किया जाएगा। दोपहर 12:15 बजे भोग व शंख आरती के बाद मंदिर के पट बंद कर दिए जायेंगे। मंडल के महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल ने बताया कि दोपहर 12:30 से 1:00 तक मंदिर के गर्भगृह की साफ-सफाई प्रारंभ की जाएगी तो दूसरी तरफ मंदिर की धुलाई की जाएगी। होली उत्सव अबीर गुलाल 12:30 बजे तक होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी भक्तजनों से अपील की है कि मंदिर परिसर में रंगोली किसी भी वस्तु का प्रयोग नहीं करें ।उन्होंने कलर अबीर गुलाल का प्रयोग करने से भी मना किया है। दोपहर में खाटू नरेश को होली का महास्नान कराकर नवीन वस्त्र पहनाया जाएगा। मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को भी नवीन वस्त्र पहनाए जाएगा। इसके बाद खाटू नरेश सहित सभी देवी देवताओं का मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। साय 5:00 बजे खाटू नरेश के दरबार में संपन्न होगा। कांके रोड निवासी राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया हर्ष सिंघानिया खाटू नरेश की दिव्य ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में 3 घंटे का भजन संकीर्तन तथा राजस्थानी डफ का कार्यक्रम होगा । महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि इस हेतु श्रवण ढानढनिया विशाल पोद्दार को दायित्व दिया गया है।

### महिलाओं को किया जायेगा सम्मानित

रांची: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कल 7 मार्च को प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) सभी जिला मुख्यालयों पर महिलाओं को सम्मानित करेगी एवं उनके प्रति आदर व कृतज्ञता प्रकट करेगी। पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि कल पूर्वाहन 11:00 बजे एक समारोह आयोजित कर शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा 8 मार्च को महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा आदर और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष में महिला दिवस उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। महिलाओं के राजनीतिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाते हैं। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद के निर्देशानुसार राजधानी रांची सहित सभी जिला मुख्यालयों पर पासवा की ओर से शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

राहत > झारखंड में नवजात को मिलेगा मां का दूध

# ह्यूमन मिल्क बैंक के निर्माण के लिए 1 करोड़ दो लाख का आवंटन




राष्ट्रीय खबर

रांची:बच्चों की शारीरिक और मानसिक विकास के लिए मां का दूध सबसे जरूरी है। जन्म के तुरंत बाद से लेकर 6 महीने तक मां का दूध बच्चों के लिए सर्वोत्तम आहार माना जाता है। मां का दूध बच्चों को न केवल पोषण देता है, बल्कि शारीरिक और मानसिक मजबूती प्रदान करता है।

वैसे बच्चे जिन्हें किन्ही कारणों से मां का दूध नहीं मिलता है, वे कहीं न कहीं कुपोषण का शिकार भी होते हैं। ऐसे में झारखंड सरकार द्वारा राज्य के 4 जिले रांची, दुमका, हजारीबाग और बोकारो में मां का दूध बैंक (ह्यूमन मिल्क बैंक) की स्थापना को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है। प्रति केंद्र की स्थापना पर 25 लाख 60 हजार और कुल चार केंद्रों के लिए एक करोड़ दो लाख 40 हजार रुपये आवंटित किये गये हैं। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा को आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी बनाया है। जबकि राशि की नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य खुद होंगे।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राज्य योजना अंतर्गत चार जिलों में ह्यूमन मिल्क बैंक की स्थापना होगी। ह्यूमन मिल्क बैंक में दूध खराब ना हो और बच्चों को आसानी से दूध उपलब्ध हो सके इसके लिए व्यवस्था बनायी जायेगी। जो मां स्वेच्छा से दूध दान करेंगी, उन्हें सरकार की तरफ से प्रोत्साहित किया जायेगा।

ह्यूमन मिल्क बैंक की स्थापना उन नवजात के लिए वरदान साबित होगी, जिन्हें किन्ही कारणों से उनकी खुद की मां का दूध नहीं मिलता है। कई मामलों में देखा गया है कि शारीरिक अक्षमता या घातक बीमारी के कारण मां अपने नवजात को स्तनपान नहीं करा पाती हैं। या प्रसव के बाद मां को काफी कम दूध आता है। इस व्यवस्था के शुरू होने से राज्य में नवजात की मृत्यु दर में कमी आयेगी।



## शहर >> अपडेट

### होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**सिल्ली :** सिल्ली हिरण पार्क के समीप रविवार को झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी की ओर से होली मिलन समारोह सह शहीद निर्मल महतो झारखंड मेला का समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम पिछले दिनों बुढ़ाआम में आयोजित शहीद निर्मल महतो झारखंड मेला के सफल संचालन के लिए सभी ने संचालन समिति की सराहना की।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब जप्त

**चांडिल :** कपाली पुलिस और अबगारी विभाग की टीम ने संयुक्त रुप से कपाली ओपी क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान छापेमारी दल में कपाली ओपी प्रभारी सुनील कुमार भोक्ता व अबगारी विभाग के निर्भय कुमार सिन्हा उपस्थित थे। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया डोबो के रहने वाले राजेंद्र बेरा के घर से अवैध विदेशी शराब की 30 कार्टून शराब जप्त किया गया साथ ही कपाली के और एक मकान से करीब 60 लीटर अवैध महुआ शराब को जप्त किया। उन्होंने बताया इस मामले में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### शांति व्यवस्था को लेकर निकला फ्लैग मार्च

**चांडिल :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र में होली को देखते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए रविवार को ईचागढ़ सीओ भोला शंकर महतो के अगुवाई में पूरे मिलनचौक क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकला गया। इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य असामाजिक तत्वों को सावधान एवं शांति प्रिय अवाम में कानून के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराना है। इस फ्लैग मार्च में पुलिस पदाधिकारी और शस्त्र से लैस पुलिस बल के जवान शामिल थे। इस दौरान ईचागढ़ सीओ ने शांति बनाए रखने का अपील की।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सेवानिवृत्त शिक्षको को दी गई विदाई

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड परिसर स्थित बीआरसी भवन सभागार में सेवानिवृत्त शिक्षक छेदीलाल महतो एवं शिक्षिका फुलमनी कुमारी का सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। छेदीलाल महतो मध्य विद्यालय हाकेदाग एवं फुलमनी कुमारी मध्य विद्यालय सिल्ली बोर्ड में पदस्थापित थे। समारोह को संबोधित करते हुए बीपीओ मनोज कुमार ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। वे हमेशा समाज के लोगों को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। जिससे समाज सशक्त और मजबूत होता है। सेवानिवृत्ति के बाद समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। इस मौके पर प्रखंड के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को फुल माला एवं उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर बीरेंद्र कुमार महतो, उपेंद्र लाल महतो, समीर सिंह, अरुण कोईरी, किरण, खीरो देवी,सीताराम, मिना साहू, मोहित कुमार, धनंजय महली, प्राणेश, महेंद्र देव सिंह, अनिल कुमार, प्रह्लाद लोहरा, दिलीप कुमार, संजय टोप्पो आदि शिक्षक उपस्थित थे।

---

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस** | जेएसएलपीएस के महिला संगठनों किया कसमार, मधुकरपुर व खैराचातर में महिला दिवस का आयोजन, प्रमुख ने कहा

# महिलाएं हो रही सशक्त, आत्मनिर्भर व स्वावलंबी, पुरुषों से कर रही बराबरी

राष्ट्रीय खबर

**कसमार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आजीविका महिला संकुलन केंद्र कसमार, मधुकरपुर वह खैराचातर के द्वारा सोमवार को कसमार प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुद्देशीय भवन, खैराचातर महिला प्रशिक्षण केंद्र व मधुकरपुर पंचायत भवन के सामने वार्षिक आम सभा सह महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। तीनों स्थानों पर कार्यक्रम का उद्घाटन अलग अलग मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। कसमार संकुल में उपस्थित राज्य समन्वय समिति सदस्य सह मंत्री (दर्जा प्राप्त) योगेंद्र प्रसाद महतो, प्रमुख नियोति कुमारी थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य समन्वय समिति सदस्यत सह मंत्री (दर्जा प्राप्त) श्री प्रसाद महतो ने कहा कि ने सभी को अवसर की बधाई देते हुए कहा कि महिलाएं अब महिला समितियों, ग्राम महिला संगठनों से जुड़कर स्वावलंबी और आत्मनिर्भर हो रही हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार की कई योजनाएं हैं, जो इन्हें आगे बढ़ने में मदद कर रही हैं। इससे महिलाओं की दशा और दिशा में सुखद बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि महिला दीदियों के इस पड़ाव में वे शुरू से यथासंभव सहयोग करते आए हैं और आगे भी हर संभव सहयोग करते रहेंगे। इस दौरान प्रंखड प्रमुख नियोती कुमारी कहा कि महिलाओं के स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की राह को महिलाओं ने अपनी कड़ी मेहनत, लग्न और समर्पण से आसान बनाया है। इसके लिए सभी महिला दीदी बधाई के पात्र हैं। इस दौरान महिला दीदियों के बीच पुरस्कार का भी वितरण किया। मौके पर प्रमुख नियोती कुमारी, पंसस मंजू देवी, प्रिया देवी, सिकंदर कपरदार, मिथलेश महाराज, नंदन राज, मोबीन अंसारी, जेएसएलपीएस के सीसी अशोक कुमार महतो, बीजेपी यशोदा देवी, टीआरपी चांदनी देवी, किरण देवी, लखी मसीह, जयोती देवी, लक्ष्मी देवी, संपा मुखर्जी, आशा देवी, फुलकुमारी, सरिता आदि समेत सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।




# अपने अधिकार के प्रति जागरूक हो महिलाएं: उपायुक्त

**हरी झंडी दिखाकर पिंक ऑटो को डीसी-डीडीसी ने किया रवाना**

**हस्ताक्षर अभियान व सेल्फी प्वाइंट में तस्वीर खिंचवाकर किया जागरूक**

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। अगर जिले की बात करें तो प्रशासनिक महकमा में भी महिलाएं अपनी दक्षता व क्षमता के माध्यम से शीर्ष पदों पर आसीन है और कार्य कुशलता से अपने दायित्व का निर्वहन कर रही है। महिलाएं बस अपने अधिकारों को जाने, उससे जागरूक हो। उक्त बातें डीसी कुलदीप चौधरी ने कहीं। वह सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डीसी श्री चौधरी ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी साक्षर होना है, कहा भी जाता है कि एक पुरूष साक्षर होकर एक पीढ़ी को शिक्षित करता है, लेकिन एक महिला साक्षर होकर तीन पीढ़ी को शिक्षित बनाती है। कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी मेनका कुमारी ने सीडीपीओ, महिला पर्वेक्षिका, आंगनबाड़ी कर्मियों आदि को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आमजनों के सोच में बदलाव आया है। महिलाओं को समानता का अधिकार प्राप्त हो रहा है। महिलाएं सभी क्षेत्रों में अपनी परचम लहरा रही है। वहीं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के अवसर पर जिला कल्याण विभाग द्वारा चयनित 3 महिला लाभुकों को पिंक ऑटो दिया गया। डीसी कुलदीप चौधरी, डीडीसी कीर्तीश्री जी. ने लाभुक महिलाओं को ऑटो का चाभी दिया और समाहरणालय परिसर से ऑटो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं में समता अपनाओं की जागरूकता को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। डीसी एवं डीडीसी समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर किया। साथ ही सेल्फी प्वाइंट में तस्वीर खिंचवाई।



ग्रीन टाइगर फोर्स का बा बाहा सरहुल मिलन समारोह

# बाहा पर्व में सखुआ के फूल का विशेष महत्व: गागराई

**बोकारो:** ग्रीन टाइगर फोर्स की ओर से सेक्टर 8 बी में बा बाहा सरहुल मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। अध्यक्षता ग्रीन टाइगर फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष संजय गागराई ने किया। इस मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए श्री गागराई ने कहा कि बाहा का शाब्दिक अर्थ फूल होता है। यह पर्व प्रकृति के प्रति आदिवासियों के प्रेम की भावना को दशार्ता है। यह प्राकृतिक उपासना का पर्व है। बाहा पर्व में सखुआ के फूल का विशेष महत्व होता है। कहा कि यह पर्व झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को अपने प्राकृतिक धरोहरों से नवाजा है, जिसके गर्भ में जल, जंगल और जमीन से जुड़ी हुई भावनाएं हैं। वन संपदा हमारी आदिवासी संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जो हमारे राज्य झारखंड के सांस्कृतिक जीवन की आत्मा है। इस दौरान श्री गागराई ने तीर, धनुष से सुसज्जित होकर मांदर की थाप लगाकर लोगों को शुभकामनाएं और बधाई दी। मौके पर महेंद्र मुर्मू, सुरेश कुमार, मथुरा सिंकु, चंद्रकांत पूर्ती, सूरज लागुरी, रविंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।



# विधायक ने एचडीएफसी बैंक के चांडिल शाखा का किया उद्घाटन




राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** चांडिल डेम रोड में देश की अग्रणी बैंकों में से एक एचडीएफसी बैंक के चांडिल शाखा का किया उद्घाटन सोमवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत फीता काट व दीप प्रज्वलित कर किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस क्षेत्रों में बैंक खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी और इस क्षेत्र के विकास में बैंक सह भागी बनेगी। एचडीएफसी बैंक के सर्किल हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि इस शाखा में बैंकिंग से संबंधित सारी सुविधाएं दी जाएगी और आसपास के लोगों की डे टु डे बैंकिंग आसान हो जाएगी। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, समाजसेवी राकेश वर्मा, झामुमो केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा, काबलु महतो, झामुमो नेता सह जिला परिषद प्रतिनिधि ओम प्रकाश लायेक, पंसस नंदिता चक्रवर्ती, मुखिया मनोहर कुमार, बोनू सिंह सरदार, कलस्टर हेड अखिलेश तिवारी, शाखा प्रबंधक सपन कुमार साहू, राहुल वर्मा, समर भुईया आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# महिला दिवस सप्ताह पर नामकूम में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** नामकूम ब्लॉक, रांची में महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता कविता कुमारी काठी, प्रभाकरण मुंडा, बीडीओ ज्ञान संकर जायसवाल बीपीओ मैडम, महिला प्रसार प्रधाधिकारी, सहिया, प्रखंड कर्मचारी, पीएलवी लता कुमारी, युधिष्ठिर महतो, मुन्नी देवी, तारा मिंज, रानी कुमारी, मालती देवी एवं राजा वर्मा समेत अन्य लोग उपास्थित थे।

डालसा के अधिवक्ताओं ने डायन प्रथा, घरेलू हिस्सा, बाल विवाह, बाल श्रम, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, दुष्कर्म आदि कानून से संबंधित जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिवक्ता कविता कुमारी काठी ने महिलाओं से संबंधित कानूनी जानकारी के तहत घरेलू हिंसा अधिनियम, डायन बिसाही, बाल विवाह, बाल यौन अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

पीएलवी लता कुमारी व मुन्नी देवी ने उपस्थित मानव तस्करी तथा महिलाओं के अधिकार के बारे में जानकारी दीं।

यह भी ज्ञात हो कि पीएलवी ने जिला विधक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी तथा उन्हें जागरूक किया तथा किन-किन व्यक्तियों को डालसा निःशुल्क विधिक सेवा प्रादान कारती हैं, उसकी जानकारी दी। डालसा के पीएलवी ने प्रोजेक्ट शक्ति के साथ-साथ झालसा एवं नालसा द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित महिलाओं को दी।

अंत में जागरूकता से संबंधित पम्पलेट व लिफलेट का वितरण भी किया गया।


**समारोह >** पानला डैम में भाजपा का ईचागढ़ विस स्तरीय होली मिलन समारोह आयोजित

# अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को दी होली की बधाई

राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** भारतीय जनता पार्टी का ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता होली मिलन समारोह 2023 का आयोजन पानला डैम के नीचे आयोजित किया गया।इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दिया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के सरायकेला खरसावां जिलाध्यक्ष विजय महतो ने कहा कि वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के जनता को ठगने का काम किया है। चुनावी घोषणा में हेमंत सोरेन ने कहा था कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बना तो राज्य में प्रति वर्ष पांच लाख युवाओं में सरकारी नौकरी देंगे और वादा पूरा नहीं कर पाया तो सरकार से इस्तीफा दूंगा। कहां गया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का वादा ? उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार का एक छोटा उदाहरण है कि ईचागढ़ विधानसभा का बालु में पश्चिम बंगाल सरकार का खजाना भर रहा है। कैसे होगा झारखंड का विकास। जिला महामंत्री मधुसुदन गोराई ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की विकासधारा का एक विचार है।

उन्होंने कहा कि यसश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा पार्टी है जो जनता के साथ कार्यकर्ताओं को सम्मान देती है। समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश हांसदा, जिला महामंत्री राकेश सिंह, गणेश माहली, भाजपा नेत्री सारथी महतो, अनिता पारित, मनोज कुमार महतो, ठाकुर दास महतो, चंद्रमोहन दास, महेश कुंडू, भोलानाथ सिंह, मनोज कुमार महतो, भीम सिंह मुंडा, राजु साव, मदन सिंह सरदार, चिनिबास महतो, विशाल चौधरी, डॉ भूषण मुर्मू, मनोरंजन महतो, दिवाकर सिंह, सच्चिदानंद महतो, राम कृष्ण महतो, दिलीप महतो, राजू दत्ता, आकाश महतो आदि काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## न्यूज फटाफट

### राज्य स्तरीय महासम्मेलन आयोजित

**चांडिल :** यदुवंशी गोप समाज के तत्वाधीन में चांडिल डैम शीश महल परिसर में राज्य स्तरीय महासम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव, विशिष्ट अतिथि के रुप में मनोज यादव उपस्थित हुए। इस दौरान झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से समाज के सम्मानित अतिथि उपस्थित हुए। इस मंच के माध्यम से समाज को जागरूक होकर एक विचारधारा के पथ पर चलने के लिए मार्गदर्शन दिए। साथ ही सभी अतिथियों ने शिक्षा पर अधिक से अधिक जोर देने का आश्वासन दिए। इस अवसर पर विनोद कुमार गोप, विश्वनाथ गोप, धरमू गोप, अंगद गोप, बबलू यादव, सुनील गोप, भगवान गोप, ममता गोप, शीला गोप, दुर्योधन गोप आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय:जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार**
द्वितीय तल्ला, समाहरणालय परिसर, लातेहार
ईमेल–latehar.mdm@gmail.com/mdmltr@yahoo.in

**–:आवश्यक सूचना :–**

श्री मुन्ना नगेसिया, सहायक शिक्षक, उ0म0वि0, कोलपुरवा, अंचल–बरवाडीह जो कि आप दिनांक 19.11.2021 से लागातार बिना सूचना विद्यालय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं, जो कि सरकारी सेवक के आचरण के प्रतिकूल है। फलस्वरूप झारखण्ड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2016 के तहत अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

अतएव आपको सूचित किया जाता है कि एतद् संबंधी विद्यालय में योगदान कर अनुपस्थिति के कारण के साथ अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को संसूचित करना सुनिश्चित करेंगे।

PR 292092Human Resource Developement(22-23)#D
जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची**
E-mail ID: jepceranchi1@gmail.com, Phone No. 0651-2444501, 2444502

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति के सम्मेलन हेतु टेन्ट, सजावट एवं साउण्ड सिस्टम, भोजन, फ्लैक्स, बैनर तथा स्टैंडी हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक अधिकृत प्रतिष्ठान/फर्म अपने सीलबन्द लिफाफा मे राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पदनाम से कोटेशन/निविदा झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची मे दिनांक 13.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे तक समर्पित करेंगे। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोटेशन/निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। किसी भी कोटेशन/निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

कोटेशन/निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत विवरणी झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् के वेब साइट www.jepc.jharkhand.gov.in एवं राज्य परियोजना कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

राज्य परियोजना निदेशक,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची
PR 292090 (Jharkhand Education Project Council) 22-23 (D)

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

e-Procurement (Short Notice Inviting Tender)
Reference No. - UDD/HMC/HZB/40/2022-23
1. Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Shop in Matwari Gandhi Maidan in Ward No. 12 under Municipal Corporation, Hazaribag | 18,93,100/- | 38,000/- | 5,000/- | 03 Month (90 days) |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 09.03.2023 at 11:00 A.M. |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | 17.03.2023 up to 2:00 P.M. |
| 4 | Hardcopy Submission date | 18.03.2023 up to 2:00 P.M. |
| 5 | Bid Opening date | 18.03.2023 at 02:00 P.M. |
| 6 | Name & Address of office inviting tender | Executive Engineer Municipal Corporation, Hazaribag |
| 7 | Contact No. of Procurement officer | 9431797115 |

NOTE:
- Only e-Tenders will be accepted.
- No Hard Copy will be accepted after 18-03-2023 up to 2.00 PM.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 292089 Urban Development and Housing (22-23)_D
Sd/- Executive Engineer
Municipal Corporation, Hazaribag

झारखण्ड सरकार, जल संसाधन विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
सुवर्णरेखा नहर प्रमण्डल गोंगुडीह, मुख्यालय–जमशेदपुर।
(e-mail id :- eescdghojsr.chandil@gmail.com)
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– WRD/IGC/SCD/Gangudih/F2-03/2022-23 दिनांक–06.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Cleaning and Resectioning of Minors and Sub-Minors Ex. From different chanages of Saraikela Distributory (Km. 10.200 to Km. 33.235) to flow water upto visible length of canal. |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू० में) | रू० 41,31,247.00 (रूपये इकतालीस लाख इकतीस हजार दो सौ सैंतालीस मात्र)। |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | रू० 5000.00 (रूपये पाँच हजार मात्र)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रू० में) | रू० 82,750.00 (रूपये बयासी हजार सात सौ मात्र)। |
| 5 | कार्य समाप्ति की अवधि | 90 दिन (3 माह) |
| 6 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | दिनांक 13.03.2023 को 5:00 बजे अपराह्न से। |
| 7 | निविदा प्राप्त डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि एवं समय | 13.03.2023 को 5:00 बजे अपराह्न से 20.03.2023 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 8 | परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि | 21.03.2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 22.03.2023 को 1:00 बजे अपराह्न। |
| 10 | निविदा प्रकाशित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | ई० सुभाष सिंह, कार्यपालक अभियंता, सुवर्णरेखा नहर प्रमण्डल गोंगुडीह, मुख्यालय–जमशेदपुर। |
| 11 | ई–निविदा आमंत्रण सेल का हेल्प लाईन नं० | 0657–3610191 |
| 12 | निविदा प्रकाशित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 0657–2651344 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जाएगा।
2. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in देखें।
PR 292079 Water Resource(22-23)D
विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
सुवर्णरेखा नहर प्रमण्डल गोंगुडीह, मुख्यालय–जमशेदपुर।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग**

– :: आम सूचना ::–

एतद् द्वारा हजारीबाग जिला क्षेत्रान्तर्गत सदर/दारू/कटकमसांडी/कटकमदाग/चुरचू/डाढ़ी/बड़कागाँव/केरेडारी/विष्णुगढ़/टाटीझरिया/ईचाक/बरही/पदमा/बरकट्ठा/चलकुशा एवं चौपारण प्रखण्ड के आमजनों को सूचित किया जाता है कि गर्मी को ध्यान में रखकर उक्त क्षेत्रों में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग के स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष सं०– 06546–262291 पर नलकूप मरम्मति/शहरी जलापूर्ति/ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनाओं से संबंधित शिकायतों को प्राप्त किया जायेगा। जिसके नोडल पदाधिकारी श्री युगल प्रसाद सिंह, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल सं०–01, मो०–8051015036 हजारीबाग एवं उनके अधीनस्थ सदस्यों के रूप में श्री फेकन राम, आशुलिपिक, श्री उपेन्द्र कुमार एवं श्री विजय कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक तथा श्री सुशील कुमार ओझा एवं श्री संतोष कुमार, अनुसेवक नियंत्रण कक्ष में रहेंगे। वर्णित दूरभाष पर उक्त क्षेत्र के ग्रामीण जनता नलकूप मरम्मति/शहरी जलापूर्ति/ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनाओं में त्रुटि के निराकरण हेतु कार्य अवधि में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत प्राप्त होने पर उसके निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

पेयजलापूर्ति संबंधित शिकायत को निराकरण हेतु प्रखण्डों में पदस्थापित सहायक अभियन्ता/कनीय अभियन्ता का नाम एवं मोबाईल नं० निम्नांकित है, जिनसे पेयजलापूर्ति की समस्या के समाधान हेतु उनसे सीधे संपर्क किया जा सकता है।

| क्र० | अवर प्रमण्डल पदाधिकारी का नाम/मोबाईल नं० | कार्यरत कनीय अभियन्ता का नाम/मोबाईल नं० | कार्यक्षेत्र | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री युगल प्रसाद सिंह, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल सं०–01 एवं 02, हजारीबाग मो०–8051015036 | श्री विजय प्रसाद, प्रशाखा सं०–1, शहरी क्षेत्र हजारीबाग मो० नं०–9304933309 | शहरी क्षेत्र हजारीबाग एवं कटकमदाग | |
| | | श्री अरूण कुमार प्रशाखा – सदर, हजारीबाग। मो० नं०–7295921997 | प्रखण्ड–सदर एवं दारू | |
| | | श्री चन्द्रीका राम प्रशाखा – चुरचू मो० नं०–8789356527 | चुरचू एवं डाढ़ी | |
| | | श्री दिनेश एक्का प्रशाखा–विष्णुगढ़ मो० नं०–8084495895 | प्रखण्ड– विष्णुगढ़ एवं टाटीझरिया | |
| | | श्री अनुपम राय प्रशाखा–ईचाक मो० नं०–8340564821 | प्रखण्ड–कटकमसांडी एवं ईचाक | |
| | | श्री प्रदीप तिर्की प्रशाखा–बड़कागाँव, मो० नं०–7856880117 | प्रखण्ड–बड़कागाँव, केरेडारी, | |
| 2 | श्री निखिल कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल बरही, हजारीबाग मो–8076635024 | श्री प्रदीप तिर्की प्रशाखा–बड़कागाँव, मो० नं०–7856880117 | प्रखण्ड– बरकट्ठा एवं चलकुशा | |
| | | श्री विमल कुमार प्रशाखा–बरही मो० नं०– 7739042466 | प्रखण्ड–बरही, चौपारण एवं पदमा | |

PR 292021 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D
कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर बिहार
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर >> अपडेट

### भवानीपुर मध्य विधालय में मना होली मिलन समारोह

मोतिहारी पू.च. : जिला अंतर्गत आदापुर प्रखंड के उ.म.वि कटकेनवा भवानीपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं के गुरु शिष्य की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए प्रधानाध्यापक इम्त्याजुल हक ने कहा कि होली भाईचारे का पर्व है। जिससे आपसी प्रेम संबंध में प्रगाढ़ता आती है। वरीय शिक्षक विद्या सागर बाबू ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के साथ होली खेलना एक अच्छी पहल है। जिसमें बच्चों और शिक्षकों के बीच आपसी समंजस्यता और प्रेम की धारा का अनवरत प्रवाह होता है। शिक्षक विजय साह ने बच्चों को होली क्यों मनाते इस बारे में बताया।

# दो दिवसीय अमृत महोत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन

राष्ट्रीय खबर

मुंगेर : नन्द कुमार उच्च विद्यालय, वासुदेवपुर मुंगेर के प्रांगण में दो दिनों से जारी आजादी का अमृत महोत्सव फोटो प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आज पांच मार्च को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, मुंगेर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री प्रणव कुमार माननीय विधायक, मुंगेर श्री शंकर रजक, वार्ड पार्षद, वार्ड नंबर 4,प्रो० डॉ० अरुण कुमार पोद्दार, सामाजिक कार्यकर्ता, मुंगेर श्री मनोज कुमार पोद्दार, सामाजिक कार्यकर्ता, मुंगेर मौजूद थे।




कार्यक्रम स्थल पर आज कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता मुंगेर एवं जमालपुर के बीच हुआ जिसमे जमालपुर की टीम विजेता और मुंगेर उपविजेता हुए।

कबड्डी प्रतियोगिता भी मुंगेर एवं जमालपुर के बीच हुआ। जिसमें जमालपुर की टीम विजेता और मुंगेर उपविजेता रहा।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीम को माननीय विधायक मुंगेर द्वारा विभाग की ओर से पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीम को वार्ड पार्षद, वार्ड नंबर 4 एवं उपस्थित अतिथि द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मंत्रालय के द्वारा पंजीकृत दल रॉकर्ट किरणजन द्वारा गीत एवं नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों को जागरूक कियागया। साथ ही आजादी का अमृत महोत्सव पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें सफलता प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया। श्री सुदर्शन किशोर झा, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी,मुंगेर द्वारा विषय-वस्तु पर विस्तार से जानकारी दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्री राजा आलम, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी,भागलपुर द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन श्री नवल किशोर झा, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, पटना द्वारा किया गया।

## छापेमारी में शराब, शराबी सहित कारोबारी गिरफ्तार

बगहा : पुलिस जिला अंतर्गत लौकरिया थाना क्षेत्र के बैरिया खुर्द गांव में एक कारोबारी के घर पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पांच लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया। शनिवार की शाम हुई इस छापेमारी में शराब के साथ शराब कारोबारी व एक शराबी भी पुलिस के गिरफ्त में आ गए जिन्हें गिरफ्तार कर शराब सहित लौकरिया लाया गया। पुलिस दोनों पर नामजद मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। इसकी पुष्टि करते हुए लौकरिया थाना अध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बैरिया खुर्द गांव में देसी चुलाई शराब का कारोबार किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम को छापेमारी के लिए भेजा गया। जहाँ पर राजकुमार धांगड़ के घर से पांच लीटर देसी चुलाई शराब जब्त करते हुए राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं नरकटी निवासी प्रेमकिशुन बीन को मौके पर शराब सेवन के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्त में आये शराब कारोबारी व शराबी पर बिहार मद्य उत्पाद निषेध अधिनियम के तहत अलग-अलग सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## थाना मे जनता दरबार के दौरान की गई सुनवाई



सुगौली, पू.च : स्थानीय थाना में शनिवार को लगा जनता दरबार,जनता दरबार में फरियादियों की उमड़ी भीड़ की सुनवाई अंचलाधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता और थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने किया। इसके बाद अधिकारियों ने बताया कि भटवलिया के शिव ज्योति देवी और अशर्फी साह, भटवलिया के विधा प्रसाद और पूरण प्रसाद, मुशवा के भूषण सहनी और हजारी सहनी के बीच और अवधकिशोर सिंह और चंद्रिका यादव के बीच आई जमीनी मामलो की सुनवाई की गई बताया गया है जनता दरबार में सुनवाई के लिए छह मामले आए हुए थे जिसमें सुनवाई के दौरान पांच मामलो का निष्पादन कर दिया गया। इस बाबत थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि छोटे मोटे आने पर मामले को जल्द सुनवाई कर दो पक्षों के सहमति से हल करा दिया जाता है। कोशिश किया जाता है कि लोगों की समस्यायों का समाधान जनता दरबार में ही कम समय में ही समाप्त करा दिया जाए जिससे लोगो का समय और पैसा दोनो की बचत हो।

## बकाए राशि व भुगतान नही होने से शिक्षक संघ ने बीआरसी में डीईओ का पुतला दहन किया



सुगौली, पू.च. : प्रखंड के बीआरसी परिसर में नगर पंचायत प्रारंभिक शिक्षक संघ के शिक्षकों ने एनआईओसी से प्रशिक्षित शिक्षकों के अंतर वेतन सहित अन्य बकाए राशि का भुगतान नही होने पर बिहार शिक्षा निदेशक रवि प्रकाश व डीईओ का पुतला दहन शनिवार को किया। अध्यक्ष दारोगा यादव,राकेश श्रीवास्तव, बाबूलाल बैठा, संदीप कुमार श्रीवास्तव सहित कई लोगों ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा कोर्ट के जजमेंट का गलत व्याख्यान कर शिक्षकों पर प्रताड़ित किया जा रहा है। जबकि अन्य जिले के सभी शिक्षकों के अंतर वेतन का भुगतान किया जा रहा है। मौके पर नथुरेन कुमार, शबनम खातुन, प्रियंका कुमारी, भरत कुमार, अनिल कुमार, गुफराना बेगम, चंदा देवी, रुपा कुमारी, तबरेज, शमीम अख्तर, निशांत आनंद, ओसी आलम, उमेश रजक सहित कई मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला स्वच्छता चैंपियन सम्मान समारोह आयोजित

राष्ट्रीय खबर

मोतिहारी पू च : डॉ राधाकृष्णन सभागार में जिलाधिकारी, मोतिहारी की अध्यक्षता में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति पूर्वी चंपारण के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला स्वच्छता चैंपियन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को जिलाधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रथम चरण में चयनित 51 ग्राम पंचायतों के स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं राज्य स्तर से चयनित सम्मानित होने वाली पांच महिलाएं निम्नवत है। रम्भा



प्रवीण, मुखिया, ग्राम पंचायती राज, सिसवा पूर्वी, चंडहिया। पूनम देवी, मुखिया, ग्राम पंचायत राज, मच्छरगांवा, कोटवा कमला खातून, मुखिया, ग्राम पंचायत राज, मूर्तिया, आदापुर लक्ष्मी कुमारी, स्वच्छताग्राही, ग्राम पंचायत राज, बरवा, आदापुर, आरती कुमारी, स्वच्छता पर्यवेक्षिका, ग्राम पंचायत राज, फुलवरिया, ढाका जिलाधिकारी ने कहा कि जिलेभर में अर्जित प्रबंधन का कार्य गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करें। गांव को स्वच्छ रखने बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। मोतिहारी जिले को राज्य में ही नहीं बल्कि देश में प्रथम स्थान पाने के लिए प्रयास सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, समन्वय एसएलबीएम, स्वच्छता पर्यवेक्षक, प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव आदि उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय जिलई इस्तमा का आयोजन, बडी संख्या में पहुंचे जमाती

राष्ट्रीय खबर

बगहा : देश व समाज में अमन चैन व शांति का पैगाम जिलई इस्तमा देता है। बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा एक के रामनगरी महुअवा पंचायत में आयोजित तीन दिवसीय जिलई इस्तमा में आये हजारों हजार की संख्या में जमातियों ने धर्म गुरु ने कही। उन्होंने अमन चैन, भाईचारे दिन के राह पर चलने की नसीहत जमातियों को दी। जमात निकाल कर 40 दिन व चार महीना चलने की बात करते हुए कहा कि जमात निकालने एवं अल्लाह की कहे हुए पथ चिन्हों पर चलें। नेकी की राह पर चलते हुए इमानदारी, अच्छाई एवं भलाई करने की रास्ते पर चलने की बात जमातियों से कही। उन्होंने कहा कि पैगंबर



हजूर सल्लल्लाहु अलैहिस्सलाम बताये गए रास्ते पर चलने का सिख देता है। ताकि समाज में अमन चैन, भाईचारे, शांति कायम बनी रहे। उक्त इस्तमा में देश के कोने कोने से जमाती मौजूद रहे। पंचायत के मुखिया मो आजाद ने बताया कि इस्तमा में हिन्दू - मुस्लिम सभी समाज के लोग शरीक हो सकते है तथा पैगम्बर के बताये गए राह पर चल कर जीवन सफल बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि पैगम्बर किसी व्यक्ति विशेष या धर्म विशेष का नही होते हैं। वे सभी को नेकी की राह पर चलने का संदेश देते हैं। इस्तमा को सफल बनाने में पंचायत के पूर्व मुखिया मो शमशाद, सरपंच मो शरीफ, दिलदार अहमद, पूर्व सरपंच मो तबरेज, आसिफ रजा, मो गुड्डू समेत दर्जनों समाजसेवियों का सराहनीय सहयोग देखा गया रामनगरी महुअवा के लोगो समेत नवयुवको का भरपूर सहयोग रहा।

# जिला कार्यालय में हुई भाजपा की बैठक, बूथ व पन्ना स्तर पर मजबूती के लिए होगा कार्य

राष्ट्रीय खबर

बगहा : रविवार के दिन भाजपा जिला कार्यालय बगहा में महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के लोकसभा में 31 जनवरी 2023 को दिए गए अभिभाषण एवं बूथ सशक्तिकरण पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सह बगहा विधायक राम सिंह व संचालन जिला उपाध्यक्ष सह जिला कार्यक्रम प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने किया। सर्वप्रथम कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे, बगहा विधायक राम सिंह, कार्यक्रम क्षेत्रिय प्रभारी सह पूर्व विधायक सच्चिदानंद सिंह, जिला प्रभारी आनंद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात वंदे मातरम और आगत अतिथियों का स्वागत किया गया। बगहा भाजपा जिला अध्यक्ष सह विधायक राम सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विषय प्रवेश कराते हुए महामहिम राष्ट्रपति के संसद में दिए गए अभिभाषण एवं बूथ सशक्तिकरण पर अपना विचार व्यक्त किया।

कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं के समक्ष महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा संसद में दिए गए अभिभाषण को भाजपा जिला महामंत्री भूपेंद्र नाथ तिवारी, अभिन्य कुमार लल्ला, सुरेश गुप्ता, विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश बाबू, अजय राय ने अपने अपने संबोधन के दौरान पढ़कर सुनाया। क्षेत्रीय प्रभारी सह पूर्व विधायक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम 20 फरवरी से शुरू है जो 20 मार्च तक चलेगा। उन्होंने कहा कि जिले की सभी विधानसभाओं में बनाए गए प्रत्येक शक्ति केंद्रों पर यह कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसके लिए प्रदेश, जिला एवं मंडलों के पदाधिकारी सहित सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री का प्रवास व जिम्मेदारी तय किया गया है।

राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे ने अपने संबोधन में बगहा जिला अंतर्गत सभी बूथों की स्थिति पन्ना प्रमुखों के चयन एवं संगठनिक विस्तार पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस दौरान राज्य सांसद ने हमारा बूथ सबसे मजबूत का नारा देते हुए धरातल पर उतर कर मजबूती से काम करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। बूथ सशक्तिकरण पर उनके वक्तव्य पर मौके पर उपस्थित सभी कार्यकर्ता तालियों के साथ अपने रजामंदी दी। बैठक को जिला प्रभारी आनंद सिंह, लोकसभा प्रभारी व्रजराज श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष गजेंद्र नाथ मिश्रा, पूर्व मंत्री राजेश सिंह ने भी क्रमवार संबोधित किया। जिला प्रवक्ता दीपक शाही ने उपस्थितों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम समाप्ति पर सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान बैठक में वाल्मिकिनगर लोक सभा प्रभारी व्रजराज श्रीवास्तव, जिला प्रभारी आनंद सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भूप नारायण, चन्द्र भूषण सिंह, पंकज झुनझुनवाला, मनोज सिंह, जिला महामंत्री भूपेंद्र नाथ तिवारी, सुरेश गुप्ता, जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि रितु जायसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश वर्मा, रवेंद्र नाथ तिवारी, चनपा प्रमुख प्रतिनिधि विजय सिंह, लल्ला दुबे, विजय कुमार साह आदि उपस्थित रहे।

## बाजार पर चढ़ी होली की रौनक खरीदारों की उमड़ी भीड़

राष्ट्रीय खबर

सुगौली, पू.च : रंगो का पारम्परिक पर्व होली अपने उफान पर है एक और जहां बाजार की दुकाने रंग,अबीर, पिचकारी और रंग बिरंगे मुखौटे से जहां सज गए है वही गांव देहातो से लोग होली पर्व की खरीदारी के लिए बाजारों की ओर पहुचने लगे है हिन्दुओं का यह पर्व जीवन में खुशियां लाने वाला होता है लोग एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर आपसी प्रेम बढ़ाते है। प्रकृति भी फागुन और फगुआ में अंगड़ाई लेती है। पेड़ पौधों पर नये-नये पत्ते लगते हैं रंग-बिरंगे फुलो लद जाते है और प्रकृति की सुंदरता बढ़ाते है।आमो पर लगने वाले मंजर वातावरण में मीठी-मीठी सुगंध बिखेरते हैं। पर्व के खुमारी में लोग जहां-तहां होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन करते है जहां लोग इकठ्ठा होते है होली के गीत गाते हैं ढोल, झाल,मजिरा और डफली बजाते है। फगुआ के गीत गाते हैं नाचते झुमते एक दूसरे को रंग-अबीर



लगाकर गले मिलते है।इसको लेकर बाजारो में होली में लगने वाले रंग-अबीर पुआ पकवान बनाने के सामान और नये-नये कपड़े खरीदते है।इस अवसर पर लोग मीट,मछली और मुर्गा भी खूब खाते है।तरह-तरह के पकवान बनाएं जाते है और अपनी इष्ट मित्रों को भी खिलाते है।बुजुर्गो के माने तो होली का पर्व शांतिपूर्वक पारम्परिक तरीके से मनाने पर जीवन में भरपूर खुशियां और आनंद मिलता है।यह पूर्ण रूप से स्नेह प्रेम और खुशियों का त्योहार है। समाज के प्रबुद्ध, बुजुर्ग, समाजसेवी और सम्मानित लोगों में पूर्व मुख्य पार्षद फेनबती देवी, मो अब्दुल्लाह, व्यावसायिक संघ अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, नूरहोदा कुरैशी, हीरो शोरूम प्रोपराइटर इराफतुल्लाह उर्फ राजा, किशोर पांडे, प्रदीप सर्राफ, प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सहनी, समाजसेवी अलाउद्दीन, समाजसेवी विकास शर्मा, श्याम शर्मा, पूर्व मुख्य पार्षद उमेश प्रसाद, प्रोफेसर संत लाल,मो परवेज अख्तर, मुखिया संघ अध्यक्ष सोनालाल सहनी सहित दर्जनो लोगो ने होली पर्व को प्रेम और भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण और आपसी मेल-जोल से होली का पर्व मनाने की अपील की है।

# योग, अध्यात्म एवम धार्मिक पुस्तकों के प्रति बढ़ते रुझान को दिखाता है, पुस्तक मेले के स्टॉल पर लगी भीड़

कुणाल भगत

मुंगेर : विश्व पुस्तक मेला दिल्ली का आज अंतिम दिन था। मेले में सभी आयु वर्ग के लोगो की भारी भीड़ यह दर्शाता है कि इंटरनेट के जमाने में भी पुस्तको के प्रति कोई रुझान कम नही हुआ है। सबसे चौकाने वाली बात इस पुस्तक मेले में देखने को मिली कि योग, आध्यात्म और धार्मिक बुक स्टॉल पर सभी आयु वर्ग के लोगो की भारी भीड़ जुटी। ऐसा लग रहा था कि किताब लेने वालो की लंबी लाइनें लगी हो।बिहार के मुंगेर योग विद्यालय के योग पब्लिकेशन ट्रस्ट का भी स्टॉल पहली बार पुस्तक मेले में देखने को मिला।वहा भी आयोजको को स्टॉल पर आने वाले लोगो से फुर्सत नही मिल पा रही थी। यह पहली दफा है कि बिहार योग विद्यालय मुंगेर ने



अपनी पुस्तको को विश्व पुस्तक मेले में प्रदर्शित किया है। आयोजकों से जब बिहार जनमत के पत्रकार ने इसका मकसद जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि पुस्तक मेले में परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में योग प्रकाशन ट्रस्ट बिहार द्वारा योग परंपरा की पुस्तको का प्रदर्शन किया जा रहा है एवम इसका मकसद दुनिया में हर किसी को योग पर उपलब्ध समृद्ध और सबसे प्रामाणिक किताबों से साक्षात्कार करना-कराना है। अभी तक योग की 300 से अधिक पुस्तको का प्रकाशन परम गुरु स्वामी सत्यानंद सरस्वती जी एवम उनके शिष्य स्वामी निरंजनानंद सरस्वती जी के मार्गदर्शन में हो चुका है। विश्व प्रसिद्ध योग विद्यालय के योग पब्लिकेशन ट्रस्ट के पास योग का सबसे प्रामाणिक और अच्छी तरह से रिसर्च किया हुआ साहित्य उपलब्ध है। विश्व के हरेक योग के उच्च शिक्षण संस्थानो में बिहार योग विद्यालय मुंगेर द्वारा प्रकाशित पुस्तकें ही प्रामाणिक मानी जाती है। वही उन्ही हॉल में बगल में लगे गीता प्रेस, गायत्री परिवार एवम कई नामचीन धार्मिक प्रकाशकों के बुक स्टॉल भी लगे हुए थे, जिनपर भी सभी आयु वर्ग के लोगो की भारी भीड़ देखने को मिल रही थी। ऐसा लगता है नई पीढ़ी में भी धर्म, योग एवम आध्यात्म के प्रति रुचि कम नहीं हुई है।

## शब-ए-बरात व होली को लेकर नगर थाना में हुई शांति समिति की बैठक, डीजे पर प्रतिबंध

राष्ट्रीय खबर

बगहा : शब-ए-बरात व होली पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाए। जिसको लेकर नगर थाना में शांति समिति की बैठक की गई। बताते चलें की बगहा में गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल दिया जाता है। सभी एक दूसरे के साथ मिलकर दोनों त्योहार मनाएं। रविवार को नगरथानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने शांति समिति की बैठक की बैठक किया। बैठक में उन्होंने होली पर विधि व्यवस्था और शांति के लिए पुलिस बल, अधिकारी सहित गश्ती करने की बात कही। इसके साथ ही कहा कि होली पर्व पर असामाजिक तत्व एवं हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। बताया कि होली पर डीजे पर पूर्णता प्रतिबंध रहेगा। अगर किसी के द्वारा डीजे



का संचालन कराया जाता है,तो संबंधित लोगों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की जाएगी। अगर किसी के द्वारा बेवजह हुड़दंग किया जाता है तो पुलिस प्रशासन उसके साथ सख्ती से निपटेगा। इस अवसर पर सदस्यों ने होली व शब ए बरात पर प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने का आश्वासन प्रशासनिक पदाधिकारियों को दिया। बैठक में अवर निरीक्षक सतीश कुमार, मुकेश कुमार सिंह, बैजू कुमार पाठक, पंकज यादव, मो. फिरोज, संतोष राम, रमेश राम, सतीश वर्मा, चमन कुमार सिंह, राकेश कुमार, अनिल सिंह, अविनाश कुमार, दीपक शाही, मुखिया दुर्गेश ठाकुर ठाकर, अजय राउत, प्रेम शंकर चौधरी आदि लोग शामिल रहे।

## संपादकीय

# विपक्ष की चिट्ठी और ईडी की सक्रियता भी मुद्दा

विपक्ष के कई प्रमुख दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है। इस पत्र में अनेक उदाहरण देते हुए कहा गया है कि दरअसल सरकार अब तमाम केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग सिर्फ अपने विरोधियों को सबक सीखाने और राजनीतिक लाभ के लिए कर रही है। इस पत्र लिखने में कांग्रेस शामिल नहीं है। वैसे भाजपा को अगर यह रास्ता दिख रहा है तो वह राह भी कांग्रेस की दिखाई हुई है। कांग्रेस ने भी कभी केंद्रीय एजेंसियों का इसी तरीके से दुरुपयोग किया था। उधर विदेश की जमीन पर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी लगातार यह आरोप लगा रहे हैं कि वर्तमान सरकार के काम काज के तरीकों से भारत में लोकतंत्र को चोट पहुंच रही है। भाजपा वालों को राहुल गांधी की यह बात नागवार भले गुजरे लेकिन जो आरोप वह लगा रहे हैं, उसकी नींव तो खुद नरेंद्र मोदी ने अपने विदेश दौरों के दौरान रखी थी। अब वही परंपरा दूसरे भी निभा रहे हैं। वैसे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष



राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेशी से मोदी सरकार पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने लंदन में दावा किया है कि मोदी सरकार में लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है। राहुल गांधी लंदन में इंडियन जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में भाजपा के उन आरोपों को पलटवार कर रहे थे, जिसमें उन पर भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन के खतरे को नहीं समझते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि लद्दाख में भारत का लगभग 2000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीनी कब्जे में चला गया है। उन्होंने कहा कि मैं दोहराता रहता हूं कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया है, लेकिन, सरकार पूरी तरह से इससे इनकार कर रही है। यह खतरनाक है।उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा इसलिए आवश्यक हो गई, क्योंकि हमारे लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। मीडिया, संस्थागत ढांचे, न्यायपालिका और संसद सभी पर हमले हो रहे हैं। हमें अपनी आवाज और लोगों की आवाज को सामान्य चैनलों के माध्यम से रखने में बहुत मुश्किल हो रही है। यह आधुनिक भारत में पहले कभी नहीं देखा गया है। राहुल ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा की तुलना तीन दशक पुरानी भाजपा की रथ यात्रा से की। उन्होंने कहा भाजपा की भी रथ यात्रा थी, एक अंतर है। उस यात्रा का केंद्र एक रथ था, जो राजा का प्रतीक है। हमारा रथ लोगों को जुटा रहा था और गले लगा रहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा के खिलाफ लोगों में काफी गुस्सा है। भारत जोड़ो यात्रा में यह देखने को मिला, लेकिन मीडिया इसके बारे में नहीं दिखाएगी। इस यात्रा में बहुत अंडर करंट था। उन्होंने कहा कि हम संस्थागत ढांचे से लड़ रहे हैं। आरएसएस और भाजपा ने उन जांच एजेंसियों को अपने कब्जे में ले लिया है जिन्हें तटस्थ रहना चाहिए। भाजपा के खिलाफ एकजुट हो रहा है विपक्ष के सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दलों के साथ काफी तालमेल है। बातचीत चल रही है। मैं उनमें से कई के बारे में जानता हूं। भारत में मीडिया की कार्यशैली पर पूछे गए सवाल के जवाब पर राहुल गांधी ने कहा कि जन लामबंदी बहुत शक्तिशाली है। इसलिए भारत में तानाशाही सोच स्थायी तौर पर कायम नहीं रह सकती है। इधर विपक्ष के नेताओं का पत्र भी इन्हीं बातों को रेखांकित करता है। ऐसा तब हो रहा है जबकि सीबीआई बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से पूछताछ कर रही है। ईडी की छापामारी के बाद एक वीडियो के लीक होने की वजह से झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव का तबादला कर दिया गया है। इस वीडियो के जारी होने का स्रोत स्पष्ट नहीं है लेकिन इतना तो समझा ही जा सकता है कि जिस किसी ने भी यह वीडियो तैयार किया है, वह विशाल चौधरी के कार्यालय में मौजूद रहा होगा। अब उसने यह वीडियो किसे दिया और किस माध्यम से यह सोशल मीडिया में आया, यह अलग बात है। इसलिए दोनों तरफ की खेमाबंदी के बीच अब भाजपा को सबसे अधिक परेशानी पंजाब मे आम आदमी पार्टी की सरकार से होने लगी है। जब कभी भी वहां की पुलिस मुंह उठाकर दिल्ली में किसी भाजपा नेता को गिरफ्तार करने आ पहुंचती है। अब तमिलनाडू में बिहारी मजदूरों से मार पीट का फर्जी वीडियो जारी करने के आरोप में यूपी के एक भाजपा नेता पर दर्ज मुकदमा तमिलनाडू पुलिस को भी उत्तर प्रदेश भेजने वाली है। इससे पहले हमलोगों ने देखा है कि पश्चिम बंगाल की पुलिस के दिल्ली पहुंचने पर क्या कुछ हुआ था। इसलिए यह शह मात का खेल अब तेज होने लगा है।

# महिलाओं के प्रति बदलना होगा नजरिया

**8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**




भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है। भारत वह देश है जहां महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम इक्कीसवीं सदी की बात करे तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है।

हमारे देश में महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है तथा विकास में भी बराबर की भागीदार है। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है।

देश में 2021 में 2020 के मुकाबले महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 15.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के 4,28,278 मामले दर्ज हुए हैं। जबकि 2020 में 3,71,503 मामले दर्ज हुए थे।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
पत्रकार

एनसीआरबी की रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि प्रति एक लाख की आबादी पर महिलाओं के खिलाफ अपराध 2020 में 56.5 फीसदी से बढ़कर 2021 में 64.5 फीसदी हो गए हैं। इनमें अधिकतर मामले 31.8 फीसदी पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के हैं। इसके बाद 20.8 फीसदी मामले महिलाओं की गरिमा को भंग करने इरादे से उनपर हमला करने के हैं। 17.6 फीसदी उनके अपहरण के और 7.4 फीसदी बलात्कार के हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के सबसे ज्यादा मामले असम में सामने आए है। यानी 168.3 फीसदी। जबकि बीते तीन साल में इसमें गिरावट दिखी है। राज्य में बीते साल इस तरह के 29,000 मामले दर्ज हुए हैं। इसके अलावा टॉप पर रहने वाले राज्यों में ओडिशा, हरियाणा, तेलंगाना और राजस्थान शामिल हैं।

राजस्थान में भी असम की ही तरह मामलों में मामूली कमी देखी गई है। जबकि बाकी के तीन राज्यों ओडिशा, हरियाणा और तेलंगाना में मामले बढ़े हैं। रिपोर्ट में वास्तविक दर्ज मामलों में उत्तर प्रदेश 56,083 पहले स्थान पर है। हालांकि उसकी दर 50.5 फीसदी से कम है। राजस्थान 2021 में बलात्कार की उच्चतम दर 16.4 फीसदी रही है और यह वास्तविक दर्ज 6,337 मामलों के साथ लिस्ट में टॉप पर है। हालांकि नागालैंड बीते तीन साल से महिलाओं के खिलाफ सबसे कम अपराध वाले राज्यों में बना हुआ है। यहां 2019 में 43, 2020 में 39 और 2021 में 54 मामले दर्ज हुए हैं। यहां 2021 में भी महिलाओं के खिलाफ सबसे कम अपराध दर 5.5 फीसदी दर्ज की गई है।

एनसीआरबी की नई रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले साल हर दिन दो नाबालिग लड़कियों से बलात्कार हुआ है। आंकड़ों से पता चलता है कि दिल्ली में 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 13,892 मामले दर्ज किए गए। जिसमें 2020 की तुलना में 40 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है। साल 2020 में यह आंकड़ा 9,782 था। दिल्ली के बाद मुंबई में 5,543 मामले और बेंगलुरु में 3,127 मामले आए थे।

थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन की ओर से जारी किए गए एक सर्वे में भारत को पूरी दुनिया में महिलाओं के लिए सबसे खतरनाक और असुरक्षित देश माना गया है। महिलाओं के प्रति यौन हिंसा, मानव तस्करी और यौन व्यापार में ढकेले जाने के आधार पर भारत को महिलाओं के लिए खतरनाक बताया गया है। इस सर्वे के अनुसार महिलाओं के मुद्दे पर युद्धग्रस्त अफगानिस्तान और सीरिया क्रमशः दूसरे और तीसरे, सोमालिया चैथे और सउदी अरब पांचवें स्थान पर हैं। इस सर्वे में 193 देशों को शामिल किया गया था।

इससे यह साबित होता है कि 2012 में दिल्ली में एक चलती बस में हुए सामूहिक बलात्कार के बाद अभी तक महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पर्याप्त काम नहीं किए गए हैं। 2012 में हुए निर्भया कांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा और उनके खिलाफ होने वाली हिंसा देश के लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया था। अब प्रश्न यह है कि क्या भारत सच में महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान नहीं है। पाश्चात्य देशों का भारत के प्रति रुख कभी सकारात्मक नहीं रहा है। आज भारत जब जहां एक ओर विकास की लम्बी छलाग लगा रहा है वहीं दूसरी ओर कुछ विदेशी संस्थान दूर बैठ कर भारत के ऊपर नकारात्मक रिपोर्ट बना रहे हैं। कुछ घटनायें वाकई में शर्मनाक हैं लेकिन कुछ घटनाओं के लिए पूरे देश को जिम्मेदार तो नहीं ठहराया जा सकता है। इस रिपोर्ट में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि इसलिए दिखाई दे रही है। क्योंकि रिपोर्ट बनाने से पहले उनके द्वारा इस प्रकार का माहौल बनाया जाता है।

भारत में महिला सुरक्षा से जुड़े कानून की सूचि बहुत लंबी है। इसमें हिंदू विडो रीमैरिज एक्ट 1856, इंडियन पीनल कोड 1860, मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1861, क्रिस्चियन मैरिज एक्ट 1872, मैरिड वीमेन प्रॉपर्टी एक्ट 1874,चाइल्ड मैरिज एक्ट 1929, स्पेशल मैरिज एक्ट 1954, हिन्दू मैरिज एक्ट 1955, फॉरेन मैरिज एक्ट 1969, इंडियन डाइवोर्स एक्ट 1969, मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन एक्ट 1986, नेशनल कमीशन फॉर वुमन एक्ट 1990, सेक्सुअल हर्रास्मेंट ऑफ वुमन एट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 आदि। इसके अलावा 7 मई 2015 को लोक सभा ने और 22 दिसम्बर 2015 को राज्य सभा ने जुवेनाइल जस्टिस बिल में भी बदलाव किया है। इसके अन्तर्गत यदि कोई 16 से 18 साल का किशोर जघन्य अपराध में लिप्त पाया जाता है तो उसे भी कठोर सजा का प्रावधान है।

देश में महिलाओं के प्रति खराब होते माहौल को बदलने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं अपितु हर आम आदमी की भी है। हम सभी को आगे आकर महिला सुरक्षा की लड़ाई में महिलाओं का साथ देना होगा तभी देश की मातृ शक्ति सर उठा कर शान से चल सकेगीं। फिर कोई विदेशी संस्था भारत के खिलाफ इस तरह की नकारात्मक रिपोर्ट जारी करने से पहले सौ बार सोचेगी। अब महिलाओं को समझना होगा कि आज समाज में उनकी दयनीय स्थिति समाज में चली आ रही परम्पराओं का परिणाम है। भारत के प्रति ऐसी नकारात्मक रिपोर्ट भारत में खबर बनाने की विदेशी संस्थाओं की सोची समझी साजिश के अलावा कुछ और प्रतीत नहीं होता।

# लगन से मिलती है मंजिल

**प्रेरक प्रसंग**

संस्कृत भाषा में पाणिनी के कठिन व्याकरण को सुगम बनाकर जिस 'मुग्धबोध'नामक संस्कृत व्याकरण की रचना महापंडित बोपदेव जी ने की, उनके गुरुकुल जीवन का एक ज्ञानवर्धक प्रसंग है -

बोपदेव की स्मरण शक्ति बहुत कम थी, बहुत कोशिस के बावजूद भी व्याकरण के शुत्र उन्हें याद नहीं होते थे। उनके सहपाठी भी उन्हें चिढ़ाते थे। इन सब से परेशान और दुखी होकर बोपदेव एक दिन गुरुकुल से भाग खड़े हुए।

चलते-चलते रास्ते में उन्हें कुआ दिखाई दिया, जो ऊपर से पत्थर का बना हुआ था। उस कुए पर गांव के लोग जल भरा करते थे। कुए पर रस्सी के मदद से जल भरा जाता था। जिस कारण पत्थरों पर अनेक



गढ्ढ़े जैसा निसान बन गया था।
बोपदेव ने सोचा।। एक मुलायम रस्सी के बार-बार रगड़ के कारण पत्थरों पर अनेक गड्ढे जैसा निसान बन गया है। और जिस पत्थर पर महिलाएं घड़ा रखती थी वहां पर भी गड्ढा बना हुआ है।

बोपदेव ने मन ही मन सोचा,,, जब मुलायम रस्सी और मिटटी के घड़े की बार-बार रगड़ लगने से पत्थर में गड्ढा बन सकता है। तो निरंतर और दृढ अभ्यास से क्या मै विद्वान नहीं बन सकता हूँ।

ऐसा विचार करके बोपदेव तुरंत गुरुकुल की ओर लौट पड़े, वे आश्रम में दुगना उत्साह के साथ जुट गए और सच्ची लगन व सतत अभ्यास के कारण आगे चलकर सुप्रसिद्ध विद्वान बन कर राजदरबार के महापंडित बने।

प्रेरक प्रसंग से तात्पर्य : लगन, विश्वास, धैर्य, हिम्मत हो तो प्रत्येक संघर्ष में सफलता जरूर मिलती है।

## नजरिया

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति मामले पर मिली-जुली प्रतिक्रिया

देश के जाने-माने न्यायविद्ध और पूर्व अटॉनी जनरल मुकुल रोहतगी ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले पर सवालिया निशान लगाया है जिसमें कोर्ट ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए तीन सदस्यीय पैनल बनाने की व्यवस्था बनाये जाने का आदेश दिया है। रोहतगी ने कहा कि कानून बनाना कोर्ट का काम नहीं है। कानून संसद में बनाया जाता है जिसको व्यवहार में लागू किए जाने की जिम्मेदारी न्यायपालिका की होती है। रोहतगी तीन सदस्यीय पैनल बनाए जाने के बिल्कुल खिलाफ हैं। खासकर पैनल बनाते समय सुप्रीम कोर्ट ने जो उदाहरण दिया,उससे तो रोहतगी बिल्कुल भी विश्वास नहीं रखते हैं।सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार वस्तुतः एक तरह का कलेजियम बनेगा, जिसमें प्रधानमंत्री और नेता विपक्ष अथवा लोकसभा में सबसे बड़े दल के नेता के साथ तीसरे सदस्य के रूप में सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश होंगे। इस फैसले के बाद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति उसी तरह होगी, जैसे



**अजय कुमार**
पत्रकार

> **बस यही बात समझ से परे है क्योंकि वर्तमान में जिसने आरोप सीबीआई को झेलना पड़ते हैं उतने किसी अन्य संस्था को नहीं?**

सीबीआइ निदेशक की होती है। पिछले कुछ समय से सीबीआइ निदेशक का चयन तीन सदस्यीय पैनल के माध्यम से हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट को लगता है कि इससे जिस तरह से सीबीआइ की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने बंद हो गए हैं। चुनाव आयोग पर भी आरोप लगने बंद हो जाएंगें। बस यही बात समझ से परे है क्योंकि वर्तमान में जिसने आरोप सीबीआई को झेलना पड़ते हैं उतने किसी अन्य संस्था को नहीं? मौजूदा दौर की राजनीति में यह नहीं कहा जा सकता है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की नई व्यवस्था बनने के बाद चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठने का सिलसिला बंद हो जाएगा। जो भी हो, सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की व्याख्या इस रूप में होना स्वाभाविक है कि उसने कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल देने का काम किया है,जबकि संविधान में साफ-साफ लिखा है कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति राष्ट्रपति की ओर से की जाएगी।

मुकुल रोहतगी 2011 से लेकर 2014 तक एडीशनल सॉलिसिटर जनरल रह चुके हैं। रोहतगी कई बड़े मामलों में पैरवी करते रहे हैं, जिसमें बेस्ट बेकरी केस, जाहिरा शेख, योगेश गौड़ा और जज लोया का मामला भी शामिल है। 66 साल के मुकुल रोहतगी के बारे में कहा जाता है कि इनकी सिर्फ भाजपा,कांग्रेस में ही नहीं अन्य दलों में भी अच्छी खासी पकड़ है।बहरहाल, बात सुप्रीम कोर्ट के फैसले की कि जाए तो उसके आदेशानुसार तय की गई व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक संसद कोई कानून नहीं बनाती। पता नहीं सुप्रीम कोर्ट कानून की किस धारा के अनुसार यह उम्मीद पाले बैठा है कि संसद सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुरूप ही कानून बनाएगी? संसद सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार कानून बनाने के लिए कतई बाध्य नहीं है।सवाल यह भी उठेगा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की जैसी व्यवस्था आवश्यक समझी गई, वैसी उच्चतर न्यायपालिका के न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में उसके द्वारा क्यों नहीं समझी जा रही है? सुप्रीम अदालत द्वारा जिस तरह का पैनल चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए बनाने का आदेश दिया गया है, उसे वैसा ही आदेश पहले अपने ऊपर लागू करना चाहिए था। न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए क्यों नहीं पैनल बनाया जाना चाहिए? यह ठीक नहीं कि जो सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में कार्यपालिका से पारदर्शिता की अपेक्षा करे, वह न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में इस अपेक्षा पर खरा न उतरे। इसका क्या अर्थ कि न्यायाधीश ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करें?

## जानकारी

# कैसे पहुंचे हरिद्वार




हवाई मार्ग सेः जॉली ग्रांट हवाई अड्डा निकटतम हवाई अड्डा है। रेल द्वाराः हरिद्वार जंक्शन दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, देहरादून, अहमदाबाद और पटना जैसे प्रमुख शहरों से रेल द्वारा अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। सड़क मार्ग सेः हरिद्वार अन्य प्रमुख उत्तर भारतीय गंतव्यों जैसे दिल्ली, यूपी, हरियाणा और पंजाब के साथ-साथ उत्तराखंड के अन्य हिस्सों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। बस सेवाएं लगातार और किफायती हैं। कोई भी हरिद्वार के लिए ड्राइव कर सकता है या टैक्सी किराए पर ले सकता है। ए/सी, गैर-ए/सी और डीलक्स बसें हरिद्वार को प्रमुख भारतीय शहरों और पर्यटन स्थलों से जोड़ती हैं।

करने के लिए स्थान उत्तराखंड में यात्रा #9: बद्रीनाथ..बद्रीनाथ उत्तराखंड का एक लोकप्रिय तीर्थस्थल और पर्यटन स्थल है। बद्रीनाथ समुद्र तल से औसतन 3,100 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और अलकनंदा नदी के तट पर स्थित है। यह भारत के चार धामों में से एक है। शहर में कई ट्रेक मार्ग भी हैं और यह पर्वतीय अभियानों के लिए प्रसिद्ध है।

# Xiaomi का Redmi Smart TV शानदार डिजाइन

**साइबर दुनिया**



नई दिल्लीः .Xia की ओर से इसकी सब ब्रैंड Redmi का नया स्मार्ट जल्द लॉन्च होने वाला है। कंपनी ने अधिकारिक रूप से स्मार्ट ळश के लॉन्च की घोषणा कर दी है। इसका टीजर कंपनी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जारी कर दिया है। यह टीवी Amazon पर लॉन्च किया जाएगा। ई-कॉमर्स साइट की लिस्टिंग में टीवी के कुछ स्पेसिफिकेशंस भी पता चलते हैं। चलिए आपको बताते हैं कि इस टीवी में कंपनी कौन से खास फीचर्स और डिजाइन पेश करने वाली है।

Redmi का नया Smart TV कंपनी की ओर से 14 मार्च को लॉन्च होने वाला है। Xia ने अधिकारिक ट्विटर हैंडल पर इसे टीज कर दिया है। टीवी Amazon के माध्यम से लॉन्च किया जाएगा। स्मार्ट TV की Amazon लिस्टिंग में इसके स्पेसिफिकेशंस भी पता चलते हैं। जिसके मुताबिक यह Fire OS 7 ऑपरेटेड टीवी होगा। टीवी में बेजल लेस डिजाइन होगा जिससे यह बेहद शानदार लुक के साथ आएगा।

इसमें ब्लूटूथ 5.0 का सपोर्ट होगा। साथ ही डुअल बैंड वाइफाई, मीराकास्ट और एयरप्ले का सपोर्ट भी दिया जाएगा। कंपनी का ये पहला टीवी होगा जिसे Fire डर के साथ पेश किया जा रहा है। इसके लिए कंपनी ने एमेजॉन के साथ भागीदारी की है। Xia के टीवी इससे पहले Android TV डर के साथ लॉन्च किए जा रहे थे। कंपनी ने एमेजॉन के Fire डर के साथ पिछले साल टीवी लॉन्च की शुरूआत की थी जब ब्रैंड ने F2 Fire TV को 55 इंच तक साइज में लॉन्च किया था। ये टीवी 4ङ रेजॉल्यूशन के साथ-साथ HDR 10 सपोर्ट के साथ आते हैं। कनेक्टिविटी के लिए एचडीएमआई और यूएसबी पोर्ट के साथ-साथ ब्लूटूथ कनेक्टिविटी सपोर्ट भी इनमें मिलता है।

Xiaomi F2 Fire TV एमेजॉन के फायर टीवी प्लेटफॉर्म पर रन करता है। इस मामले में Google TV अन्य प्रमुख प्रोपेरिएटी सॉल्यूशन में से एक है। इसे टीवी पर उपलब्ध सभी फीचर्स को लागू करने के लिए अमेजन अकाउंट की जरूरत नहीं है।

## टॉप ट्वीट



"सुबह 10 बजे मैं 'स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अनुसंधान' पर बजट के बाद के वेबिनार में अपने विचार साझा करूंगा। इस साल के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को और इस क्षेत्र में अनुसंधान तथा नवाचार के लिए भारत को एक केंद्र बनाने को बहुत प्राथमिकता दी गई है।"

**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



"अपने मंडे मोटिवेशन को कुछ ऐसा होने दें जिसे करना आपको पसंद हो, कुछ बेहतरीन गाने पर कैलोरी घटाने से बेहतर कॉम्बो क्या हो सकता है। मेरा आज का रूटीन लोअर बॉडी टार्गेटेड कार्डियो ड्रिल था"।

**शिल्पा शेट्टी**
बॉलीवुड अभिनेत्री

## संपादक के नाम पत्र

### बांग्लादेश की बिगड़ती अर्थव्यवस्था

कोरोना महामारी के कारण दुनिया के अनेक देशों की अर्थव्यवस्था बिगड़ने से देश की जीडीपी में कमी से जनजीवन पर काफी बुरा असर पड़ा है ।महामारी के बाद दुनिया के 53 देशो में आर्थिक संकट है ।विदेशी पूंजी खत्म होने के कगार पर है ।जिस तरह से पड़ोसी देश पाकिस्तान कंगाल और दिवालिया होने की कगार पर है ।वही बंगलादेश के सितारे गर्दिश में है ।बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत का राजनीतिक दौरा कर चुकी है ।भारत के प्रधनमंत्री मोदी ने बंगलादेश का दौरा किया है ।बांग्लादेश भारत का कारोबारी देश है ।आयात भी करता है और निर्यात भी करता है ।कपड़े का बहुत बड़ा निर्यातक देश है ।लेकिन पिछले दिनों से बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति आय में कमी आने के बाद भारत से भी नीचे चला गया है ।बांग्लादेश को पाकिस्तान से अलग करने का श्रेय भारत को जाता है ।बंगलादेश में हसीना की पार्टी में बढ़ते भ्रष्टाचार की वजह से बंगलादेश की पटरी से उतर गया है ।जिस देश मे भ्रष्टाचार का दीमक लग जाता है ।वह देश कभी तरक्की नही कर सकता है ।पूर्ववर्ती सरकारो में हर महीने भ्रष्टाचारियो के नाम की सुर्खियां बटोरी जाती थी ।हेडिंग में भ्रष्टाचारी की कुंडली और फोटो प्रकाशित होते थे ।देश की समृद्धि भ्रष्टाचार की भेंट नही चढ़नी चाहिए ।आठ वर्ष की सफर में भारत विश्व का आर्थिक व्यवस्था में पांचवा स्थान दर्ज कर दिया है ।हम अनूमान लगा सकते है कि वर्तमान सरकार के विकासलक्षी आयोजनों से भारत की आर्थिक सद्दरता बड़ी है ।पाकिस्तान और बंगलादेश की गंभीर स्थिति के कारण जनजीवन पर मुश्किले बढ़ी है ।हसीना की सरकार की ढांचागत कमजोरियों को समय पर दुरुस्त नही किया तो उभरते इस देश की स्थिति बिगड़ सकती है ।कपड़ा उधोग के लिए जाना जाने वाले बांग्लादेश के भारत के साथ रिस्ते मजबूत है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### शिविर में 65 महिलाओं का बना आयुष्मान कार्ड

**इचाक :** परासी पंचायत के बड़ा अखाड़ा में सैकड़ों महिलाओं के साथ चमेली देवी, रुखसाना प्रवीण बीटीटी नागेश्वर पासवान की अगुवाई में किया बैठक व कैंप लगाया गया। कैंप में सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई। 65 महिलाओं का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। यह योजना राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित हैं। वही रुखसाना प्रवीण ने आयुष्मान कार्ड के लाभ को सभी महिलाओं के बीच बताया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### अज्ञात वाहन की टक्कर से सीसीएल कर्मी घायल

**बेरमो/कथारा :** कथारा फुसरो मार्ग पर गायत्री ज्ञान मंदिर के समीप अज्ञात वाहन की ठोकर से सीसीएल कथारा वाशरी कर्मी घायल हो गया। घायल कर्मी कथारा चार नंबर सब स्टेशन कॉलोनी निवासी भानु लोहार बताया जाता है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे कथारा क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया। जहां अस्पताल के चिकित्सक द्वारा उसका प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी रेफर कर दिया गया है।इस संबंध में घायल कथारा वाशरी एचएमएस कर्मी भानु लोहार ने बताया कि वह रविवार की संध्या लगभग 8 बजे फुसरो से अपने आवास कथारा चार नंबर दोपहिया वाहन संख्या खल्09अफ/1092 से लौट रहा था, कि गायत्री ज्ञान मंदिर के समीप सामने से तेज रफ़्तार आ रहे एक चरपहिया वाहन ने उसे ठोकर मार दिया। जिससे वह गिरकर घायल हो गया।घायल कर्मी का प्राथमिक उपचार कर रहे कथारा क्षेत्रीय अस्पताल के वरीय चिकित्सक डॉ बी. के. झा ने बताया कि घायल कर्मी के दाएं पैर में निचे गंभीर चोट है। साथ हीं उसके दांया हांथ जगह जगह छील गया है। जिसके कारण उसे बेहतर इलाज के लिए सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी रेफर किया गया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**बेरमो :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल का बेरमो शाखा के संरक्षक ओम अग्रवाल के निवास स्थान पर गिरिडीह से चास जाने के क्रम में आगमन हुआ।आज के आगमन का मुख्य उद्देश्य प्रांतीय कार्यकारिणी समिति और कोयलांचल प्रमंडलीय अधिवेशन की होने वाली 19 मार्च की बैठक की जानकारी देना था। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ डूंगरसी दास अग्रवाल और सम्मेलन के बेरमो शाखा अध्यक्ष रामावतार कारीवाल, कोषाध्यक्ष नेमीचंद गोयल,बोकारो जिला उपाध्यक्ष आनंद गोयल, बेरमो शाखा के सदस्य दिलीप गोयल ,ललित अग्रवाल, सुरेंद्र खेमका की उपस्थिति रही।

### जागरूकता दिवस और होली मिलन समारोह

**बेरमो/जरीडीह बाजार :** बेरमो अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति द्वारा जरीडीह पूर्वी पंचायत सचिवालय में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर जागरूकता दिवस और होली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं केक काटकर किया गया है। इस अवसर पर महिलाओं को कानूनी से संबंधित कई जानकारियां दी गई साथी उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं के द्वारा होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासनिक पदाधिकारी , प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, आंगनवाड़ी सेविका ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। बेरमो वीडियो मधु कुमारी ने महिलाओं के विकास एवं प्रगति से संबंधित कई जानकारी दी कहा महिलाओं को सशक्त बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है ।

**प्रदर्शन** आरोपी पर कारवाई नहीं हुई तो जारी रहेगा आंदोलन : मनीष जायसवाल

# थाना प्रभारी के विरोध में सड़क पर उतरे लोग




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** जिले के जंगली क्षेत्रों में सैकड़ों अवैध खदानों से मोटरसाइकिल और साइकिल सहित अन्य माध्यमों से बोरी में करके प्रतिदिन हजारों टन कोयला जंगलों के गुप्त ठिकाने पर डंप किया जाता है और वहां से ट्रकों में लोड कर मंडियों में बेचा जाता है। इस पर हजारीबाग पुलिस की अनदेखी सरकार और प्रशासन पर सवाल खड़ा करती है जबकि ग्रामीण क्षेत्र में छोटे-मोटे नाश्ते का होटल संचालन कर रहे गरीब को जलावन चूल्हा जलाने पर भी कटकमसांडी थाना प्रभारी ने सवाल खड़ा कर दिया। कटकमसांडी बाजार स्थित गंगा बाबा नाश्ता होटल के बाहर एक पुलिसकर्मी द्वारा गलत तरीके से मोटरसाइकिल पार्किंग किए जाने के मामले को कटकमसांडी थाना प्रभारी ने ऐसा तुल दिया कि पूरे कटकमसांडी में उनकी दादागिरी का दहशत का माहौल बन गया। बहुत ही छोटे से मामले को जिससे वह आसानी से सुलझा सकते थे उसे और सुलगाते हुए तिल का ताड़ कर दिए।

कटकमसांडी थाना प्रभारी ने होटल में रखें महज डेढ़ बोरी जलावन कोयले को लेकर संचालक को ऐसा घेरा और स्पष्टीकरण मांगने पर उतारू हुए की बाज आवरण थानेदार ने सरेआम संचालक को कई अपशब्द कहे और महज डेढ़ बोरी कोयले को 20 बोरी बना देने एवं एफआईआर कर जेल भेज देने की धमकी भी दे डाला। कटकमसांडी थाना प्रभारी के अनैतिक रवैया और दादागिरी का रूप इस मामले में ऐसा दिखा जैसे उन्हें अपने बरिया पदाधिकारियों का कोई ख्वाब ना हो।

इस घटना के बाद कटकमसांडी बाजार क्षेत्र के व्यवसाय भयभीत हो गए और पूरे प्रखंड क्षेत्र में यह बात आग की तरह फैल गई जिसके बाद कटकमसांडी क्षेत्र की जनता ने कटकमसांडी थाना प्रभारी के आचरण के विरोध में बिगुल फूंकने का मन बना लिया। अंततः तंग होकर सोमवार को कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र की जनता कटकमसांडी थाना प्रभारी के मनमानी रवैया के खिलाफ सड़क पर उतर गई।

इसकी बानगी सोमवार को कटकमसांडी बाजार में सुबह से ही दिखा जब होली का महत्वपूर्ण त्यौहार होने के बावजूद भी यहां एक भी दुकान नहीं खुली। लोग शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठ गए। इस आंदोलन को तब और बल मिल गया जब जनता की दर्द सुनने हजारीबाग सदर विधायक मनीष जयसवाल आगे आ गए। घटना के बाद ही सदर विधायक मनीष जायसवाल रविवार की देर शाम को कटकमसांडी बाजार पहुंचे।

## महिला मंडल ने किया होली मिलन समारोह



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय चन्दौल में महिला मंडल के सदस्यों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है । इस होली मिलन समारोह का मुख्य अतिथि चन्दौल पंचायत समिति सदस्य सुनिता देवी, पति- सुरेश चौधरी अचेशवर राम, वार्ड सदस्य सीमा देवी, पुर्व शिक्षक बेचन रजवार , सदस्य संजु देवी, सुजाता देवी, कविता देवी, शान्ति देवी, किरन देवी, देवंती देवी, सोनिया देवी, रूमा देवी, गिरबाला देवी, रेखा देवी, अनीता देवी, खुशबू देवी, माला देवी, प्रतिभा देवी, पुष्पा देवी, मीना देवी, फुलेश्वरी देवी, चिंता देवी, अन्य लोग भी शामिल थे । मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि होली भाईचारगी का त्यौहार है। इस दिन सभी भेद भाव भूलकर लोग एक दूसरे के साथ रंग में डूब जाते हैं। उन्होंने पंचायत के लोगों को शांति पूर्ण तरीके से पर्व मनाने का अपील की है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग होली एवं शब ए बारात पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सोमवार प्रेस कांफ्रेंस सह होली मिलन समारोह आयोजित कर प्रशासनिक व पुलिस तैयारियों के बारे में मीडियाकर्मियों को जानकारी दी गई। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने बताया पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनी रहे, सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे, आम नागरिक सुविधा उपलब्ध रहे इसके लिए प्रशासन मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर दी है। नगर निगम,स्थानीय प्रशासन, संबंधित विभाग सहित अन्य आकस्मिक सेवा वाले विभाग अलर्ट मोड़ में रहने के लिए निर्देश दिए गए हैं। दूरभाष अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए क्यूआरटी टीम सक्रिय रहेंगी। विधि व्यवस्था एवं सांप्रदायिक तनाव के मद्देनजर चलंत डीजे के साथ किसी भी तरह के जुलूस निकालने पर पाबन्दी लागू रहने की जानकारी उपायुक्त ने दी। पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने बताया कि विधि व्यवस्था बनाए रखने एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। सामान्य पेट्रोलिंग से लेकर आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। 24 घण्टे कन्ट्रोल रूम को क्रियाशील किया गया है। इमरजेंसी सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा गया है। इस दौरान तीन हजार अतिरिक्त पुलिस बल के अलावा रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की जाएगी। हुड़दंगियों पर पुलिस सख्ती से निपटेगी, शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले पर मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधान के तहत कारवाई की जायेगी साथ ही पुलिस गस्त बढाई जायेगी। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की आईटी सेल से निगरानी रखी जा रही है।

सहायक थाना डाड़ीकला में शांति समिति की बैठक संपन्न

## डीजे साउंड का प्रयोग ना करें : थाना प्रभारी मणिलाल सिंह



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना के सहायक डाड़ीकला थाना परिसर में होली एवं सब्बे बारात त्यौहार को लेकर शांति समिति की विशेष बैठक की गई।जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी मणिलाल सिंह व संचालन पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने किया। मौके पर थाना प्रभारी मणिलाल सिंह ने लोगों से कहा कि होली एवं सब्बे बारात को दोनों समुदाय शांतिपूर्वक मिलजुल भाई चारगी के साथ मनाएं।शिकायत का मौका नहीं दे। और डीजे साउंड का प्रयोग ना करें। उन्होंने कहा कि आपके क्षेत्र में अगर असामाजिक तत्व जैसे कुछ लोग अगर रंग में भंग डालने का काम करते हैं तो तुरंत पुलिस को खबर करें आपकी सेवा के लिए 24 घंटे तात्पर्य है। वही मौके पर सभी लोगों ने एक दूसरे को अभी लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर , निर्मल राम , मोहम्मद फयूम, मोहम्मद तोहिर, राजेश रजक, पंकज साहू, पदुम साहू, रियासत हसन एसआई , मनोज सिंह, शंकर राम, मोहम्मद खालिल, कोलेश्वर राम, भुनेश्वर प्रजापति ,रंजीत कुमार महतो, अनुज कुमार सिंह, द्वारका कुमार भारती ,सूरज कुमार, प्रमोद कुमार, मोहम्मद सियाग के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## ब्रज के रास की तर्ज पर खेली गई फूलों की होली




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** मटवारी गांधी मैदान में श्री गौरांग सेवा फॉउंडेशन एवं श्री हरे कृष्णा समुदाय हजारीबाग के संयुक्त निर्देशन में धूमधाम से गौर पूर्णिमा महोत्सव एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।मटवारी गांधी मैदान से भव्य संकीर्तन नगर भ्रमण करते हुए श्रद्धालुओं ने श्री राधा कृष्ण के भक्ति में डूबे हुए थे। वृंदावन गोकुल एवं वरसाने की सजल भाव को समेटे हुए ब्रज बृंदावन मथुरा की रास की तर्ज पर श्री गौर पुर्णिमा महोत्सव का बड़ा ही सुंदर आयोजन प्रभुपाद भक्तों द्वारा किया गया। भव्य शोभा यात्रा बड़े ही सुसज्जित और मर्यादित ढंग से कोर्रा चौक से मटवारी पी टी सी मैदान तक निकाली गई। कृष्ण भक्तों ने प्रभु के भजनों पर नाचने के लिए मजबूर हो गए व संकीर्तन का अनंद लिया गांधी मैदान के मुख्य मंच से दास गदाधर दास , श्याम ब्रजविलाश दास, उत्तानपाद दास, एवं गौरांग सेवा फाउंडेशन के कृष्ण भक्तों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। गौर आरती करते हुए ग्यारह सौ किलो के पुष्प की पंखुड़ियों से पुष्पाभिषेक किया गया साथ ही अबीर गुलाल से पारंपरिक श्री कृष्ण होली मिलन कार्यकम अनोखी और अतिमनमोहक बनाया गया।सभी प्रभुपाद भक्तों ने महाप्रसाद प्राप्त कर उक्त कार्यक्रम को विभिन्न प्राकृतिक रंगों से भर दिया ।

**छापामारी** कटकमदाग थाना के अंतर्गत अलग-अलग जगहों पर

# अवैध देसी शराब के विरुद्ध छापामारी की गई



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग चलकुसा थाना अंतर्गत ग्राम खरगू के पास छापामारी कर करीब 200 किलोग्राम जावा महुआ एवम शराब बनाने के उपकरण, अवैध शराब भट्ठी विनष्ट किया गया। कटकमदाग थाना के अंतर्गत ग्राम मसरातू ,कदमा एवं बन्हा में छापामारी कर करीब 150 किलोग्राम जावा महुआ विनष्ट किया गया है । कटकमदाग थाना के अंतर्गत अलग-अलग जगहों पर अवैध देसी शराब के विरुद्ध छापामारी की गई। जिसमे करीब 100 लीटर देसी महुआ एवं करीब 750 किलोग्राम जावा को भी नष्ट किया गया। पदमा ओपी क्षेत्र के जंगलों में छापामारी कर के विभिन्न स्थानों से 31 ड्रम जावा महुआ विनष्ट किया गया एवम् 5 शराब भट्ठी को तोड़ा गया. लगभग 30 लीटर तैयार शराब जब्त किया गया है। बड़कागांव थाना एवम् उत्पाद विभाग हजारीबाग के संयुक्त छापामारी के क्रम में बड़कागांव थाना अंतर्गत हरली, मधैयाढाब, बरवनिया बड़कीटांड, नापो खुर्द, मालडी एवं ढेंगा में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें जिसमे 800 किलोग्राम जावा महुआ एवम् 100 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब को नष्ट किया गया। केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत केरेडारी साप्ताहिक बाजार टांड़ में छापामारी कर लगभग 150 लीटर महुआ शराब को विनष्ट किया गया है। बड़ा बाजार ओपी अंतर्गत हुरहुरू में अवैध महुआ एवम् चुलाई की गई शराब को विनष्ट किया गया। कटकमसांडी थाना अंतर्गत कटकमसांडी बाजार के पास अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी कर करीब 50 लीटर महुआ शराब विनष्ट किया गया। इचाक थाना क्षेत्र के हसेल जंगल से 2400 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया गया। साथ ही सयाल जंगल में 800 किलोग्राम जावा महुआ विनष्ट किया गया। बरकट्ठा थाना अंतर्गत सलैया पंचायत में करीब 300 लीटर जावा महुआ विनष्ट किया गया। पेलावल ओपी। क्षेत्र के ग्राम पबरा के कोनी एवम तिलरा नदी के किनारे 1500 लीटर अवैध जावा महुआ एवम 50 लीटर अवैध देशी महुआ शराब को विनष्ट किया गया। साथ ही गदोखर में 200 लीटर अवैध जावा महुआ और 25 लीटर अवैध देशी महुआ शराब विनष्ट किया गया तथा ग्राम छड़वा भुइया टोली में अवैध देशी महुआ शराब के विरुद्ध छापेमारी कर विनिष्टिकरण कि कार्रवाई की गई। मुफ्फसिल थाना अन्तर्गत अवैध महुआ भट्ठी को नष्ट किया गया एवं निर्मित महुआ शराब को नष्ट किया गया दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामदेव खैरका में दारू छापामारी कर विनिष्टिकरण कि कार्रवाई की गई। चौपारण थाना अंतर्गत विभिन्न जगहो पर अवैध जावा महुआ को विनष्ट किया गया है. अन्य जगहों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

## >>>> न्यूज फटाफट

### डोभा में डूबने से भाई- बहन की मौत



**इचाक :** इचाक थाना क्षेत्र के अलोंजा पंचायत के मदनपुर गांव के दो भाई-बहन डोभा में डूबने से हुई मौत। ज्ञात हो कि दोनों भाई बहन बकरी चराने के लिए खेत तरफ गए हुए था। गर्मी अधिक पड़ने के कारण भाई सौरभ कुमार उम्र 6 वर्ष खेत में खुदे डोभा में नहाने गया नहाने के क्रम में मिट्टी के किचड्ड में में पैर गया और सौरभ कुमार लगा चिल्लाने आवाज सुनते ही उसकी बहन सुमन कुमारी 12 वर्ष भाई को बचाने डोभा में कूदे और वह भी कीचड़ में फंस गई। दोनों भाई बहन के मौके पर मौत हो गई। दोनों का पिता मनोज यादव बताया जा रहा है। डोभा मंगुरारा पंचायत के सिमाना में पड़ता है। यह बात सुनते ही गांव में पसरा मातम। होली का त्यौहार गम में बदला। मृतक के घर जाकर मुखिया सीकन्द्र मेहता ने परिवार वालों को दीया सांत्वना व बंधाया ढाढस बंधाया।

### पूंजीवादी नीति खिलाफ महानगर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**हजारीबाग :** हजारीबाग महानगर कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में सोमवार को अडानी के पक्ष में भाजपा की मोदी सरकार की घोर पूंजीवाद की नीति के खिलाफ आंदोलन हेतू अनंदा कॉलेज के पास यूनियन बैंक कार्यालय के पास एकदिवसीय विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि मोदी जी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति से वाकिफ है,गहरे आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थाओं को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की करोड़ों की बचत जोखिम में है । भाजपा सरकार द्वारा अपने करीबी दोस्तों तथा चुनिन्दा अरबपतियों के हितसाधन में देश के एलआईसी के 36 करोड़ पालिसी धारकों तथा एसबीआई के 45 करोड़ खाताधारकों का हित जबरदस्ती अडानी की संस्था में जोखिम भरे लेन देन के जरिए दावं पर लगा दिया गया है ।इसके पूर्व भी सहारा इंडिया में गरीबों का पैसा डुब चुका है और अब एलआईसी और एसबीआई में भी मध्यम वर्ग का पैसा डुबने की बात है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि एकदिवसीय प्रदर्शन की प्रमुख मांग संयुक्त संसदीय समिति के तहत निष्पक्ष जांच हिंडनवर्ग रिसर्च रिपोर्ट में विस्तार से कराया जाये।

### भाजपा किसान मोर्चा की तृतीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक संपन्न

**बेरमो :** भाजपा किसान मोर्चा की तृतीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक टुंडी रतनपुर स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसका उद्घाटन भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद के विधायक राज सिन्हा, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, धनबाद ग्रामीण जिला के अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिंहा, धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल उपस्थित हुए। समापन सत्र में सभी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा 2024 लोकसभा चुनाव का वर्ष है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के उत्थान लिए बहुत सारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। जिसके कारण किसान आज लाभान्वित हो रहे हैं। सभी कार्यकताओं को गांव गांव में जाकर जन जागरण करते हुए पुनः तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। कर्मवीर सिंह ने कहा 2023 मिलिटि वर्ष के रूप में घोषित किया गया है। श्रीअन के उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित करना है। जिससे आगे किसानों की आय दुगनी हो सके। राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी यादव ने कहा कि किसान मोर्चा शक्ति केंद्र तक पहुंच चुकी है। पूरे प्रदेश में किसान मोर्चा की सशक्त टीम है। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री ललित ओझा ने किया। इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से 27 जिलों के प्रदेश पदाधिकारी, प्रमंडलीय प्रभारी, सह प्रभारी, प्रकोष्ठ संयोजक, जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला प्रभारी के साथ-साथ कार्यसमिति के सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने विधायक अपरणा अपर्णा सेनगुप्ता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर पिंकू शुक्ला, अमरनाथ चौधरी, राजकुमार सिंह, प्रदेश मंत्री अनंत तिवारी, प्रभात सिंह, मनमीत अकेला, राजेश कुशवाहा, अजय मुंडा,सरवन राय, अजय निषाद, मनोज गुप्ता, मनीष साव, अशोक मिश्रा, बैजनाथ बेसरा ,अशोक कुमार वर्मा, हरेराम मिश्रा, धर्मेंद्र माथा, चंद्रशेखर माथा, तेज बहादुर सिंह, मदन तिवारी आदि उपस्थित हुए।

### सिविल सहायक अभियंता बी जे सरकार को विदाई दी गई

**बेरमो :** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के जीएम कॉलोनी स्थित आफिसर्स क्लब में सोमवार को समारोह आयोजित कर एसडीओसीएम से सेवानिवृत्त सिविल सहायक अभियंता बी जे सरकार को विदाई दी गई। इस दौरान विभाग के कर्मचारियों एवं संवेदकों ने उन्हें फूल माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। वे पिछले एक दशक से अधिक दिनो से ढोरी एरिया में सिविल सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत थे और अपने कार्यकाल के दौरान काफी लोकप्रिय रहे। विदाई समारोह में विभाग के कर्मचारी, संवेदक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सेवानिवृत्त सहायक अभियंता श्री सरकार ने कहा कि मैंने नौकरी कई एरिया मे किया लेकिन ढोरी क्षेत्र के लोगों ने जो प्यार दिया वह कहीं नहीं मिला। यहां के लोगों ने विपत्ति में भी साथ दिया। कार्यो क्रियान्वयन में सहयोग किया। संवेदक व गणमान्य लोगों ने भी सहायक अभियंता के कार्यों की सराहना की।

### एसडीओसीएम कल्याणी परियोजना में सौहार्दपूर्ण मना होली महोत्सव

**बेरमो :** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ढोरी क्षेत्र के कल्याणी शाखा द्वारा होली महोत्सव आपसी भाईचारे का साथ एक दूसरे को रंग गूलाल लगाकर मनाया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से ढोरी क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री महेन्द्र चौधरी , उपाध्यक्ष श्री बबलू महतो सचिव नरेश प्र० महतो सम्मिलित हुए । कल्याणी शाखा अध्यक्ष गोपाल कुमार , सचिव हिमराज विद्यार्थी , कार्यकारी अध्यक्ष जितेश कुमार , लोकनाथ पंडित , महेन्द्र मुर्मु , भीष्मदेव महतो, शंकर गिरी , भीम रवानी ने रंग लगाकर गले मिलकर होली का बधाई दिया ।

राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र प्रदेश
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## प्रदेश >> अपडेट

### होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**गुमला** : सोसो मोड के भलदम चट्टी स्थित मां दुधेश्वरी स्वयं शंभु धाम के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नागपुरी गायक राम उचित सिंह एंड पार्टी के द्वारा एक से बढ़कर एक नागपुरी होली गीतों से लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में शिबु गोप, धर्मु गोप, रमेश गोप, डॉ राजकुमार सिंह, राकेश सिंह, आलोक कुमार, आनंद किशोर पंडा, अशोक साहू, भोला दास, यशराज सिंह, संतोष कुमार, मृत्युंजय कुमार सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए थे । लोग एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया और सौहार्द्रपुर्ण वातावरण में प्रेम व भाईचारे का यह होली रंगोत्सव का पर्व मनाने का प्रण लिया ।

**समारोह** एनसीपी ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

# खूब उड़े अबीर गुलाल सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे नेता कार्यकर्ता

▶▶ होली का त्यव्हार एकता व भाईचारा का प्रतीकः विधायक

राष्ट्रीय खबर



**हुसैनाबाद,पलामू:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में सोमवार को हुसैनाबाद स्थित टाउन हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह व कार्यकताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन से मुक्त भाई-चारे का संदेश देता है। हमे चाहिए की गिले-शिकवे भूल कर एक दूसरे से गले मिलकर संवृद्ध विकसित शिक्षित हुसैनाबाद का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि जिस तरह रंग एक दूसरे में घुल मिल जाते हैं , इसी तरह हम एक दूसरे के सुख दुख के साथी बने। उन्होंने सभी को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि होली एकता का प्रतीक है। होली रंगों और उमंगों का व्यवहार है। जिस तरह सभी रंग मिलकर इंद्रधनुष की तरह खूबसूरत रंग में तब्दील हो जाते है, उसी तरह हम सभी मिलकर हुसैनाबाद हरिहरगंज में एक नया सवेरा लाने का प्रयास करेंगे। जिसमे जात धर्म समुदाय का कोई बंधन नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि वह हुसैनाबाद के युवाओं को हर क्षेत्र में आगे लाने का प्रयत्न कर रहे हैं।

आने वाला दिन हुसैनाबाद के युवाओं का होगा। इंटक के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि होली का व्यवहार प्रेम और भाईचारा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस होली में सभी को खुशहाल और विकसित हुसैनाबाद के निर्माण का संकल्प लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र खुशहाल तभी माना जाएगा जब यहां के लोग खुशहाल होंगे। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। सुख दुख में एक दूसरे का ख्याल रखते हैं, तो व्यवहार साथ मिलकर क्यों नहीं माना सकते। उन्होंने सभी को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी।

मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देश के जाने माने व्यास रमाशंकर सिंह ने अपनी कला से लोगों को घूमने और थिरकने पर मजबूर कर दिया। कलाकार रमाशंकर सिंह के साथ अन्य महिला कलाकारों ने भी अपने नृत्य से लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया। उपस्थित नेता व कार्यकताओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का खूब आनंद लिया। नेता और कार्यकताओं ने एक दूसरे की रंग अबीर लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। मौके पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रखंड एवं जिला स्तरीय कार्यकर्ता के अलावा हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### पूर्व मुखिया प्रतिनिधि पीडीएस डीलर जितेन्द्र मेहता समेत दर्जनों ने थामा एनसीपी का दामन

**हरिहरगंज/पलामू** : हरिहरगंज प्रखंड के खड़गपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि पीडीएस डीलर जितेन्द्र कुमार मेहता के नेतृत्व में दर्जनाधिक लोगों ने पीपरा में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान राकांपा का दामन थाम लिया। जिन्हें हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जितेन्द्र कुमार मेहता ने कहा कि विधायक अपने कार्य क्षमता और क्षेत्र के विकास कार्यों से काफी लोकप्रिय हैं। जिससे प्रभावित होकर उन्होंने अपने समर्थकों के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया । मौके पर एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजित कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह, पप्पू सिंह , हरिहरगंज के विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा , जिला सचिव अजय कुमार सिंह समेत कई एनसीपी नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी। उधर सरैया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि समाजसेवी विकास तिवारी के नेतृत्व में समारोह के दौरान विधायक का नागरिक अभिनंदन किया। इस दौरान श्री तिवारी ने पंचायत क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए योजना की स्वीकृति प्रदान कराने पर पंचायत वासियों की ओर से उनका आभार जताया और विधायक श्री सिंह के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर विकास तिवारी के साथ नीतीश कुमार , दिनेश सिंह, रंजन सिंह , हरिबंश पासवान आदि मौजूद रहे।

### मयूरी चैताली कालेज मे एडमिशन शुरू

**गुमला** : मयूरी चैताली कालेज गुमला लक्ष्ममनगर में मैट्रिक, इंटर बीएससी नर्सिंग एयर पायलट ,एयर होस्टेस,नेवी मर्चेंट,ओईटी, एमबीबीएस डॉक्टर, नीट कोचिंग,पीजी, पीजीडीसीए ,मेडिकल कोर्सेज, एग्रीकल्चर कोर्सेस में नामांकन के लिए पंजीयन शुरू कर दिया गया है। मयूरी चैताली कॉलेज में इंटर में फ्री एडमिशन नए सत्र के लिए किया जा रहा है।स्टूडेंट को इंटर साइंस के साथ नीट कोचिंग डॉक्टर के लिए तैयारी कराई जाएगी। कॉलेज के निदेशक बसंत कुमार गुप्ता ने बताया कि मयूरी ट्रस्ट के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं सभी ट्रेनिंग एवं शिक्षण कार्य में जिले के बालक बालिका भाग ले सकते हैं। एडमिशन के लिए होली ऑफर के तहत 15 से लेकर 30% तक शुल्क राशि में कटौती की गई है।

# शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**हुसैनाबाद,पलामू:** सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सदैव तत्पर रहेगी। उक्त बातें रविवार को देर शाम पड़वा प्रखंड के ग्राम गोल्हना में प्राचीन शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समापन समारोह में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज ने कहा। श्री भारद्वाज ने कहा कि युवा वाहिनी पलामू प्रमंडल में धार्मिक स्थलों के संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है इस क्रम में विभिन्न मंदिरों के गुंबदों का निर्माण युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वजन हिताय सर्वजन बहुजन सुखाय की बात सिर्फ सनातन संस्कृति ही करता है और राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सनातन संस्कृति को आगे रखकर कार्य करने में विश्वास करती है। इसके पूर्व प्राचीन शिव मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष रामकठीन तिवारी व उपाध्यक्ष राजकमल तिवारी के द्वारा राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी,प्रदेश अनुशासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष तिवारी( पिंकू तिवारी ),प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी,प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय,प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय व पलामू जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी का माल्यार्पण व गेरुआ अंगवस्त्र ओढाकर भव्य स्वागत किया गया।तत्पश्चात युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने द्वीप प्रज्जवलित कर भक्ति जागरण का विधिवत उदघाटन किया।

बताते चलें की पड़वा प्रखंड के ग्राम गोल्हना में प्राचीन शिव मंदिर का जिर्णोद्धार कराते हुए पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ किया गया था।जिसका भक्ति जागरण के साथ रविवार को समापन हो गया।पूरे आयोजन को सफल बनाने में प्राचीन शिव मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष रामकठीन तिवारी, उपाध्यक्ष राजकमल तिवारी, शशिकांत तिवारी, संतोष तिवारी,युगुल किशोर तिवारी, उत्तम तिवारी, सत्यनारायण तिवारी लव तिवारी,अभय द्विवेदी,ओमप्रकाश तिवारी,पंचम तिवारी,बिनय तिवारी व अजीत शुक्ला का काफी सक्रिय योगदान रहा।

# 7 प्रत्याशियों ने जमा किए पर्चे

▶▶ अंजुमन के चुनाव को लेकर गठजोड़ शुरू

राष्ट्रीय खबर



**सिसई:** सिसई में अंजुमन फलाह उल मुस्लिमीन के पदाधिकारियों के चयन के लिए 15 मार्च को होने वाले चुनाव में प्रतायाशियों का गठजोड़ शुरू हो गया है। इस चुनाव को लेकर मुस्लिम समुदाय में भारी उत्साह है। अधिसूचना के अनुसार 4 मार्च संध्या 3 बजे तक फार्म बिक्री के उपरांत फार्म जमा पंजी को सील कर दिया गया। बिके हुए 17 पर्चों के बाद 7 पर्चे जमा हुए। जिसमें 4 सदर पद के और 3 सेक्रेटरी के लिए पर्चे जमा किए गए। आगामी 7 मार्च को स्कूटनी व 10 मार्च को नाम वापसी और चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। इसी बीच चुनाव कमेटी की ओर से मतदाता सूची का प्रकाशन भी किया जायेगा। चुनाव पर्यवेक्षक फिरोज आलम ने बताया कि फार्म जमा करने का समय समाप्त होते ही चुनाव मुख्य पर्यवेक्षक आफताब अंजुम के द्वारा नामांकन पंजी को सील कर दिया गया है। सदर पद के लिए मो अताउल अंसारी, मो रजाबुल अंसारी, सलमान अली, रहमान अंसारी और सेक्रेटरी के लिए समसामुल हक, मो फैयाज अंसारी, मुंताजिर अंसारी ने फार्म जमा किए हैं। इस संबंध में अंजुमन चुनाव प्रभारी परवेज अंसारी ने बताया कि सिसई में मुस्लिम समुदाय के लगभग 2500 पुरुष वोटर अंजुमन फलाहुल मुस्लिमीन के सदर और सेक्रेटरी पद का बैलेट पेपर के द्वारा गुप्त मतदान के माध्यम से चुनाव करेंगे। उमर फारूक अंसारी ने बताया कि मतदान में कुल छह चटाई के मतदाता भाग लेंगे।

जिसमें सरदार मोहल्ला चटाई, पाकर टोला चटाई, लेदरन चटाई, नई बस्ती चटाई, मुफेदुल इस्लाम चटाई, चट्टी चटाई के नाम शामिल हैं। आम चुनाव से चुने गए सदर व सेक्रेटरी सभी चटाई के पदाधिकारियों से मिलकर अन्य पदाधिकारियों का चुनाव करेंगे।

मौके पर अंजुमन चुनाव कमेटी

सिसई के प्रभारी परवेज अंसारी हसनैन खान उमर फारूक अंसारी एजाज अहमद असलम अंसारी जावेद अंसारी इकबाल अंसारी आरिफ अंसारी तौफीक अंसारी तौसीफ अंसारी खालीक अंसारी रब्बानी अंसारी आदि मौजूद थे।

# सामाजिक एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना समारोह का उद्देश्यः विधायक कमलेश

राष्ट्रीय खबर



**हरिहरगंज/पलामू** : पीपरा प्रखंड स्थित थाना के समीप मैदान में एनसीपी द्वारा बीते रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजित कुमार सिंह , विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह,पप्पू सिंह सहित कई अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से फीता काट कर की। समारोह में विधायक श्री सिंह ने कहा कि सामाजिक एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना ही होली मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य है ताकि समाज के हर लोग रंगों के त्यौहार में सराबोर होकर समाज को भाईचारे की भावना से भर दें। उन्होंने कहा कि होली एकता एवं भाईचारा का सबसे बड़ा पर्व है। कहा कि वे क्षेत्र के समुचित विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए उन्होंने लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया।वहीं ने इंटक के प्रदेश सचिव वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह ने कहा कि रंगो का त्यौहार होली एकता का संदेश देता है जो समाज को एकसूत्र में बांधती है। कहा विधायक श्री सिंह हमेशा से ही विकास सहित जन कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारने में लगे हैं। विधायक प्रतिनिधि संदीप ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व है,जिसमें ना तो ऊंच-नीच,ना अमीर-गरीब और ना ही कोई जाति देखा जाता है।होली मिलन समारोह में विधायक समेत एनसीपी नेताओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस दौरान समारोह में कलाकारों ने पारंपरिक होली गीतों और नृत्यों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।मौके पर जिला सचिव अजय सिंह, पीपरा के 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र सिंह,हरिहरगंज विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, जनेश्वर भुइंया, ,चंदेव यादव,सुरेश सिंह,नीरज सिंह,अखलेश मेहता ,मो आबिद सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# अपने हक अधिकार हेतु शिक्षित एवं संगठित बनें : खुशमन

राष्ट्रीय खबर



**गुमला:** जारी प्रखंड के जारडा गांव में घासी समाज का सामाजिक बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष खुशमन नायक एवं विशिष्ट अतिथियों को ग्रामीणों के द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि खुशमन नायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा अपने हक अधिकार को पाने के लिए समाज के लोग शिक्षित एवं संगठित बनें।उन्होंने घासी समाज के चंहुमुखी विकास के लिए युवा वर्ग को आगे आने हेतु प्रेरित किया।खुशमन नायक ने अपने समाज के लोगों को किसी के प्रलोभन में आकर धर्म परिवर्तन न करने की बात कही।खुशमन नायक ने कहा हमारे पूर्वज हिन्दू थे,हमलोग हिंदू हैं और हिंदू ही रहेंगे। उन्होंने धर्म परिवर्तन करने वाले खिलाड़ियों लोगों को अपने

धर्म में वापस आने की बात कही।खुशमन नायक ने धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों को यह भी चेतावनी दी कि अगर कोई परिवार हिंदू धर्म छोड़कर कोई अन्य धर्म में जाने की सोच रखता है तो उसका सामाजिक बहिस्कार किया जाएगा। इस अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम भी किया गया।एक दूसरे में रंग गुलाल लगाकर गिला शिकवा को दूर किया। इस मौके पर ज़िला कोषाध्यक्ष मुकेश नायक, जिला मंत्री रवि नायक,मीडिया प्रभारी शक्ति नायक, भिखेशर नागमणि, भुनेश्वर नायक, रामबिलास नायक,सुखराम नायक ,सुदर्शन नायक, रंजनु नायक, चाउठन नायक,जागेश्वर नायक,राजेंद्र नायक आदि लोगों ने भी लोगों को मार्गदर्शन किया। इस मौके पर शिवराज नायक, जागेश्वर नायक, करिश्मा कुमारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# यादव समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



राष्ट्रीय खबर

**गुमला:** सिसई प्रखंड अंतर्गत लकाया डुमारटोली मैदान में धनीराम गोप की अध्यक्षता में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि सह जिलाअध्यक्ष प्रोफेसर भूषण महतो ने समाज के सर्वांगीण विकास हेतु सबों को एक जुट हो जाने का सन्देश दिया। विशिष्ट अतिथि बेड़ो प्रखंड प्रमुख महाबीर गोप ने होली की शुभकामनायें दी।

युवा अध्यक्ष अशोक यादव एवं युवा प्रकोष्ठ संरक्षक शिवदयाल गोप ने युवाओं को समाज को आगे लेकिन जाने हेतु हर समय सजग रहने और जरुरत पड़ने पर समाज के लिए बलिदान देने के लिए तैयार रहने की बात कही. जिला उपाध्यक्ष चंद्रमोहन यादव ने शिक्षा एवं रोजगार पर अपनी बात रखी। जिला महासचिव दीप ज्योति गोप ने समाज को एकसूत्र में जोड़कर सम्पूर्ण संगठित होने पर जोर दिया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए दिलीप गोप, पवन गोप, राजेश गोप, वीरेंद्र गोप ने भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित फागुवा राग में ठेठ नागपुरी गीत द्वारा सबों को झूमने पर मजबूर कर दिया. संरक्षक मनु गोप, और भगवान श्रीकृष्ण के अंतरसम्बन्ध पर अपनी बात रखी।

# मरीजों के लिए लगाया गया निः शुल्क जांच एवं दवा वितरण शिविर

▶▶ रांची के रिम्स अस्पताल के मशहूर मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार एवं उनकी टीम ने किया मिर्गी मरीजों का निः शुल्क जांच

▶▶ मिर्गी जैसे गंभीर बीमारी के संबंध में सभी सीएचओ एवं अन्य मेडिकल टीम को डॉ सुरेंद्र कुमार द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

राष्ट्रीय खबर



**गुमला:** उपायुक्त सुशांत गौरव की पहल से जिले के मिर्गी के मरीजों एवं अन्य मानसिक रोगियों के इलाज के लिए एक पहल करते हुए प्रोजेक्ट आशा के तहत निः शुल्क जांच शिविर का आयोजन आज रविवार को सुबह 9 बजे से शाम के 5 बजे तक सदर अस्पताल परिसर में किया गया। शिविर में लगभग 500 से अधिक मरीज पहुंचे एवं उन्होंने निः शुल्क अपना जांच करवाया । साथ ही मरीजों को मिर्गी एवं मस्तिस्क से जुड़े रोग से होने वाली समस्याओं से जागरूक किया गया ।

शिविर में रांची रिम्स अस्पताल के मशहूर मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार एवं उनके टीम के द्वारा सभ मरीजों का निः शुल्क जांच किया गया साथ ही उनके इलाज के लिए मुफ्त में दवा का भी वितरण किया गया।

इस दौरान डॉ सुरेंद्र कुमार के द्वारा जिले के सभी सीएचओ एवं मेडिकल टीम को मिर्गी एवं मस्तिस्क रोग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव एवं एसडीओ सदर शामिल रहें।

प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए सभी सीएचओ एवं मेडिकल टीम को संबोधित करते हुए डॉक्टर सुरेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि दुनियाभर में एक हजार में से 10 लोग मिर्गी की चपेट में हैं। समय पर बीमारी की पहचान होने पर इसका इलाज संभव है।डॉक्टरों के मुताबिक फेमिली हिस्ट्री होने या दुर्घटना के कारण दिमाग में चोट लगने के कारण भी यह बीमारी हो सकती है। हालांकि ज्यादतर केसों में इसका कारण पता नहीं लग पाता। मिर्गी एक न्यूरोलॉजिकल रोग है जिसमें दिमाग का कामकाज प्रभावित हो जाता है। इसमें मरीज कभी-कभी चेतना खो सकता है इसके साथ बेहोशी या फिर आंतों या ब्लैडर पर नियंत्रण खत्म हो सकता है।

मिर्गी के दौरों की पुष्टि तब तक नहीं होती, जब तक व्यक्ति को एक या दो से ज्यादा बार दौरा न पड़ जाए।यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है।उन्होंने कहा कि मिर्गी को लेकर समाज में कई तरह की गलत धारणाएं भी बनी हुई हैं, जिनका निवारण केवल जागरूकता से ही हो सकता है।

### राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने वाले पार्टी के साथ रहेगा भोगता समाज : दर्शन

**गुमला** : खरवार भोगता समाज विकास संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने कहा है कि भोगता समाज अब जाग चुका है। समाज के विकास के लिए राजनीतिक भागीदारी चाहिए। हमारा समाज उसी राजनीतिक पार्टी के साथ रहेगा जो पार्टी भोगता समाज को राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करेगा। पालकोट प्रखंड के तपकारा डैम में रविवार को संपन्न खरवार भोगता का सामाजिक सम्मेलन सह होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने उक्त बातें कहीं। जिला अध्यक्ष जीतू प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित सामाजिक सम्मेलन सह होली मिलन समारोह में रांची, खूंटी, लोहरदगा, चतरा, पलामू, हजारीबाग, रामगढ़ सिमडेगा सहित छत्तीसगढ़ और उड़ीसा से लगभग पांच हजार सदस्य शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि झलकू गंझू, जगन्नाथ सिंह भोगता, ऋतिका भोगता, जयश्री प्रधान, मंगल सिंह भोगता, सुदर्शन भोगता खूंटी, बसंत प्रधान सिमडेगा, घुंसी सिंह कोलेबिरा आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए भोगता समाज के शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक स्थिति पर चर्चा की। कहा कि सामाजिक विरासत की रक्षा के लिए सामाजिक कुरीतियों को त्याग करना होगा, शिक्षित और संगठित होना होगा। इस अवसर पर फगुआ गीत संगीत के बीच रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शहर >> अपडेट

## रोड एवं नाली का शिलान्यास

पाकुड़ : नगर परिषद वार्ड संख्या 11 के बागतीपाड़ा मोहल्ले में नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा ने ?0 17 लाख 69 हजार 500 की लागत से बनने वाली पेबर ब्लॉक रोड एवं नाली का शिलान्यास किया। मौके पर वार्ड पार्षद मोनिका कुमारी तथा विभागीय कन्या अभियंता आदित्य मिर्धा मौजूद थे।

सिटी अपडेट्स >>

## शराब के संभावित ठिकानों पर छापामारी जारी

पाकुड़ : आगामी होली महापार्व के मद्देनजर सभी अंचलों के अंचलाधिकारी के नेतृत्व में जिला के सभी शराब की दुकानों और बीयर वार की दुकानों में निरीक्षण किया गया। ताकि अवैध शराब की बिक्री को रोका जा सके। अवैध रूप से बनाए जा रहे शराब के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान जावा महुआ, महुआ शराब को जप्त कर नष्ट किया गया। प्रशासन द्वारा यह अभियान पूरे निरंतर चलाया जाएगा। उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि जिला में अवैध शराब निर्माण पूरी तरह से बंद हो। अवैध रूप से शराब बेचे जाने पर कड़ी से कड़ी विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## छात्र छात्राओं ने मनाया होली

पाकुड़ : स्थानीय भगत पाड़ा स्थित बाल विद्यापीठ स्कूल में होली पर्व के मद्देनजर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभी छात्र एवं छात्राएं इस मौके पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं होली के गीत पर बच्चों ने खूब आनंद उठाया। कविता पाठ का आयोजन किया गया। विद्यालय संचालक राजकुमार भगत द्वारा बच्चों को होली उत्सव मनाने के पीछे उनके कथा को विस्तार से जानकारी दी।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## तीन ऑटो पर लदा एक टन ढिबरा जप्त

कोडरमा : सोमवार की सुबह वन विभाग की टीम ने रेंजर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में तीन ऑटो को जप्त किया है जिसपर एक टन ढिबरा लदा हुआ था। मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच लंगरापराश जंगल के पास से उक्त वाहनों को जप्त किया गया। हलांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। इस बाबत रेंजर रविंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी लंगरापराश जंगल से ढिबरा लोड करके तीन ऑटो डोमचांच की ओर जा रहा है। सूचना पर तीनों ऑटो वाहन को रुकने को कहा गया पर गश्ती दल देखकर लंगरापराश जंगल के समीप गाड़ी छोड़कर कर चालक भागने में सफल रहे। ढिबरा लदे तीनो ऑटो को जप्त कर लिया गया। जप्त करके वन परिसर लाया गया। तीनों टेम्पो में 1 टन ढिबरा लोड था जिसकी कीमत लगभग पचास हजार रुपया बताई जा रही है।

## विद्यार्थियों ने खेली होली

जयनगर : प्रखंड के परसाबाद स्टेशन रोड नेशनल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मुस्ताक खान ने कहा कि होली धूमधाम से मनाएं। यह एक ऐसा त्यौहार है, जो सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर मनाते हैं। एक दूसरे को रंग और अबीर लगाकर इस पावन पर्व के अवसर पर क्षेत्र के अभिभावक, समाजसेवी, राजनीतिक कार्यकताओं को होली की ढेर सारा बधाई देते हैं। मौके पर प्राचार्य प्रियंका रमन, शिक्षक किशोर किसलय, महेंद्र यादव, अमित, शबीर, जितेंद्र, विकास, मिथिलेश, कैलाश, सकलदेव, मुस्ताक, संजय, सद्दाम, ऋतुराज, धीरज, शहनाज, शाइस्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, कहा-शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए होली एवं शब ए बरात

# अफवाह तथा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पर है कड़ी नजर

- अश्लील गानों पर रहेगी प्रतिबंध
- सोशल मीडिया पर भी पुलिस की रहेगी पेनी नजर



राष्ट्रीय खबर

पाकुड़: होली एवं शब ए बरात के मद्देनजर पाकुड़ पुलिस पूरी तरह से अलर्ट और सचेत व सतर्क है। इस निमित्त थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में पाकुर शहरी क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया।पाकुड़ पुलिस ने जिले के समस्त नागरिकों बुद्धिजीवियों से अपील की है कि होली एवं शब ए बरात पर्व के मद्दे नजर जिले में शांति बनाए रखें। किसी भी प्रकार की हुडदंग ना करें, अफवाहों से बचें। अश्लील गीत संगीत से दूर रहें। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा है कि सोशल मीडिया, हिस्टोग्राम, फेसबुक , ट्विटर, व्हाट्सएप ग्रुप, यूट्यूब, आदि पर कोई भी ऐसा, फोटो, तस्वीर, वाक्य , कविता अश्लील शब्द या गाने आदि का प्रयोग ना करें ।जिससे कि किसी की धार्मिक भावना या व्यक्तिगत ठेस पहुंचे । कोई ऐसी बात ना करें जिससे कि कोई धार्मिक भावना भड़के या भड़काने का तथ्य उजागर हो। चौक चौराहों पर अश्लील शब्द या अश्लील गाना बजाना जिससे कि समाज को ठेस पहुंचे ऐसा ना करें किसी भी प्रकार की शिकवा शिकायत है तो तुरंत थाने पर खबर करें। पाकुड़ पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर रखी हुई है। कहां की होली, शबे ए बरात यह सभी पर्व आपसी भाईचारा का पर्व है। सभी सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में आपस में मिलजुल कर भाईचारे के साथ पर्व त्यौहार को बनाएं एक दूसरे पर खुशियां बांटे। आपके सहयोग के लिए हर समय तत्पर है आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को खबर करें। किसी भी सूरत में कानून व्यवस्था को अपने हाथ में ना लें अन्यथा इसकी परिणाम सार्थक नहीं होगा।

## त्यौहार के दौरान मिलावटी मिठाई पर नकेल

उपायुक्त वरुण रंजन के निदेर्शानुसार धनेश्वर प्रसाद हेम्ब्रम, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, पाकुड़ के नेतृत्व में पाकुड़ बाजार स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों एवं किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया। 10 खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें मुख्यता क्वालिटी स्वीट्स, कृष्णा स्वीट्स, हीरा स्वीट्स एंड स्नैक्स, सागर स्वीट्स, अंबा स्वीट्स, उज्जवल स्टोर, साहा स्टोर, बप्पा स्टोर एवं मंडल स्वीट्स एंड स्नैक्स औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रहण किया गया। खाद्य पदार्थों के अंतर्गत काला जामुन मिठाई, चमचम मिठाई , बेसन लड्डू, खोआ बर्फी, सेव भुजिया एव पेठा का नमूना लिया गया। जिसे जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

# आज बिरज में होली रे रसिया.... झूमे श्रद्धालु



- श्री हनुमान संकीर्तन मंडल ने किया होली उत्सव पर भजनों का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

झुमरीतिलैया: नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर सज्जन खेतान के यहाँ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न देव देवताओं का दरबार सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सामुहिक रूप से हनुमान चालीस के साथ शुरू हुई। इसके बाद गणेश वंदना के साथ भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ। भजन गायक राकेश कपिसमें आज बिरज में होली रे रसिया.. सुरेश यादव ने होलिया में उडे रे गुलाल.. ब्यूटी सिंह कभी राम बनकर कभी श्याम बनकर.. सज्जन खेतान ने देना है दीजिय जनम जनम के साथ.. भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालु भक्तों को भक्ति के सागर में गोला लगाने का मौका दिया। इस अवसर पर राकेश राजपुत मनोज माथुर, दिलीप पांडेय सहित कई भजन गायकों ने क्लासिक्ल, भोजपुरी आधारित भजन प्रस्तुत किया। मौके पर मंडल के अध्यक्ष विमल मोदी के अलावा विजय पांडया, अरविन्द चौघरी, विवेक सिंह, नीतिश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# मांगों को लेकर आईएमए और झासा ने निकाला मशाल जुलूस



राष्ट्रीय खबर

कोडरमा: इंडियन मेडिकल एसोसिएशन( आईएमए) और झारखण्ड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ (झासा) राज्य इकाई के निर्णय के आलोक में कोडरमा जिले में चिकित्सको के दोनो संगठनों के सदस्यों ने कैंडल मार्च कर सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया। ज्ञात हो कि चिकित्सक के दोनों संगठनों द्वारा राज्य स्तर पर लगातार बैठके कर चरण बद्ध आंदोलन की रूप रेखा तैयार की जा रही है, गत 1 मार्च को राज्य के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सक अपने कार्यो का बहिष्कार किया था। रविवार को राज्य के सभी जिलों में आई एम ए एवं झासा द्वारा विरोध प्रकट करते हुए कैंडल मार्च निकाला गया और 13 मार्च से राज्य के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सक अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर जाएंगे।

इनकी मांगों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, क्लीनिकल इस्टेबलिशमेंट एक्ट में 50 बेड से कम के अस्पताल और एकल क्लिनिक को इस एक्ट से मुक्त रखने, चिकित्सको के साथ हुए अप्रिय घटनाओं की निष्पक्ष जाँच कर दोषियों पर कारवाई करने की मांग शामिल हैं। कैंडल मार्च में डॉ आर पी शर्मा, डॉ नरेश कुमार पंडित, डॉ रमन कुमार, डॉ राम सागर सिंह, डॉ आर के दीपक, डॉ रंजीत कुमार, डॉ अरुण कुमार, डॉ प्रमोद वर्णवाल, डॉ विकास चंद्रा, डॉ संतोष कुमार, डॉ मनोज कुमार, डॉ रूपेश पंडित, डॉ आर पी मिश्रा, डॉ राजेश कुमार, डॉ नीरज साहा, डॉ राजीवकान्त पांडेय, डॉ राजन, डॉ सोमेश, डॉ शरद सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

## जलवाबाद में जलसा ए दस्तारबंदी का हुआ आयोजन

कोडरमा : जिला मुख्यालय स्थित जलवाबाद मदीना मस्जिद परिसर में बीती रात मदीना एजुकेशन ट्रस्ट के बैनर तले गुंबदे खजरा कॉन्फ्रेंस, जलस ए दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। जलस ए दस्तारबंदी की अध्यक्षता मौलाना शहादत हुसैन ने की। कार्यक्रम की शुरूआत कारी आफताब ने कुरान की तिलावत से की। इस दौरान मदरसे में पढ़ रहे जलवाबाद व जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 19 छात्रों को हाफिज की उपाधी से नवाजा गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ता मौलाना सैयद शाह शमीम उद्दीन अहमद पटना ने कहा कि इस्लाम में शिक्षा हासिल करना फर्ज है और मुसलमान का असल अहम हथियार इल्म ज्ञान है, इसे समझने के साथ जीवन में उतारने की जरूरत है। सैयद शमीम ने कहा इस्लाम में तलाक जायज तो है, पर अल्लाह के नजदीक ये बहुत न पसंदीदा अमल है। मुसलमानों तीन तालाक एक साथ कतई नहीं दे, इससे बचें अल्लाह के अजाब से डरें।

# कौंडिण्या पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित




राष्ट्रीय खबर

झुमरीतिलैया: आश्रम रोड स्थित कौंडिण्या पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया के प्रांगण में विद्यालय की ओर से हाल ही में संपन्न पीटी 3 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए क्लास 6, 7, तथा 8 के छात्र छात्राओं को स्कूल के प्राचार्य मनोज कुमार सिंह एकेडमी डायरेक्टर विक्रांत सिंह, विशाल भदानी तथा प्रोफेसर राखी भदानी एवं अधिवक्ता विकास जैन के द्वारा सम्मानित किया गया।

वर्ग 6 से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा है रिया वर्मा पेरेंट्स रेनू वर्मा द्वितीय स्थान सानिया इमाम पेरेंट्स अकिता खातून तथा इमाम-उल-हक तथा तृतीय स्थान प्राप्त करी शुभांगी रंजन सिंह पेरेंट्स शिल्पी सिंह तथा राजीव रंजन सिंह क्लास 7 से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र हैं ऋषभ रंजन पेरेंट्स शिल्पी सिंह तथा राजीव रंजन सिंह, द्वितीय स्थान प्राप्त किए सागर कुमार पेरेंट्स प्रतिमा देवी तथा अशोक कुमार और तृतीय स्थान पर रहे शुभ जायसवाल पेरेंट्स नीतू कुमारी तथा संजीव जायसवाल। क्लास 8 से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा हैं अदिति रानी पेरेंट्स अनीता देवी तथा अशोक पंडित द्वितीय स्थान पर रहे तल्हा इमाम एवं तथा तृतीय स्थान पर रही दीपा गुप्ता पेरेंट्स शिवानी देवी तथा भुनेश्वर साव।

# लंबित योजनाओं में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया

- उपायुक्त वरूण रंजन की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित कब्रिस्तान, बिरसा आवास, जाहिरस्थान, धुमकुड़िया, आवासीय विद्यालय, छात्रावास मरम्मती आदि योजनाओं कि समीक्षा की गई




राष्ट्रीय खबर

पाकुड़: समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री वरूण रंजन ने आवासीय विद्यालय, किताझोर, पाकुड़, आवासीय विद्यालय धनगढ़ा, लिट्टीपाड़ा, आवासीय विद्यालय डुमरचीर, अमड़ापाड़ा एवं आवासीय विद्यालय कुंजबोना, लिट्टीपाड़ा में छात्रावास मरम्मती,रंग रोगन, शौचालय मरम्मती, रसोईघर, बिजली की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था आदि के लिए प्राक्कलन बनाने का निर्देश दिया। साथ ही साथ सभी कल्याणकारी योजनाओं में प्रगति लाने का निर्देश दिया। बिरसा आवास योजना में लंबित योजनाओं को मार्च तक पूर्ण करने का निर्देश दिया?। छात्रवृत्ति भुगतान के लिए डाटा एंट्री अपलोड करने का निर्देश दिया गया।

मौके पर उप विकास आयुक्त मो. शाहिद अख्तर, जिला कल्याण पदाधिकारी श्री विजन उरांव समेत अन्य उपस्थित थे।

**वार्षिकोत्सव** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

# सेवा भारती ने किया संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

झुमरीतिलैया: स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल मां वैष्णो देवी नगर, असनाबाद का वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता थी। वहीं विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र मिष्टकार, समाजसेवी चंदन चक्रवर्ती, प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन कोडरमा के अध्यक्ष बीएनपी वर्णवाल, निवर्तमान झुमरी तिलैया नगर परिषद के उपाध्यक्ष संतोष कुमार यादव थे। सभी अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद और माता सरस्वती के तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। उसके बाद संयुक्त रूप से मंच का संचालन कर रहे सह निदेशक दीपक कुमार तथा सेवा भारती के जिला सचिव आलोक कुमार सिन्हा ने अतिथियों का परिचय कराया। मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता ने कहा कि इस विद्यालय के बच्चे काफी प्रगतिशील और प्रतिभावान हैं। इस विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी काफी मेहनती और लगन शील है। निवर्तमान नगर परिषद के उपाध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि मेरा जीवन भी शिक्षा के क्षेत्र से ही गुजर रहा है और इस मौके पर मैं विद्यालय के बच्चों की प्रतिभा को देख कर विद्यालय के शिक्षको को बधाई देता हूं। इस दौरान विद्यालय के बच्चों के द्वारा वेलकम सॉन्ग, गणेश वंदना, सूर्य नमस्कार, कृष्ण सुदामा नाटक, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नृत्य में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। वार्षिकोत्सव में अभिभावकों के लिए सेवा भारती द्वारा संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया और विजयी प्रतिभागी को सेवा भारती की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर सेवा भारती के जिला सचिव आलोक कुमार सिन्हा ने कहा कि की समाज में अपनी सनातन संस्कृति को कायम रखने में सेवा भारती का अहम योगदान रहता है।

न्यूज फटाफट

## पिपचो में होली मिलन समारोह का आयोजन

जयनगर : प्रखंड अंतर्गत पिपचो पंचायत बाबा शिव मंदिर पिपचो बाबा सेड में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेता राजकुमार पासवान एवं संचालन अशोक स्वर्णकार ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उमेश यादव उपस्थित हुए। नेता उमेश यादव ने कहा कि होली सभी रंगों का समागम होता है सभी धर्म के लोग मिलजुल कर होली मनाएं। राजकुमार पासवान ने कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है जो देश के साथ-साथ विदेशों में भी सभी धर्म के लोग मिलजुल कर अबीर गुलाल के साथ मनाते हैं। होली के इस कार्यक्रम में पूर्व मुखिया भोला यादव, अजय यादव, विकास पंडित, गंगाधर साव, बैजनाथ यादव, संतोष पासवान, अब्दुल कलाम ट्रेलर, संतोष पासवान, प्रेम यादव, विनोद शर्मा, प्रकाश राणा, झारी यादव, किशन मोदी, सुदामा पंडित, शिवचरण दास, मनोज यादव, विनोद राणा, मुकेश पंडितृ, बैजनाथ यादव, महेश शर्मा, रंजीत रजक, विकास पासवान, संतोष यादव एवं अन्य उपस्थित थे।

## उच्च विद्यालय बाघमारा में होली मिलन समारोह आयोजित

जयनगर : बाघमारा स्थित सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु+2 उच्च विद्यालय बाघमारा में होली त्योहार के शुभ अवसर पर विद्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य के साथ साथ सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं व बच्चे एक दूसरे को अबीर लगाकर होली त्यौहार की बधाई दी। प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा ने अपने विद्यालय के सभी कर्मचारियों के साथ-साथ क्षेत्र के तमाम अभिभावकों को होली का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील की तथा होली की असीम शुभकामनाएं व बधाई दी। विद्यालय के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने होली त्यौहार की महता पर पर प्रकाश डाला। होली मिलन कार्यक्रम को उप प्राचार्य राम चंद्र यादव, वरीय शिक्षक लक्ष्मण चंद्र यादव तथा शिक्षक प्रभु चंद्र यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में होली के गीत गाकर शिक्षकों ने कार्यक्रम को होली मय बना दिया। विद्यालय में छात्राओं ने होली गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक ब्रह्मदेव पांडेय, श्याम सुंदर यादव, बहादुर यादव, पिंटू कुमार पांडेय, सिकंदर यादव, महेश यादव, संजय यादव, अजय राणा, शंकर दास, सुजीत राज, विनोद शर्मा, विक्रम पांडेय, कोलेश्वर राणा आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## होली गीत पर जमकर झूमे लोग

जयनगर : प्रखंड के पिपचो चौक के पास रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कलाकारों द्वारा होली से जुड़े गीत संगीत प्रस्तुत किए गए। होली गीत पर उपस्थित लोग उनके गीत पर झूमते नजर आए। कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से लोगों को अबीर से सराबोर कर दिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक अमित कुमार यादव ने समारोह में उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए होली का पर्व शांति व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। मौके पर लोगों ने एक दूसरे को अबीर से होली खेलकर बधाई दी। मौके पर उप प्रमुख राज नारायण सिंह, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, विधायक प्रतिनिधि रामजी यादव, विजय यादव, शशि भूषण चौधरी, बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, रंजीत यादव, दीपक कश्यप, विनोद मोदी, शशि चौधरी, विपुल सिंह, सुबोध भदानी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मरकच्चो में फ्लैग मार्च निकाला गया

मरकच्चो: कोडरमा पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के आदेशानुसार मरकच्चो प्रशासन के द्वारा आगामी त्योहार होली एवं शबे ए बरात को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर रविवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना क्षेत्र के बंधन चौक, ब्लॉक चौक, जामु समेत थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में निकाला गया। इस दौरान लोगो से त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाए, सोशल मीडिया पर अफवाहों को ना फैलाये, शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। मौके पर अंचलाधिकारी रामसुमन प्रसाद, इंस्पेक्टर अवधेश कुमार सिंह, मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार, जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश सिन्हा, एसआई अनिल टोपो, एसआई पंचम तिग्गा एवं पुलिस जवान शामिल थे।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं ने सीटेट परीक्षा परिणाम में लहराया परचम

कोडरमा : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन वर्तमान सत्र के प्रशिक्षुओं ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में सफलता अर्जित कर एक बार फिर जिले में महाविद्यालय का नाम रोशन किया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा दिसंबर 2022 में आयोजित परीक्षा में महाविद्यालय के बी०एड० व डी० एल० एड० के प्रशिक्षु मोहम्मद अंसारी , पंकज कुमार दास, वंदना कुमारी , श्रुति प्रिया , दयानंद कुशवाहा , गौरव कात्यायन , चंदन कुमार , धर्मेंद्र राणा , श्वेता कुमारी , पूजा कुमारी सिंह , मोनिका सिंह , राहुल राज , स्वाति सिन्हा , वसीम आलम , श्रुति प्रिया , सुमन कुमार झा , राखी कुमारी , श्रुति कुमारी , आनंद कुमार, रोहित राज भाटिया, मनसिका जैन ,अनिता कुमारी, नौशीन परवीन , सौरभ केसरी , चंचल अभिषेक , संजू कुमारी, गुड़िया चौधरी , महेश कुमार झा , विशाल कुमार , कल्पना सिंह , श्वेता सिंह, सुहानी राय, नीरज कुमार सिन्हा , अभिमन्यु कुमार , आरती कुमारी , अमित कुमार ,सोनम कुमारी, इंपी कुमारी , अंजर इलाही , शाहीन परवीन , रंजीत कुमार , प्रीति कुमारी , विकास कुमार यादव , विक्रम प्रसाद , अब्दुल मोहैमिन, रिंकी कुमारी, सुहानी राय, तथा रेखा कुमारी ने शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर महाविद्यालय के द्वय निदेशकों श्री मनीष कपसिमे व श्री अविनाश कुमार सेठ , उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी एवं प्राचार्य प्रो० डॉ. बी. सी. स्वेन ने उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपने शुभ आशीर्वाद से अनुग्रहित किया। सीटेट कक्षा के समन्वयक श्री मनीष कुमार पासवान ने भी उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं की उज्जवल भविष्य की कामना की और यह भी बताया कि हमारे महाविद्यालय के निदेशकों द्वारा वर्तमान सत्र में अध्ययनरत प्रशिक्षु जो सीटेट परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं, उनके सीटेट परीक्षा फार्म का शुल्क महाविद्यालय द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने प्रशिक्षुओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## किसानों की फसल जलकर खाक

पाकुड़ : पाकुड़ प्रखंड स्थित पोडाबागान ग्राम में सैकड़ों किसानों का खेतों में अचानक आग लगने से सैकड़ों एकड़ में लगी फसल जलकर खाक हो गई। इससे रामचंद्रपुर, जमशेदपुर पंचायत के स्टोर नगर बेलडांगा निहार पाड़ा,जांबोना, पोडा बागान किसानों को गहरा आघात लगा है।आजसू जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम क्षेत्र में पहुंचकर किसानों को आश्वासन दिया कि मैं जिला प्रशासन से बात कर मुआवजा दिलाने की कोशिश करूंगा। आजसू जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम ने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। आगलगी में किसानों लाखों का नुकसान हुआ है। जिलाध्यक्ष आलम ने कहा कि दमकल आने से पहले खेत जलकर राख हो चुका था। किसानों को भारी नुकसान हुआ है। सुखाड़ का मार झेल रहे किसानों पर दोहरी मार पड़ी है।आजसू पार्टी के 5 सदस्यीय टीम ने किसानों के ढांढस बंधाते हुए कहा कि हम पाकुड़ जिला प्रशासन से किसानों को मुआवजा राशि की मांग करेंगे जहां तक संभव हो सकेगा उचित मदद दिलाने काम करेंगे।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

हिरणपुर : पाकुड़ जिला के हिरणपुर प्रखंड सभागार में पंचायती राज विभाग के सौजन्य से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंचायत स्तरीय महिला जनप्रतिनिधियों के बीच समाज में महिला विषयक समस्याओं, मुद्दों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## न्यूज फटाफट

### जोकोविच ने इंडियन वेल्स ने वापस लिया नाम



**एंजेलिस :** सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अमेरिका में होने वाले इंडियन वेल्स मास्टर्स 2023 से अपना नाम वापस ले लिया है। आयोजकों ने रविवार देर रात इसकी पुष्टि करते हुए अंदेशा दिया कि जोकोविच को कोरोनावायरस का टीका लगवाये बिना अमेरिका में प्रवेश के लिये मंजूरी नहीं मिली। आयोजकों ने एक बयान में कहा, ''विश्व के शीर्ष खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2023 बीएनबी परिबास ओपन से नाम वापस ले लिया है। उनकी जगह निकोलोज़ वसिलाशविली फील्ड पर उतरेंगे।'' उल्लेखनीय है कि जोकोविच ने छह मार्च से इंडियन वेल्स और 19 मार्च से मियामी में होने वाले आयोजनों में खेलने की विशेष अनुमति के लिये पिछले महीने अमेरिकी सरकार के पास आवेदन किया था। अमेरिका में फिलहाल कोविड टीका लगवाये बिना प्रवेश प्रतिबंधित है। इस नीति की वजह से जोकोविच पिछले साल इंडियन वेल्स, मियामी ओपन और अमेरिकी ओपन में भी हिस्सा नहीं ले सके थे। फ्लोरिडा के सीनेटर रिक स्कॉट और मार्को रुबियो ने गत शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को पत्र लिखकर जोकोविच को छूट देने का आग्रह किया। इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के निदेशक टॉमी हास, अमेरिकी टेनिस संघ और अमेरिकी ओपन को भी उम्मीद थी ताकि सर्बियाई दिग्गज को कोविड वैक्सीन लगवाये बिना अमेरिका में प्रवेश की उम्मीद दी जायेगी। जोकोविच ने फिलहाल इस पर कोई बयान जारी नहीं किया है।

क्रिकेट

### मुंबई में खेले जा रहे वुमेंस आईपीएल में

# आज आमने-सामने होगी स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर की टीम

एजेंसियां

**मुंबई :** मुंबई में खेले जा रहे वुमेंस आईपीएल में हर रोज कई रोमांचक मैच खेले जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार शाम को मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच मैच खेला जाएगा। ये मैच भारतीयसयमानुसार शाम को 7:30 बजे से खेला जाएगा। इसका आयोजन मुंबई के ब्रबोर्न स्टेडियम में किया जाएगा। मुंबई और बेंगलोर की टीमों के बीच खेले जाने वाले इस मैच का सभी को लंबे समय से इंतजार था। इस मैच में मुंबई इंडियंस की कमान भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के हाथों में हैं। वहीं रॉयल चेलेंजर्स बेंगलोर की कप्तानी स्मृति मंधाना के हाथ में हैं। इन दोनों दिग्गज महिला खिलाड़ियों के बीच की जंग देखने लायक होगी। बेहतरीन लय में मुंबई इंडियंस बता दें कि मुंबई इंडियंस की टीम इस टूनामेंट में बेहतरीन लय में है। टीम ने अपना पहला मैच 143 रनों के विशाल अंत से जीता है और इतिहास रच दिया है। टीम आरसीबी के सामने भी ऐसा ही करना चाहेगी। वहीं दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम को दिल्ली के सामने अपने पहले मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा और अब टीम वापसी करना चाहेगी।





**मुंबई इंडियंस महिला टीम :** यास्तिका भाटिया, हेले मैथ्यूज, नेट साइवर-ब्रंट, हरमनप्रीत कौर (उ), अमेलिया केर, पूजा वस्त्राकर, इस्सी वोंग, अमनजोत कौर, हुमैरा काजी, जिंतिमनी कलिता, सायका इशाक, हीथर ग्राहम, क्लो ट्राइटन, सोनम यादव, नीलम बिष्ट, प्रियंका बाला, धारा गुर्जर।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर महिला टीम :** स्मृति मंधाना (), सोफी डिवाइन, एलिसे पेरी, दिशा कासत, ऋचा घोष , हीथर नाइट, कनिका आहूजा, आशा शोभना, मेगन शुट्ट, प्रीति बोस, रेणुका ठाकुर सिंह, डेन वैन नीकेर्क, इंद्राणी रॉय, एरिन बर्न्स, पूनम खेमनार, सहाना पवार, श्रेयंका पाटिल, कोमल जंजाद।

मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेले जाने वाले इस मैच को आप मोबाइल पर जियो सिनेमा पर देख सकते हैं। वहीं टीवी पर स्पोर्ट्स 18 चैनल पर देख सकते हैं।

## खेल जगत अपडेट्स ››

### अहमदाबाद में बिग टेस्ट टीम इंडिया को चाहिए बदलाव

**अहमदाबाद :** भारतीय



टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब मौजूदा सीरीज का आखिरी टेस्ट खेलना है। सीरीज में 2-1 से आगे चल रही टीम इंडिया अहमदाबाद टेस्ट में जीत हासिल कर सीधे वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल के लिए क्वालक्वालिफाई कर जाएगी। इस अहम टेस्ट के लिए बल्लेबाजी में बदलाव की कोई संभावना नहीं है। पर गेंदबाजी में एक परिवर्तन संभव है।अब तक महज तीन दिनों में तीनों टेस्ट मैचों के नतीजे आने के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मौजूदा सीरीज का आखिरी मुकाबला बेहद दिलचस्प होने वाला है।इंदौर टेस्ट में 9 विकेट से करारी शिकस्त झेलने के बाद टीम इंडिया को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में सीधे जगह बनाने के लिए चौथे टेस्ट मैच को को जीतना होगा। ऑस्ट्रेलिया ने इंदौर में जीत के साथ ही फाइनल का टिकट पक्का कर लिया था।अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में यह मैच 9 मार्च से खेला जाएगा। टीम इंडिया का टारगेट- हळउ फाइनल में पहुंचना इस मुकाबले में अगर भारत को हार मिली या मैच ड्रॉ या टाई पर छूटा तो उसे डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने के लिए श्रीलंका के न्यूजीलैंड दौरे पर खेलने जाने वाले दो टेस्ट मैचों के परिणाम का इंतजार करना होगा। टीम इंडिया अगर इस मैच को जीत नहीं पाती है और श्रीलंकाई टीम मेजबान न्यूजीलैंड को 2-0 से हरा दे तो वह फाइनल में पहुंच जाएगी. लेकिन श्रीलंका के लिए यह यह नतीजा हासिल करना आसान नहीं है। उसने आखिरी बार दिसंबर 2006 में न्यूजीलैंड से उसके घर में टेस्ट मैच जीता था।

## कमिंस चौथे टेस्ट से बाहर, स्मिथ करेंगे कप्तानी



एजेंसियां

**सिडनी/इंदौर :** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के भारत न लौट पाने के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में उपकप्तान स्टीव स्मिथ ही टीम की कमान संभालेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। गौरतलब है कि कमिंस दूसरे टेस्ट के बाद सिडनी लौट गये थे जहां उनकी मां स्तन कैंसर से जूझ रही हैं। कमिंस की अनुपस्थिति में स्मिथ ने तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करते हुए टीम को नौ विकेट से जीत दिलाई। सीए ने बताया कि कमिंस चौथे टेस्ट के लिये भी भारत नहीं लौट सकेंगे और ऑस्ट्रेलिया नौ मार्च से अहमदाबाद में होने वाले टेस्ट में स्मिथ की कप्तानी में ही खेलेगा। टेस्ट सीरीज के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 17 मार्च से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला में कमिंस के खेलने पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। यह स्पष्ट नहीं है कि कमिंस की गैरमौजूदगी में एकदिवसीय टीम का नेतृत्व कौन करेगा। पिछले वर्ष इंग्लैंड के विरुद्ध हुई एकदिवसीय सीरीज के एक मैच में जॉश हेजलवुड ने कप्तान की भूमिका निभाई थी, हालांकि वह खुद चोट के कारण भारत दौरे से बाहर हो चुके हैं। स्मिथ और एलेक्स कैरी भी इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी कर चुके हैं।

## सूर्यकुमार यादव बने मेन्स वियर टीआईजीसी के ब्रांड एंबेसडर



एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** घरेलू फास्ट फैशन डी2सी मेन्स वियर ब्रांड द इंडियन गैराज कंपनी (टीआईजीसी) ने क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि सूर्यकुमार यादव 'मिस्टर 360' के नाम से जाने जाने वाले और आईसीसी के टी20 आय बल्लेबाजों में नंबर एक स्थान पर रहे हैं। सूर्यकुमार एक असाधारण खिलाड़ी और एक करिश्माई युवा आइकन हैं। यह उन्हें टीआईजीसी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में एकदम फिट बनाता है। टीआईजीसी ने डिजिटल अभियानों के माध्यम से ब्रांड दृश्यता बढ़ाने, जुड़ाव बढ़ाने और खुद को भारतीय युवाओं के बीच एक शीर्ष फैशन विकल्प के रूप में स्थापित करने के लिए लोकप्रिय सूर्यकुमार से जुड़े है । स्काई बड़े साइज की टी-शर्ट, कैजुअल शर्ट, स्वेटर, शॉर्ट्र्स, हुडी, जैकेट, चिनोज, डेनिम और स्वेटशर्ट सहित कैजुअल अपैरल लाइन की पूरी नई रेंज का प्रचार और लॉन्च करेंगे। कंपनी के संस्थापक और सीईओ अनंत तांटेड ने कहा, ''यह भारत में डिजिटल-फर्स्ट फैशन बाजार के एक हिस्से पर कब्जा करने का हमारा पहला कदम है। हम सूर्यकुमार यादव के साथ साझेदारी करके खुश हैं। टीआईजीसी के ब्रांड एंबेसडर। वह एक उत्कृष्ट खिलाड़ी हैं, और उनकी जीवंतता खेल से परे है। वह टीआईजीसी की हर चीज का प्रतिनिधित्व करते हैं।''

## रिचर्डसन भारत दौरे से बाहर, एलिस टीम में शामिल



एजेंसियां

**पर्थ :** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज झे रिचर्डसन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण भारत के खिलाफ 17 मार्च से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला से बाहर हो गये हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सोमवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि नेथन एलिस ऑस्ट्रेलियाई स्कॉड में उनकी जगह लेंगे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, रिचर्डसन का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन में मुंबई इंडियन्स के लिये खेलना भी मुश्किल है। उल्लेखनीय है कि बिग बैश लीग (बीबीएल) में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिये खेलने के दौरान रिचर्डसन जनवरी के पहले हफ्ते में चोटग्रस्त हो गये थे। उन्होंने शनिवार को यहां अपने क्लब फ्रेमेंटल के लिये वनडे मैच खेलते हुए क्रिकेट में वापसी की, हालांकि वह इस मुकाबले में सिर्फ चार ओवर ही फेंक सके और मैदान से बाहर चले गये। रिचर्डसन की जगह टीम में आये एलिस ने अपने करियर में अब तक सिर्फ तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट में वह 20 मैच खेलकर 26.20 की औसत से 30 विकेट ले चुके हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला एकदिवसीय मैच 17 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेला जायेगा। इसके अलावा दूसरा (19 मार्च) और तीसरा (22 मार्च) वनडे क्रमशः विशाखापट्टनम और बैंगलोर में आयोजित होगा।

## रणदीप हुड्डा और नीना गुप्ता की जोड़ी 'पचहत्तर का छोरा' में नजर आयेगी



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा और अभिनेत्री नीना गुप्ता की जोड़ी कॉमेडी फिल्म 'पचहत्तर का छोरा 'में नजर आयेगी। पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनैशनल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म पचहत्तर का छोरा लेकर आ रहा है। पचत्तर का छोरा का निर्माण जेजे क्रिएशन्स एलएलपी और शिवम सिनेमा विजन द्वारा साझा तौर पर किया जा रहा है जबकि रचयिता फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड और प्रोफाइल एंटरटेनमेंट ऐंड प्रोडक्शन इस फिल्म से एसोसिएट प्रोड्यूसर के तौर पर जुड़े हुए हैं। जयंत गिलातर द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। फ़ल्मि में रणदीप हुड्डा और नीना गुप्ता के अलावा गुलशन ग्रोवर और संजय मिश्रा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनैशनल के अध्यक्ष कुमार मंगत पाठक ने इस कहा, पैनोरमा स्टूडियोज हमेशा से ही बेहद रुचिकर विषयों पर फिल्में बनाता आया है और पचहत्तर का छोरा भी ऐसी ही एक कहानी है जो दर्शकों को काफी पसंद आएगी।

## शिल्पा ने शेयर किया मंडे मोटिवेशन वीडियो

एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने सोशल मीडिया पर मंडे मोटिवेशन वीडियो शेयर किया है। शिल्पा शेट्टी सोमवार को अक्सर सोशल मीडिया पर मंडे मोटिवेशन शेयर किया करती हैं। शिल्पा ने मंडे मोटिवेशन वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है,जिसमें वह घर पर मजेदार अंदाज में वर्कआउट करती हुई नजर आईं। वीडियो में शिल्पा फिल्म पुष्पा के गाने ऊ अंटावा में एक्सरसाइज के साथ डांस भी कर रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए शिल्पा ने कैप्शन में लिखा,''अपने मंडे मोटिवेशन को कुछ ऐसा होने दें जिसे करना आपको पसंद हो, कुछ बेहतरीन गाने पर कैलोरी घटाने से बेहतर कॉम्बो क्या हो सकता है।



## अल्लू अर्जुन ने डीजे मार्टिन के साथ किया डांस



एजेंसियां

**मुंबई :** दक्षिण भारतीय स्टार अल्लू अर्जुन ने डीजे मार्टिन के साथ अपनी फिल्म पुष्पा के गानें ऊं अंटावा पर डांस किया है। फिल्म पुष्पा में सामंथा रुथ प्रभु ने आटम सॉन्ग किया था,ऊं अंटावा जो बेहद सुपरहिट साबित हुआ था। अल्लू अर्जुन ने हाल ही में हैदराबाद के एक शो में डीजे मार्टिन के साथ स्टेज शेयर किया। इस इवेंट में अल्लू अर्जुन अपनी फिल्म ह्यपुष्पाह्न के गानें ऊं अंटावा पर डीजे मार्टन के साथ जमकर डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। डांस करने की एक्साइटमेंट में एक्टर सामने रखे टेबल पर कूद जाते हैं और अपने हाथों को हवा में लहराते हुए नाचने लगते हैं। अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा के दूसरे भाग यानी पुष्पा : द रूल की शूटिंग करने में व्यस्त चल रहे हैं।

## हेराफेरी 3 में काम करेंगे संजय दत्त



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त हेराफेरी 3 में काम करते नजर आयेंगे। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल की तिकड़ी हेरा फेरी 3 में नजर आयेगी। हेरा फेरी 3 में संजय दत्त की भी एंट्री हो गई है।बताया जा रहा है कि फिल्म में संजय नेगेटिव रोल में नजर आने वाले है। फिल्म में संजय दत्त विलेन रवि किशन के बड़े भाई का किरदार निभाएंगे और तोतला गैंग का एक अहम हिस्सा होंगे। संजय दत्त ने बताया, हेराफेरी कमाल की फ्रेंचाइजी है और इसका हिस्सा बनकर मैं बेहद खुश हूं। निर्माता फिरोज नाडियाडवाला और मेरा रिश्ता भी बहुत पुराना है। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल संग काम करना शानदार अनुभव है।

## जूनियर एनटीआर के साथ काम करेंगी जान्हवी कपूर



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर एनटीआर 30 में जूनियर एनटीआर के साथ काम करती नजर आयेंगी। जान्हवी कपूर जल्द ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री करने वाली है। जान्हवी कपूर फिल्म एनटीआर 30 में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में जान्हवी के साथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर लीड रोल में है। फिल्म का पहला पोस्टर जान्हवी कपूर ने अपने इस्टाग्राम पर शेयर किया है। पोस्टर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा,''आखिरकार ये हो रहा है। मेरे पसंदीदा जूनियरएनटीआर के साथ यात्रा शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। फिल्म के पोस्टर में जान्हवी कपूर साड़ी पहने नजर आ रही हैं। फैंस को भी जाहन्वी का यह लुका काफी ज्यादा पंसद आ रहा है।

## प्रदेश >> अपडेट

### तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने पिता और पुत्र को मारी टक्कर

**मुरैना** : मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के दिमनी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने बाइक पर सवार पिता और पुत्र को टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वाइक पर सवार पिता पुत्र कल रात अपने गांव लल्लू बसई जा रहे थे, तभी ग्राम घुरघान के समीप एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वे दोनों गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गए।



## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### गहलोत ने होली पर शुभकामनाएं दी

**जयपुर** : राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने होली के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर गहलोत ने कहा कि यह त्यौहार जीवन में हर्ष एवं उल्लास का प्रतीक है। होली के विविध रंग अनेकता में एकता की हमारी संस्कृति के परिचायक हैं एवं इसे और मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। रंगों, खुशियों से लबरेज यह पर्व हमें आपसी भाईचारे व सौहार्द को बढ़ाने की सीख देता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे समरसता, सद्भाव और भाईचारे के साथ आगे बढ़ते हुए प्रदेश की उन्नति में भागीदार बनें।

### आदिवासियों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त

**खरगोन** : मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के झिरन्या थाना क्षेत्र के मुंडिया के समीप भगोरिया में शामिल होकर लौट रहे आदिवासियों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के चलते एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई जबकि 5 अन्य घायल हो गये। खरगोन जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रभारी राम नरेश शर्मा ने बताया कि कल रात घटना में बिस्टान थाना क्षेत्र के महारेल निवासी 45 वर्षीय गोरेलाल की मृत्यु हो गई जबकि गांव के पूर्व सरपंच समेत पांच अन्य लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शिवराज ने उद्यान में पौधे रोपे

**भोपाल** : मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में नीम, सप्तपर्णी और पीपल के पौधे लगाए। चौहान के साथ सामाजिक कार्यकर्ता प्रीतम लोधी, भोपाल के गोविन्दपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों तथा खेलो इंडिया के आयोजन का शुभंकर मोगली बने 9 वर्षीय बाल कलाकार प्रांजल शर्मा ने पौध-रोपण किया। एसोसिएशन के अमरजीत सिंह, मदनलाल गुर्जर, विजय गौर, नीरज शर्मा, अशोक पटेल और नंदलाल गुप्ता ने पौधे लगाए। बाल कलाकार प्रांजल शर्मा के माता-पिता देवेन्द्र शर्मा तथा श्रीमती जयंती शर्मा ने भी पौध-रोपण किया। कमलेश राजपाल भी पौध-रोपण में शामिल हुए।

### शिवराज ने दी जलयोद्धाओं को बधाई

**भोपाल**: मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में जल क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मानित महिलाओं को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। चौहान ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु द्वारा मध्यप्रदेश की जलयोद्धाओं अनीता चौधरी, गंगा राजपूत और सरपंच नीतू परिहार को जल संरक्षण में विशिष्ट योगदान के लिए स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023 से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि वे उन्हें बधाई देते हैं। इसके साथ ही चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुरहानपुर जिले के खड़की गांव की स्व-सहायता समूह की बहनों द्वारा हर घर नल से पेयजल सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का यह प्रयास पूरे देश के लिए मिसाल है। इसके लिए उन्होंने इस समूह की श्रीमती मंजू और उनकी टीम को बधाई दी।

**रूबरू** बिहार सरकार की टीम को बिहारी मजदूरों ने बताया वीडियो फर्जी है

# चार अफसरों ने तमिलनाडू के मजदूरों से बात की

- चेन्नई के अलावा अन्य इलाकों में हैं मजदूर
- प्रवासी मजदूरों में अनेक होली में घर जा रहे हैं
- अब तक हमला करने की कोई सूचना प्रमाणित नहीं

**राष्ट्रीय खबर**

चेन्नईः तमिलनाडू में बिहारी मजदूरों से मारपीट की सूचना के बाद मची अफरातफरी में बिहार के चार अफसरों की टीम ने वहां जाकर बिहारी मजदूरों से संपर्क किया है। बिहार से आये चार अधिकारियों की टीम ने वहां चेन्नई के अलावा सेलम, ईश्वागिरी, कृष्णागिरी, कुर्णागिरी, कोटापल्ली और कोलम इलाके का दौरा किया। रविवार को इस टीम ने बिहार के अलग-अलग जिलों से आकर यहां रह रहे लोगों सेबातचीत की और स्थिति की जानकारी ली। बिहार के अधिकांश लोगों ने बताया था कि यहां उत्तर भारतीय लोगों के प्रति हिंसा का कोई माहौल नहीं है। हाल के दिनों में इंटरनेट पर जो भी वीडियो वायरल हुए हैं, वे फर्जी हैं। तमिलनाडू पुलिस ने भी इस वीडियो को पहले ही फर्जी करार देते हुए अफवाह फैलाने के लिए यूपी भाजपा के एक नेता सहित कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वैसे बिहार से आये अफसरों ने पाया है कि अफवाहों की वजह से मजदूर डरे हुए हैं। अफवाह और होली की वजह से अनेक लोग अपने गांव लौट रहे हैं। बिहार के अधिकारियों की इस टीम में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव बालामुरुगन डी, श्रम संसाधन विभाग के विशेष सचिव आलोक कुमार, सीआईडी के आईजी पी. कन्नन और एसटीएफ के एसपी संतोष कुमार शामिल हैं। यह टीम कुछ अन्य शहरों का भी दौरा करेगी। हालांकि अभी तमिलनाडु के कोयंबटुर इलाके से कोई सटीक जानकारी नहीं आई है। वायरल वीडियो में इन इलाकों में हिंसा की खास तौर से चर्चा की गई थी। बिहार की टीम इन इलाकों का भी दौरा कर सकती है।



**इन लोगों ने भी तमाम वायरल वीडियो को फेक बताया हैं**

कोलम में समस्तीपुर के लोगों, सेलम में रह रहे रमेश कुमार एवं छपरा निवासी भोलानाथ मिश्रा, कोटापल्ली में रह रहे सीवान निवासी मंटु कुमार, कुर्णागिरी में रह रहे नालंदा के तनवीर, कृष्णागिरी में रहे भागलपुर के मुकेश कुमार यादव समेत कई लोगों के वीडियो संदेश में इस तरह की किसी घटना को गलत ठहराया गया है। इन लोगों ने भी तमाम वायरल वीडियो को फेक बताया है। इनका कहना हैकि यहां बिहारी पूरी तरह सुरक्षित हैं। बिहार से गई जांच टीम का नेतृत्व कर रहे बालामुरुगन डी ने तमिलनाडु सरकार के आला अधिकारियों के अलावा त्रिपुर जिला प्रशासन से भी बात की। वहां के डीएम एस विनीत और पुलिस आयुक्त प्रवीण कुमार समेत, कपड़ा उद्योग के प्रतिनिधियों, राज्य से श्रमिकों को लानेवाले ठेकेदार समेत अन्य सेइस मुद्दे पर मुलाकात की। प्रशासन के स्तर से श्रमिकों की सुरक्षा और उनके मन से भय दूर करनेके लिए उठाए गए कदम से वे संतुष्ट हैं। विश्वास बहाली के किए गए इन प्रयासों से स्थिति सामान्य हुई है। त्रिपुर जिले में 1.70 लाख से अधिक प्रवासी श्रमिक रेडिमेड परिधान निर्माण से जुड़े उद्योगों में काम करते हैं। अन्य राज्यों से बिहार आ रही ट्रेनों में तत्काल टिकट की कमी हो गयी है।

## पंचायत सदस्यों ने नौकरशाही के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**एजेंसियां**

**जम्मू** : पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए काम करने वाले एक पंजीकृत संगठन अखिल जम्मू-कश्मीर पंचायत सम्मेलन ने सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नौकरशाही पर पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) के अधिकार और स्वायत्तता को कमजोर करने की साजिश का आरोप लगाया गया। एक सौ से अधिक निर्वाचित पंचायत सदस्यों और पंचायत सम्मेलन के वरिष्ठ सदस्यों ने इसके अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीण विकास विभाग के खिलाफ जम्मू के प्रेस क्लब के बाहर 200 करोड़ रुपये की वास्तव में उपलब्ध राशि को रद्द करने और वापस लेने के आदेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। यह राशि 14वें वित्त आयोग (एफसी) के तहत पंचायतों के लिए पेशकश की गयी थी। आंदोलनरत पीआरआई सदस्यों ने बताया कि लगभग दो महीने पहले 14वें एफसी के तहत धन को रद्द करने का एक समान आदेश जारी किया गया था, लेकिन बाद में ग्रामीण विकास विभाग ने निर्वाचित पंचायत सदस्यों की कड़ी आलोचना और निंदा के बाद आश्वासन दिया था कि यह उपलब्ध धन के साथ खिलवाड़ नहीं करेगा तथा पंचायतों को 31 मार्च तक इन निधियों का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी एवं उन्हें ग्राम सभाओं की मंजूरी वाली पंचायतों में पूर्ण व शुरू किए गए विकास कार्यों के खिलाफ भुगतान करने की अनुमति दी जाएगी। सम्मेलन के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि उपराज्यपाल के आश्वासन के बावजूद पंचायत को 14वें एफसी के तहत 31 मार्च तक धन का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी।


## मणिकर्ण साहिब में स्थिति पूरी तरह से शांतिपूर्ण है : डीजीपी



**एजेंसियां**

**चंडीगढ़** : हिमाचल प्रदेश में कुल्लू जिले के गुरूद्वारा मणिकर्ण में पंजाब से आए कुछ पर्यटकों के हंगामे के बाद वहां स्थिति पूरी तरह से शांतिपूर्ण है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को कहा, ''मणिकरण साहिब में स्थिति पूरी तरह से शांतिपूर्ण है और मैं लोगों से शांति और सद्भाव बनाए रखने का आग्रह करता हूं। मैंने हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से बात की है। हिमाचल प्रदेश पुलिस और पंजाब पुलिस कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक साथ काम कर रहे हैं, नागरिकों से अनुरोध है कि घबराएं नहीं तथा फर्जी समाचार या अफवाह न फैलाएं''। उन्होंने कहा कि देश के सभी हिस्सों से तीर्थयात्रियों का बिना किसी डर के यात्रा करने के लिए स्वागत है। हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेश संचह कुडू ने पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव से बात की है। उन्होंने कहा कि फर्जी न्यूज और अफवाह फैलाने वालों के झांसे में न आएं। हिमाचल प्रदेश में सभी पर्यटकों और तीर्थयात्रियों का स्वागत है। मणिकर्ण के स्थानीय नागरिकों के अनुसार मोटरसाइकिलों पर सवार पंजाब के कुछ तीर्थयात्रियों ने रविवार की रात हुड़दंग मचाते हुए गुरूद्वारा साहिब परिसर और बाहर पत्थबाजी की और तलवारें लहराई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ पर्यटक हंगामा करते और घरों पर पत्थर फेंकते दिख रहे हैं। उन्होंने कथित तौर पर कुछ स्थानीय लोगों के साथ भी मारपीट की, जिससे दहशत फैल गई। पंजाब से आये कई पर्यटकों ने मणिकर्ण के गुरूद्वारा परिसर से लेकर राम मंदिर होते हुए बस स्टैंड तक हुड़दंग मचाया पत्थरबाजी से कई लोगों के घरों के शीशी टूटे हैं। यही नहीं रास्ते में जो भी व्यक्ति दिखा उसकी पिटाई कर दी।

## पुलिस सेवा आम नागरिकों के विश्वास की कसौटी : पटेल



**एजेंसियां**

**भोपाल** : मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रशिक्षु आई.पी.एस. अधिकारियों से कहा कि अपनी मेधा और ज्ञान के द्वारा ऐसे माहौल का निर्माण करें जिसमें नागरिक कानून लागू करने वालों से डरने के बजाय कानून से डरें और इसका सम्मान करें। किसी भी बेगुनाह को सजा नहीं मिले। पटेल आज भारतीय पुलिस सेवा के 74वें बैच के मध्यप्रदेश कैडर के प्रशिक्षु अधिकारियों को राजभवन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की संवेदनशील एवं व्यावसायिक पहचान बनाने में आई.पी.एस. अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आई.पी.एस. अधिकारियों की ज़िम्मेदारी केवल कानून के शासन और हमारी लोकतांत्रिक राज-व्यवस्था की सामान्य अवधारणा को बनाए रखने के लिए कानून-व्यवस्था और ईमानदार आचरण तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिकों के विश्वास की कसौटी भी है। आमजन, आई.पी.एस. अधिकारियों को कानून-व्यवस्था के रखवाले और न्याय दिलाने में मदद करने वाले अधिकारी के रूप में देखते हैं। यह ऐसी सेवा है जो हमारी राष्ट्रीय प्रशासनिक प्रणाली के स्तंभों में से एक है। उन्होंने कहा कि आई.पी.एस. अधिकारी को विशेष अधिकार और शक्तियाँ प्राप्त होती हैं, जो वास्तव में लोगों की सेवा का साधन बनती हैं। आई.पी.एस. अधिकारी का प्राथमिक कर्त्तव्य आम नागरिकों की सेवा करना और यह सुनिश्चित करना है कि गरीब से गरीब, वंचित और अंतिम कड़ी के व्यक्ति को भी न्याय मिले। उन्होंने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, अधिकारी व्यवस्था में निरंतरता और संविधान के प्रतिनिधि हैं।

## भाजपा की कर्जमाफी की घोषणा का क्या हुआ : कमलनाथ



**एजेंसियां**

**भोपाल** : मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए आज कहा कि पार्टी ने अपने 2008 के घोषणापत्र में किसानों का 50 हजार रुपए तक का कर्ज माफ़ करने की घोषणा की थी,लेकिन आज तक एक भी किसान का कर्ज माफ नहीं किया। कमलनाथ ने अपने ट्वीट में कहा कि भाजपा ने 2008 के घोषणापत्र में 50 हजार रुपए तक का कर्ज माफ करने की घोषणा की थी, इस घोषणा को 15 वर्ष बीत गये, लेकिन आज तक किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने किसान कर्ज माफी की, उसे भी भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। कमलनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार अन्नदाता किसान का अधिकार क्यों छीन रही है।

**होली** गोण्डा जिले में होली पर्व पर जगह-जगह

# बुलडोजर पिचकारी की धूम मची है

- योगी सरकार की कड़ी कार्रवाई चल रही है
- पिचकारियों की जमकर खरीदारी कर रहे है

**एजेंसियां**




**गोण्डा** : उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले में होली पर्व पर जगह-जगह बुलडोजर पिचकारी की धूम मची है। जिले के नगर बाजार में खरीदारी कर रहे श्रवणकुमार ने सोमवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गुंडों माफियाओं पर की जा रही बुलडोजर की कार्यवाही से बाजारों में आयी इस नाम की पिचकारी का उन्माद बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि रंग बिरंगी खूबसूरत पिचकारियां मात्र 100 रुपये से लेकर सात सौ रुपये तक कई साइज में बिक रही है।

उन्होंने बताया कि पिचकारी रंग बुलडोजर टी-शर्ट के साथ-साथ राजनीतिक दलों के नेताओं की भी टी शर्ट की खूब बिक रही है। खरीदारी करने आ रहे हैं लोग खासकर बच्चे कार्टून की पिचकारी के साथ-साथ बुल्डोजर वाली पिचकारी खरीद रहे हैं। दरअसल, हाल ही में प्रयागराज, आगरा , नोएडा, कानपुर, गोरखपुर समेत कई मंडलों में अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ योगी सरकार की कड़ी कार्रवाई चल रही है। कई मकानों को चिह्नित करके ध्वस्त किया जा रहा है जिसको देखते हुए बाजारों में बुल्डोजर पिचकारी की धूम है। बुल्डोजर पिचकारी में भगवा रंग के साथ-साथ योगी जी और श्री अखिलेश यादव की भी फ़ोटो लगी हुई है।

इस बार भी बच्चों का भी ख्याल रखा गया है और हर बार की तरह इस बार भी डोरेमोन, पोकीमॉन छोटा भीम स्पाइडर मैन जैसी पिचकारी भी रौनक बढ़ाई हुए हैं। ग्राहकों का भी कहना है कि कोरोना के मामले कम होने की वजह से अब वह भी त्यौहार अच्छे से मना सकेंगे। गोण्डा के खरीददारों का कहना है कि अबकी बार होली में बुलडोजर का रंग चढ़ा हुआ है जिसकी वजह से उन्होंने बुलडोजर भगवा रंग खरीदा है साथ ही साथ बुलडोजर पिचकारी भी खरीद रहे हैं। उनके बच्चे भी बुलडोजर पिचकारी ही खरीद रहे हैं। पिछली बार के मुताबिक इस बार मंहगाई का असर भी देखा गया है, लेकिन त्यौहार है इसलिए खरीदार पिचकारियों की जमकर खरीदारी कर रहे है।

## न्यूज फटाफट

### बम विस्फोट में चार सुरक्षा कर्मी मारे गए

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को सेना के एक वाहन में विस्फोट होने से चार सुरक्षाकर्मी मारे गए और अन्य नौ घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिबी के जिला पुलिस अधिकारी यूसुफ करीम भानघर ने मीडिया को बताया कि बम विस्फोट बोलन जिले में हुआ। जहां बलूचिस्तान कांस्टेबुलरी के अर्धसैनिक बलों के एक ट्रक पर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि यह विस्फोट किस तरह का था उसका अभी पता नहीं चला है और जांच के लिए इलाके की घेराबंदी की गई है। उन्होंने कहा कि घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनमें से कई की हालत गंभीर है। अभी तक किसी भी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### पीपीपी ने सरकार से अगल होने के दिए संकेत

**कराची** : पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष एवं विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने कहा है कि अगर केंद्र सिंध के बाढ़ पीड़तों को राहत देने के अपने वादे को पूरा नहीं करती है तो उनकी पार्टी के लिए संघीय सरकार का हिस्सा बने रहना बहुत मुश्किल होगा। इस दौरान भुट्टो-जरदारी ने डिजिटल जनगणना के संचालन के तरीके पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह अस्वीकार्य है कि एक प्रांत में चुनाव एक अलग जनगणना के आधार पर होते हैं और अन्य प्रांतीय चुनाव एक त्रुटिपूर्ण डिजिटल जनगणना के आधार पर होते हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने ये बातें रविवार को यहां सब्सिडी प्रोग्राम गेहूं बीज की प्रतिपूर्ति के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में कहीं। उन्होंने इस कार्यक्रम के तहतप्रांतीय बजट से बेनजीर आय सहायता कार्यक्रम (बीआईएसपी ) को 8.39 अरब रुपये हस्तांतरित किए, जो कि 12 एकड़ तक कृषि भूमि के प्रत्येक छोटे उत्पादक को 5,000 रुपये प्रति एकड़ के वितरण के लिए था। चूंकि सब्सिडी कार्यक्रम के माध्यम से बाढ़ प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करने के लिए 13.5 बिलियन रुपये की आवश्यकता थी, इसलिए यह निर्णय लिया गया कि संघीय सरकार 4.7 बिलियन रुपये का अनुदान देगी और शेष 8.39 बिलियन रुपये सि७ध सरकार द्वारा प्रदान किए जाएंगे, उन्होंने कहा, केंद्र की पीडीएम के नेतृत्व वाली सरकार को उसके वादे की याद दिलाते हुए। उन्होंने कहा, हम इस मुद्दे को नेशनल असेंबली में उठाएंगे। उन्होंने कहा कि वह बाढ़ पीड़ितों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री से भी बात करेंगे अन्यथा पीपीपी के लिए संघीय सरकार का हिस्सा बनना बहुत मुश्किल होगा

### ईंट से भरी हुई ट्रेक्टर ट्रॉली का हुक टूट जाने से रेलवे फाटक में फंस गयी

**अलवर** : राजस्थान में अलवर शहर के दाऊदपुर रेलवे फाटक पर आज ईंट से भरी हुई ट्रेक्टर ट्रॉली का हुक टूट जाने से फंस गयी और लेकिन गनीमत यह रही की रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी सूझ बूझ से हादसा होते हुए टल गया। मामला यह था की दाउदपुर फाटक बंद होने वाला था और एक ईट से भरी हुई ट्रेक्टर ट्रॉली चालक ट्रॉली को निकाल रहा था तभी रेलवे ट्रैक पर अचानक ट्रेक्टर ट्रॉली का हुक टूट गया और ट्रेक्टर से ट्रॉली अलग हो गई। यह सब देख ट्रैक्टर चालक ट्रॉली को मौके पर छोड़कर टैक्टर लेकर फरार हो गया। ऐसे में रानी खेत एक्सप्रेस रेलगाडी आ गई। हादसा होते हुए बच गया अचानक ट्रेन को आउटर पर ही रोकना पड़ा ट्रॉली का रेलवे ट्रैक पर हुक टूटने के बाद अलवर से दिल्ली और जयपुर जाने वाली सभी ट्रेन बाधित हो गई और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जैसे ही इस मामले की सूचना स्टेशन मास्टर सहित आला अधिकारी और कर्मचारियों को लगी जिस पर स्टेशन पर ही गाड़ियों का ठहराव किया गया और मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने रेलवे ट्रैक से क्रेन के माध्यम से ईट से भरी ट्रॉली को मौके से हटाया। ट्रेक को क्लियर किया गया और उसके बाद दिल्ली जयपुर का मार्ग शुरू हुआ।

### राष्ट्रीय स्तरीय कौमी एकता कार्यक्रम 9 एवं 10 मार्च को

**उदयपुर** : राजस्थान सरकार के शांति एवं अहिंसा विभाग द्वारा उदयपुर में 9 एवं 10 मार्च को राष्ट्र स्तरीय कौमी एकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सुपुर्द किए हैं। कार्यक्रम में देश भर से सांप्रदायिक सौहार्द एवं समरसता के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति एवं संस्था प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल एवं आवास व्यवस्था हेतु जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मयंक मनीष एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक को दिशा निर्देश प्रदान किए हैं। इसी प्रकार से सुगम आवागमन हेतु जिला परिवहन अधिकारी कल्पना शर्मा, उद्घाटन एवं प्रशिक्षण सत्रों के आयोजन की व्यवस्था हेतु जिला संयोजक पंकज शर्मा एवं जिला सहसंयोजक सुधीर जोशी, मेडिकल व्यवस्था हेतु सीएमएचओ डॉ शंकर बामनिया, प्रचार प्रसार कार्य हेतु संयुक्त निदेशक (जनसंपर्क) डॉ कमलेश शर्मा आदि को दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं।

### शराब कंपनी के कर्मचारी को गोली मारकर लूट

**सतना** :सतना जिले में आज दो हथियार बंद बदमाशों ने शराब कारोबारी के कर्मचारी को गोली मारकर बाइस लाख रूपये की नगदी लूट ली। पुलिस सूत्रो के अनुसार एक शराब कंपनी के कर्मचारी संजय सिंह कैश वैन से 22 लाख रूपये की रकम जमा कराने सेंट्रल बैंक पहुंचे थे। जैसे ही कैश बैन का गेट खोलकर गाड़ी से रकम से भरा हुआ बैग उतारने की कोशिश की गई उसी दौरान बाइक से आये दो बदमाशों ने गोली मारकर बैग छीन लिया।

## आज का इतिहास

- 1876 : अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलिफोन का पेटेंट हासिल किया।
- 1906 : फिनलैंड में महिलाओं को वोट डालने का अधिकार मिला।
- 1911 : हिंदी के उल्लेखनीय लेखक और साहित्यकार हीरानंद सच्चिदानंद वात्स्यायन का जन्म।
- 1925 : मंगोलिया पर सोवियत रेड आर्मी ने बाहरी कब्जा किया।
- 1949 : भारतीय राजनीतिज्ञ गुलाम नबी आज़ाद का जन्म।
- 1952 : वेस्ट इंडीज के धाकड़ बल्लेबाज विवियन रिचर्डस का एंटीगुआ में जन्म हुआ।
- 1955 : भारतीय अभिनेता अनुपम खेर का जन्म हुआ।
- 1961 : स्वतंत्रता सेनानी गोविंद वल्लभ पंत का निधन।
- 1969 : इजरायल ने गोल्डा मीर को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री चुना। लेवी एशकोल की निधन के बाद उन्हें प्रधानमंत्री बनाया गया।
- 1971 : शेख मुजिब-उर-रहमान ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता का आह्वान किया।
- 1977 : पाकिस्तान में 1970 के बाद पहला आम चुनाव और 1947 में पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के बाद पहली बार असैन्य शासन के तहत चुनाव कराए गए।
- 1985 : एड्स का पहला एंटीबॉडी परीक्षण एलिसा-टाइप टेस्ट शुरू किया गया।
- 1987 : टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन पूरे किए और यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले बल्लेबाज बने।
- 2008 : अंतरिक्ष यात्रियों ने मंगल ग्रह पर झील की खोज की।
- 2009 : नासा ने केप्लर दूरबीन लॉंच की, जो सूरज की परिक्रमा करता है और पृथ्वी जैसे करीब एक लाख सितारों की टोह लेता रहता है। केप्लर दूरबीन मानव जाति के इतिहास की सबसे ताकतवर दूरबीन मानी गई।
- 2010 : अमेरिका की फिल्म निर्देशक कैथरीन बिगलॉ सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला बनीं। उन्हें यह पुरस्कार 2008 में आई उनकी फिल्म 'द हर्ट लॉकर' के लिए दिया गया।

## अलर्ट पर रिम्स व सदर अस्पताल

रांचीः रंग-अबीर व गुलाल का त्योहार होली की मस्ती छाने लगी है। यह भी देखा जाता है कि इस त्योहार में पूजा -पाठ व मस्ती से ज्यादा लोग नशे में डूबे रहते हैं। शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण सैकड़ों की संख्या में लोग घायल होकर अस्पताल पहुंचते हैं। 2022 में रिम्स व सदर अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार, दो दिन में 110 से ज्यादा एक्सिडेंटल पेशेंट अस्पताल पहुंचे थे।

**हाईकोर्ट** हाईकोर्ट के नये निमार्णाधीन भवन को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई

# हाईकोर्ट ने भवन निर्माण विभाग के सचिव और जरेडा के निदेशक को 17 मार्च को किया तलब

राष्ट्रीय खबर



रांचीः धुर्वा स्थित झारखंड हाइकोर्ट के नये निमार्णाधीन भवन को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने 17 मार्च को भवन निर्माण सचिव एवं जरेडा के निदेशक को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने भवन निर्माण सचिव से पूछा है कि धुर्वा में हाईकोर्ट के नए भवन के निर्माण को पूरी होने को लेकर जो समय बताया गया था उसमें देरी हो रही है, इसका क्या कारण है। इससे पहले भवन निर्माण सचिव को जरेडा कि निदेशक के साथ बैठक कर जरेडा को आ रही समस्याओं का निराकरण करने को कहा गया है। साथ ही इस बैठक में जो निर्णय लिए गए उसे शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को अवगत कराने को भी कहा गया है।

दरअसल, जरेडा को हाईकोर्ट के नए भवन में 2000 किलोवाट का सोलर पैनल लगाना है। फरवरी 2023 में सोलर पैनल को लेकर प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। सोलर पैनल लगाने को लेकर राशि का भुगतान समय से नहीं होने से जरेडा को काम करने में कठिनाई हो रही है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक पूछा है कि हाइकोर्ट के नये भवन की अनियमितता मामले की जांच को लेकर सिंगल मेंबर ज्यूडिशियल कमिटी क्यों बनाने का निर्णय लिया गया, जबकि एंटी करप्शन ब्यूरो( एसीबी) से इस मामले की जांच करायी जा रही थी। इस पर राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया की मामले में एसीबी प्रोसीड नहीं कर रही थी , जिस कारण ज्यूडिशियल कमिटी बनाई। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब पर असंतुष्ट ही जताते हुए सरकार को स्पष्ट करने को कहा कि विजिलेंस जांच का निर्णय कब हुआ और निर्णय लेने के पीछे क्या कारण है। राज्य सरकार को इसे शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को अवगत कराने को कहा है।

## झारखड के प्रवासी श्रमिक तमिलनाडु में सुरक्षित

राष्ट्रीय खबर



रांचीः लातेहार, बरवाडीह के पप्पू, संतोष राम, छोटू, प्रभुराम, रमेश भुईयां, सरायकेला-खरसावां के प्रकाश कालिंदी, श्याम सभी प्रवासी श्रमिक तमिलनाडु के कोयंबटूर एवं तिरुपुर के विभिन्न फैक्ट्रीज और कंस्ट्रक्शन साइट्स में सुरक्षित अपने कार्य में लगे हैं। इसी तरह दुमका और रांची के भी प्रवासी श्रमिक अपने कार्य में अन्य दिनों की तरह काम कर रहे हैं। इन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। किसी ने इनके साथ मारपीट नहीं की और ना ही हिंदी भाषी होने पर अपमान का सामना करना पड़ रहा है। परिवार वाले और शुभचिंतक निश्चिंत रहें। हम सुरक्षित हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री के निर्देश पर तमिलनाडु गए श्रम विभाग के प्रतिनिधिमंडल से तिरुपुर, कोयम्बटूर, चेंगुलपेट, कांचीपुरम आदि जगहों में बातचीत के बाद प्रवासी श्रमिकों ने साझा की। प्रतिनिधिमंडल ने सुनिश्चित किया कि सभी श्रमिक सुरक्षित हैं एवं सभी को पारिश्रमिक समय से प्राप्त हो रहा है। तमिलनाडु सरकार द्वारा झारखण्ड एवं अन्य राज्यों के प्रवासी श्रमिकों को हर संभव सहायता प्रदान किया जा रहा है। तमिलनाडु में प्रवासी श्रमिक अधिकतर पलामू, गढ़वा, लातेहार, दुमका, चाईबासा, बोकारो और रांची जिला के हैं। श्रमिकों से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई हुई बात की कि हिंदी भाषियों को यहां के स्थानीय निवासी मार रहे हैं, तथा उनको अपने गृह राज्य वापस जाने की धमकी दे रहे हैं, जिसका अनुसरण नहीं करने पर उनकी हत्या की जा रही है। इस मामले की भी जांच की गई, जिसे निराधार पाया गया। झारखंड सरकार राज्यवासियों से अपील करती है कि सोशल मीडिया में फैलाए जा रहे अफवाहों पर ध्यान ना दें। जिस प्रकार की सोशल मीडिया और सूचना के अन्य माध्यमों से खबरें आई हैं, उसका चेन्नई, इरोड, तिरुपुर, कोयंबटूर जिलों का दौरा कर सत्यापन किया गया। वो निराधार पाया गया। तामिलनाडु में कार्यरत सभी प्रवासी श्रमिक सकुशल हैं। जिनके रिश्तेदार तामिलनाडु में काम करते है, उनसे भी अपील है। घबराएं नहीं। झारखण्ड सरकार सभी प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। और राज्य के प्रवासी कंट्रोल कक्ष के माध्यम से उन्हें मदद और जानकारी पहुंचाई जा रही है।

## रैयतों ने मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की मांग

राष्ट्रीय खबर

रांचीःझारखंड सरकार के पूर्व भू-राजस्व मंत्री टुंडी विधायक सह सचेतक सत्तारूढ़ दल मथुरा प्रसाद महतो ने विधानसभा सत्र के दौरान शून्यकाल में मनातू, चेड़ी व सुकुरहुट्टू में केन्द्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण के लिये अधिग्रहित भूमि के रैयतों का पुनर्वासन एवं पुनरव्यवस्थापन हेतु जल्द से जल्द मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की है। श्री महतो ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन बनकर तैयार है और उसका चाहरदीवारी का काम भी किया जा रहा है परंतु अभी तक रैयतों को मुआवजे की राशि उपलब्ध नहीं कराई 5गई है। केंद्रीय विश्वविद्यालय के द्वारा 139 एकड़ रैयती भूमि अधिग्रहित किया गया है जिसमें से पहला फेज में 15 एकड़ 82 डिसमिल जमीन का मुआवजा राशि दिया जाना था जो अब तक नहीं दिया गया है। यह जानकारी मनातू के समाजसेवी अनूप कुमार महतो ने दी है। अनूप कुमार महतो ने यह भी कहा कि बिना मुआवजा राशि भुगतान विश्वविद्यालय चाहरदिवारी का काम करवा रही है जिससे रैयत किसानों को बहुत दिक्कत हो रहा है।

## अर्बन हाट कैंपस में लगी भीषण आग



राष्ट्रीय खबर

रांचीः गोंदा थाना क्षेत्र स्थित कांके डैम के पास बन रहे अर्बन हाट कैंपस में सोमवार की सुबह अचानक भीषण आग लग गयी। आग इतनी भयानक लगी कि उसकी लपटें दूर-दूर तक दिखायी दे रही थी। इस आगलगी में अर्बन हाट कैंपस में रखे लाखों के पाइप और अन्य सामान जल कर राख हो गये। इसके बाद आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गयी। सूचना पाकर दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जानकारी के मुताबिक, अर्बन हाट कैंपस में लाखों के पाइप रखे थे, जो प्लास्टिक के थे। इसलिए थोड़ी देर में ही आग ने भयावह रूप ले लिया और आग की लपटें दूर-दूर तक दिखने लगी। इससे आसपास के इलाके में रहने वाले लोग दहशत में आ गये। दमकल का गाड़ी घटनास्थल पर पहुंचती, इससे पहले वहां रखे लाखों के सामान जल कर राख हो गये थे। हालांकि घंटों मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया।

## 3900 पुलिसकर्मियों को मिलेगा एएसआई रैंक में प्रमोशन

रांचीः झारखंड पुलिस के 3900 सिपाही रैंक के पुलिसकर्मियों को एएसआई रैंक में प्रमोशन मिलेगा। इन सभी पुलिसकर्मियों का 15 मार्च से पीटीसी प्रशिक्षण शुरू होगा। आईजी ट्रेनिंग ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। झारखंड पुलिस के पांच ट्रेनिंग सेंटर में पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग दी जायेगी। जिनमें जेएपीटीसी पदमा में 1300, सीटीसी मुसाबनी में 1500, जंगल वारफेयर स्कूल में 900, जैप 10 महिला बटालियन में 200 और सभी महिला पुलिसकर्मियों को विस्थापित भवन धुर्वा रांची में पीटीसी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया



राष्ट्रीय खबर

रांचीः जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सहउपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने आज बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोहराबादी, रांची अवस्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मेरी मड़की के अलावा संबंधित कर्मी मौजूद थे। ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बताते चलें कि समय-समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

